3 **बस्तर संभाग**
एनएच 43 सड़क पर धान रोपकर, उमरकोट सड़क...

6 **अभिमत**
संकट में फंसे शी जिनपिंग

10 **संस्कारधानी**
गोल्डी हत्याकांड : फरार चार आरोपी गिरफ्तार, 124...

11 **सियासत**
राज्य सरकार हर कदम पर विद्यार्थियों के साथ : शिवराज

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 26 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 39 मूल्य 3.00 ₹

कोरोना पॉजिटिव मरीज बिना दवा खाये हुआ ठीक

सीएमएचओ के पास जाकर दवाई की वापस

सामाजिक बहिष्कार का हुआ शिकार, गांव के लोगों ने मुन्ना तथा उसके परिवार से बनाई दूरी

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बीते दिनों 22 सितम्बर मंगलवार को कोविड -19 पॉजिटिव बताए गए एक ग्रामीण मरीज सीएमएचओ कोण्डागांव के समक्ष पहुंचकर दवा लौटाने एवं स्वास्थ्य विभाग कोण्डागांव पर जबरन कोविड्ड्ड19 जांचकर, बिना बिमार पडे और बिना किसी परेशानी के बीमार घाषित कर कोविड अस्पताल में भर्ती कर देने का आरोप लगाने का मामला सामने आया है। जिले के तहसील मुख्यालय केशकाल के ग्राम अडेंगा के मुन्ना मरकाम ने जिला मुख्यालय कोण्डागांव पहुंचकर सीएमएचओ के सामने अपनी व्यथा बताते हुए, स्वास्थ्य विभाग को दवा वापिस करने के साथ-साथ अपनी आपबीती बताई।

अस्पताल प्रबंधन ने कोरोना जांच नेगेटिव के बावजूद, जबरिया एम्बुलेंस से भेज दिया जिला अस्पताल : मुन्ना मरकाम ने जानकारी देते कहा कि 28 अगस्त को वह अपने दोस्त के साथ ग्राम अडेंगा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती महिला के लिए खाना पहुंचाने गया हुआ था, मास्क नहीं लगाए होने के कारण वह अस्पताल के बाहर ही खडा रहा, इतने में अस्पताल के डॉक्टर द्वारा उसे बुलाकर, पूर्णतः स्वास्थ्य होने के बाबजूद न तो बुखार था और न ही खांसी-जुकाम फिर भी कोरोना जांच किया गया, वहीं जांच नेगेटिव आने के बावजूद। 5 सितम्बर को अचानक मुन्ना मरकाम के घर के सामने स्वास्थ्य विभाग की एक एम्बुलेंस आकर खडी हुई, और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मुन्ना मरकाम के मना करने के बावजूद उसे कोरोना पॉजिटिव बताकर जिला अस्पताल कोण्डागांव के कोविड अस्पताल में ले जाकर भर्ती कर दिया गया। जहां मुन्ना मरकाम को दवा दी गई लेकिन खुद को स्वस्थ्य पाते व कोरोना के कोई लक्षण खुद में न होने के चलते मुन्ना ने दवा का सेवन नहीं किया। मुन्ना मरकाम ने बताया कि क्वारंटाइन में रहने का निर्देष देते हुए 8 सितम्बर को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।



आखिर क्यों अस्पतालों में जबर्दस्ती भर्ती किया जा रहा कोविड नेगेटिव को भी पॉजिटिव बता कर

इस लापरवाही में बड़ी बात सामने ये आ रही है कि कई स्वस्थ्य व्यक्ति जो कोरोना पॉज़िटिव नही है, उन्हें भी जबरिया कोविड केयर सेंटरों में भर्ती किया जा रहा है।आखिर मंशा क्या है जिम्मेदारों की ये जांच का विषय है। वही मुन्ना मरकाम ने कहा कि न ही वह जांच के दौरान बिमार था। और न ही बाद में इसलिए उसने दवा का सेवन आखिर तक नहीं किया, साथ ही इस विचार से कि उक्त दवा किसी वास्तविक कोविड पेसेंट के काम आएगी, यह निर्णय ले विभागीय अधिकारियों को दवा वापस की साथ ही मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन सहित आमजन को भी अपने साथ हुए बर्ताव को भी मीडिया के माध्यम से अवगत करवाया । ताकि किसी अन्य ग्रामीण के साथ,ऐसा वाकया घटित न हो।

स्वस्थय होने के बावजूद कोरोना पॉजिटिव बताए जाने से मुन्ना के परिवार से ग्रामीणों ने बना ली दूरी

मुन्ना ने आप बीती बताते कहा कि वह सामाजिक बहिष्कार सा दंश झेल रहा है, स्वस्थय होने के बावजूद उसे कोरोना पॉजिटिव बताए जाने से उसके गांव वालों के द्वारा उसके परिवार से दूरी बना ली गई है, जिस हेण्ड पम्प से उसके घर पानी लाया जाता है, उसका उपयोग अन्य ग्रामीणों द्वारा उपयोग किया जाना बंद कर दिया गया है, कुल मिलाकर मुन्ना व उसके परिवारजनों के साथ गांव के लोगों द्वारा अछूतों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। वहीं स्वस्थ होने के बावजूद 5 से 21 सितम्बर तक उसके द्वारा कोई भी काम नहीं किया जा सका, जबकि यह वक्त खेतीबाडी का है। वहीं जब मुन्ना सीएमएचओ को दवा वापस करने पहुंचा तो उन्होंने, एक कर्मचारी को निर्देशित किया कि वह दवा को जला कर नष्ट कर दे।

भले ही बिना दवा के सेवन किए मुन्ना मरकाम स्वस्थ है, लेकिन जांच में उसे कोविड पॉजिटिव बताया जा चुका है, साथ ही उसे दिए दवा को वापस लेकर किसी अन्य मरीज को इसलिए नहीं दिया जा सकता, क्योकि उसमे संक्रमण का खतरा हो सकता है।
-डॉ. टीआर कुँवर, सीएमएचओ, कोंडागाँव

प्रख्यात गायक एसपी बालासुब्रमण्यम नहीं रहे

चेन्नई, (वार्ता)। खनकती एवं सुरीली आवाज से गायकी की दुनिया में अलग पहचान बनाने वाले लोकप्रिय पार्श्वगायक एस पी बालासुब्रमण्यम का शुक्रवार को कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद बालासुब्रमण्यम को पांच अगस्त को यहां के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गाया था। अस्पताल ने आज अपराह्न मीडिया को बताया कि बालासुब्रमण्यम का निधन हो गया। अस्पताल प्रशासन ने कल शाम स्वास्थ्य बुलेटिन जारी करके प्रख्यात गायक की स्थिति अत्यंत खराब होने की सूचना दी थी।

मुख्यमंत्री ने नपं गौरेला और नपं पेन्ड्रा को नगर पालिका का दर्जा देने की घोषणा की

- **राजस्व मंत्री और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दोनो नगर पंचायतों के नागरिकों की भावनाओं से मुख्यमंत्री को कराया अवगत**

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के नवगठित जिले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के नगर पंचायत गौरेला और नगर पंचायत पेण्ड्रा को नगर पालिका का दर्जा देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने इन नगर पंचायतों के भ्रमण के दौरान वहां के नागरिकों की इस संबंध में भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिस पर मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं को देखते हुए इन दोनों ही नगर पंचायतों को नगर पालिका का दर्जा देने की घोषणा की है।

उत्तरप्रदेश के पत्रकारों को सीएम योगी की बड़ी सौगात

कोरोना से मौत पर 10 लाख तथा 5 लाख के स्वास्थ्य बीमा का भी ऐलान

एजेंसी ◂ लखनऊ
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस जैसी महामारी से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जायेगा।

तथा कोरोना वायरस संक्रमण से किसी पत्रकार की मौत होने पर उसके परिजन को दस लाख सरकार रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं राजधानी में नवनिर्मित पंडित दीन दयाल उपाध्याय सूचना परिसर भवन के उद्घाटन के दौरान कीं। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग शासन और प्रशासन के कार्यों को मीडिया तक पहुंचाने के लिये एक सेतु का काम करता है।

उन्होंने कहा, 'किसी भी सरकार के कार्यों का आम जनमानस तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय होता है। शासन का काम योजनाएं बनाना होता है और प्रशासन उसे विभिन्न माध्यमों से आम जन तक पहुंचाता है, लेकिन जनता, शासन और प्रशासन के बीच में एक महत्तवपूर्ण सेतु के रूप में मीडिया की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

कमलनाथ जैसे मुख्यमंत्री का आचार डालेंगे क्या? जो अपने विधायकों का ही नहीं सुनते : शिवराज

पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्य प्रदेश के अशोकनगर में पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया एक साथ मंच पर दिखे। दोनों नेताओं ने अपनी इस जोड़ी तो शिव-ज्योति एक्सप्रेस का नाम दिया। करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद दोनों नेताओं ने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व दिग्विजय सिंह पर जुबानी हमले किए। मुख्यमंत्री चौहान ने अशोकनगर को स्मार्ट सिटी बनाने का ऐलान किया। अगले साल अशोकनगर में कृषि महाविद्यालय खोलने का आश्वासन भी दिया। राजपुर में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, कमलनाथ जैसे मुख्यमंत्री का आचार डालेंगे क्या, जो अपने विधायकों की नहीं सुन रहे थे। इसलिए महाराज ने सरकार को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री चौहान ने पूर्व कांग्रेस सरकार से मिले खाली खजाने पर कहा कि कांग्रेस की नीति, नीयत और नेता ठीक नहीं हैं, इसलिए लक्ष्मीजी उनसे रूठीं थीं। मैं रोने वाला मुख्यमंत्री नहीं हूं, इसलिए खुलेआम बोल रहा हूं।

काले कानूनों के जरिए मोदी सरकार ने किसान और मजदूरों के भविष्य को बर्बाद किया

किसानों, खेतिहर मजदूरों को बर्बाद करने का षड्यंत्र कर रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

वार्ता ◂ जयपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि केंद्र सरकार कृषि सुधार विधेयकों के जरिए खेत और खलिहानों को मुट्ठीभर पूंजीपतियों को बेचने का षड्यंत्र कर रही है। श्री सुरजेवाला ने आज यहां पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार ने तीन काले कानूनों के जरिए किसानों, खेतिहर मजदूरों, छोटे दुकानदारों, मंडी मजदूरों, मुनीमों और छोटे कर्मचारियों की आजीविका पर क्रूर और कुत्सित हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इन काले कानूनों के जरिए मोदी सरकार ने किसान और मजदूरों के भविष्य को बर्बाद करने और उनकी बदहाली की गाथा लिख डाली है। यह किसानों के खिलाफ घिनौना षडयंत्र है। इसके खिलाफ देश के 62 करोड़ किसान और खेतिहर मजदूर, 250 से अधिक किसान संगठन धरना प्रदर्शन करके अपना विरोध जता रहे हैं। श्री सुरजेवाला ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूरे देश को बरगला रहे हैं। अन्नदाता किसान की बात सुनना तो दूर संसद में भी नुमाइंदों की आवाज का गला घोंटा जा रहा है किसान और मजदूरों को बेरहमी से पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद में संविधान का गला घोंटा जा रहा है, खेत खलिहान में मजदूरों किसानों की आजीविका का। देश में कोरोना ने तो सीमा पर चीन ने हमला बोल रखा है। श्री सुरजेवाला ने तीन बिंदुओं पर मोदी पर प्रहार करते हुए कहा कि देश में 1965 में हरित क्रांति की शुरुआत इंदिरा गांधी ने की थी। जिसके तहत 23 फसलों को खरीदने के लिये केंद्र सरकार बाध्य थी। उसी दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया गया, जिन्हें सरकार खरीदकर राशन की दुकान के जरिए गरीबों को सस्ती दरों पर मुहैया करायेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इन विधेयकों के जरिए खेत खलिहान पर ही नहीं बल्कि देश के अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और गरीबों को मिलने वाले सस्ते अनाज पर भी हमला बोला है।

बिहार विस के लिए 28 अक्टूबर से तीन चरणों में मतदान, मतगणना 10 नवम्बर को

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के साये में बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए चुनाव तीन चरणों में 28 अक्टूबर, तीन नवम्बर और और सात नवम्बर को होंगे, जबकि मतगणना 10 नवम्बर को की जायेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बहुप्रतीक्षित बिहार विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव तीन चरणों में 28 अक्टूबर, तीन नवम्बर और सात नवम्बर को होंगे। तीनों चरणों की मतगणना एक ही दिन 10 नवम्बर को होगी। पहले चरण में भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई, खगड़िया, बेगूसराय, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले में मतदान होंगे।

दूसरे चरण में मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल और मधेपुरा जिले में मतदान कराये जाएंगे। तीसरे चरण में पटना, बक्सर, सारण, भोजपुर, नालंदा, गोपालगंज, नवादा, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिले में मतदान होगा। उन्होंने बताया कोरोना संक्रमण के कारण क्वारंटीन में रहने वाले मतदाता या तो पोस्टल बैलट से मतदान कर सकते हैं या फिर वे अंतिम चरण के चुनाव के दिन अपने-अपने मतदान केन्द्रों में स्वास्थ्य अधिकारियों की देखरेख में मतदान करेंगे।

श्री अरोड़ा ने कहा कि ये चुनाव बेहद असाधारण परिस्थितियों में कराये जा रहे हैं और इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी प्रोटोकोल के संबंध में व्यापक इंतजाम किये गये हैं। चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है।

बस्तर में निरीह आदिवासी जनता की हत्या की दोषी है छत्तीसगढ़ सरकार : बृजमोहन

कांग्रेस सरकार आते ही नक्सली हावी हो गए है, बस्तर की जनता को नक्सलियों के भरोसे छोड़ दिया है सरकार ने

■ नक्सल मोर्चे पर सरकार की कोई कारगर नीति नहीं

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश सरकार पर नक्सली मोर्चे पर पूरी तरह असफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आदिवासी जनता की रक्षा करने में पूरी तरह असफल रही है। पूरे प्रदेश में जब नक्सलवाद चरम में था तब भी बस्तर की आदिवासी जनता की इतनी बड़ी संख्या में हत्या नहीं हुई जो अब हो रही है। नक्सल मोर्चे को लेकर इस सरकार की कोई नीति नहीं है। सरकार को दो साल होने को है और यह तय नहीं कर पाई है कि उन्हें नक्सली मोर्चे पर मैदान में लड़ाई लड़नी है या बातचीत करनी है। सरकार के नक्सल मोर्चे पर कोई योजना नहीं होने व इसी नकारा रवैये के चलते ही पूरे बस्तर में नक्सली एक बार फिर सक्रिय हो गए है व अब बस्तर के निरीह आदिवासीजनता की लगातार हत्या कर रहे हैं। पिछले 6 माह में ही 75 से अधिक आदिवासी ग्रामीणों की हत्या नक्सलियों द्वारा की गई है। कांग्रेस की सरकार आते ही नक्सली प्रदेश में हावी हो गए हैं।

अग्रवाल ने कहा है कि सरकार के ढुलमुल रवैये के चलते पूरे बस्तर में नक्सलियों ने आतंक व दहशत का साम्राज्य स्थापित कर लिया है। ग्रामीणों की लगातार हत्या हो रही है। अकेले बीजापुर जिले में इसी महीने 15 से अधिक आम लोगों की नक्सलियों ने हत्या कर दी है और यही स्थिति बस्तर के अन्य जिले में है। रोज नक्सली चुन चुन

कर ग्रामीणों की शासकीय कर्मचारियों की हत्या कर जनता के मन में भय व दहशत का राज कायम कर रहे हैं।सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है । सरकार निरीह आदिवासियों की जान बचा पाने में पूरी तरह असफल है।

अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पहले दिन से ही अपने बयानों में यह स्पष्ट कर दिया था कि वे नक्सली साफ करने व लड़ने नहीं बातचीत से हल निकालने के पक्षधर है , सरकार का नक्सलियों के प्रति साफ्ट रवैय्या रहा है , और नक्सली इसी को देखकर समझ गए कि सरकार ने तो लड़ने से पहले ही उनके सामने सलेण्डर करने की नीति पर है। नक्सली बस्तर के गांवों में जहां आम जनता की व शासकीय कर्मचारी की खुलेआम हत्या कर रहे है। वहीं बस्तर से बाहर धमतरी, गरियाबंद, कवर्धा, राजनांदगांव के अंदरूनी इलाकों, जहां उनके पैर उखड़ गए थे। बल्कि पूरी तरह इनका सफाया हो गया था अब वहां पर भी फिर अपनी सक्रियता लगातार बढा रहे हैं।

अग्रवाल ने कहा है कि बस्तर में जेल में बंद आदिवासियों को छोड़ने कांग्रेस ने खूब हो हल्ला मचाया, आज उसको जेल से छोड़ने के बजाय प्रशासन गरीब आदिवासियों को प्रताड़ित कर जेल में डाल रही है। और इसको लेकर पूरे बस्तर में जगह-जगह पुलिस प्रशासन व सरकार के खिलाफ आदिवासी रैली निकालकर जंगी प्रदर्शन भी कर रहे हैं। आदिवासी जनता एक तरफ सरकार से प्रताड़ित हो रही है वहीं दूसरी ओर नक्सली उनकी हत्या कर रहे हैं।

अग्रवाल ने कहा कि जेलों में बंद निरअपराध आदिवासियों को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए व नक्सली के दबाव में शासन प्रशासन को रहने के बजाय नक्सल विरोधी कठोर निर्णय लेते हुए नक्सली उन्मूलन के दिशा में कार्य करें व नक्सलियों को छत्तीसगढ़ छोड़ने दबाव में रखे। बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ आम जनता में जो माहौल तैयार हुआ था उसे पुर्नःजिवित करते हुए नक्सली गतिविधियों पर रोक लगावे।

गोबर खरीदी की चौथी किश्त का भुगतान

मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों और मजदूरों के हितों का संरक्षण हमारी प्रतिबद्धता

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को वीडियों कांफ्रेसिंग से गोधन न्याय योजना के तहत प्रदेश के 83 हजार 809 गौपालकों और गोबर विक्रेताओं को चौथी किश्त के रूप में 8 करोड़ 2 लाख रुपए की राशि का आनलाइन भुगतान सीधे संबंधितों के खातों में किया। चौथे किश्त की यह राशि 1 सितंबर से 15 सितंबर तक राज्य के 3122 गौठानों में क्रय किए गए 4 लाख एक हजार 475 क्विंटल गोबर की खरीदी के एवज में की गई है। इस योजना के तहत अब तक कुल 20 करोड़ 72 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। योजना का अधिकतम लाभ प्रदेश के गरीबों, भूमिहीनों और गौ-पालकों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, प्रदेश सरकार अपने वायदे को पूरा कर रही है। किसानों, गरीबों और मजदूरों के हितों का संरक्षण हमारी प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि,हमने कर्ज माफी से लेकर धान खरीदी, सिंचाई कर की माफी, बिजली बिल को हाफ किए जाने के वादे को पूरा करने के साथ ही राज्य के किसानों और गरीब तबके लोगों के बेहतरी के लिए अनेक अभिनव योजनाएं शुरू की हैं। राजीव गांधी किसान योजना और गोधन न्याय योजना के जरिए किसानों और ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर केन्द्र सरकार की ओर से कृषि से संबंधित तीन अध्यादेशों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि, यह तीनों कानून किसानों और आम लोगों के हित में नहीं है। इससे किसान, कृषि मजदूर के साथ-साथ आम लोगों की भी आजीविका प्रभावित होगी। जमाखोरी, कंटेक्ट फार्मिंग और निजी मंडी की व्यवस्था शुरू होने से बहुत बड़ा नुकसान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि,गोधन न्याय योजना के तहत हितग्राहियों को 15-15 दिवस में राशि भुगतान के वायदे को सरकार पूरा कर रही है। अब तक 20 करोड़ 72 लाख रुपए की राशि बीते चार पखवाड़ों में क्रय किए गए गोबर के एवज में दी जा चुकी है। इससे गरीब ग्रामीणों और पशुपालकों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। वर्तमान समय में गौठानों में तीस हजार क्विंटल वर्मी कंपोस्ट खाद का उत्पादन हुआ है, आने वाले समय में इसकी मात्रा और बढ़ोत्तरी होगी। वर्मी खाद के विपणन की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में गौठान निर्माण का लक्ष्य तथा सभी गौठानों में गोबर खरीदी हो, इसकी व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य किसानों की बेहतरी के काम करने के मामले में देश का मॉडल राज्य है।

प्रदेश सरकार किसानों के साथ है। गोधन न्याय योजना को उन्होंने देश की अभिनव योजना बताते हुए कहा कि इसके जरिए हमने समाज के गरीब तबको के साथ-साथ पशुपालकों को आर्थिक रूप से मदद पहुंचाने का काम किया है। गौठानों में क्रय किए जा रहे गोबर से वर्मी खाद का निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य जैविक खेती की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम गीता ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से गोधन न्याय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय राजेश तिवारी और रूचिर गर्ग, मुख्य सचिव आरपी मंडल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परेदशी, सचिव सहकारिता आर. प्रसन्ना, संचालक कृषि नीलेश क्षीरसागर, उप सचिव सौम्या चौरसिया सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

मेडिकल ऑक्सीजन के सुलभ वितरण, परिवहन के लिए राज्य स्तरीय 'मेडिकल ऑक्सीजन कंट्रोल कक्ष' बनाया गया

■ जिला स्तरीय कंट्रोल कक्ष भी गठित होगा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में संचालित अस्पतालों में मेडिकल ऑक्सीजन के सुलभ वितरण और परिवहन सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय 'मेडिकल ऑक्सीजन कंट्रोल कक्ष' बनाया गया है। इसके बनने से कोविड पीड़ित मरीजों को आसानी से आक्सीजन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा।

स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव सी आर प्रसन्ना द्वारा इस संबंध में आज आदेश जारी किए गए। जिला स्तर पर भी मेडिकल ऑक्सीजन कंट्रोल कक्ष'का गठन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय 'मेडिकल ऑक्सीजन कंट्रोल कक्ष' प्रदेश मे संचालित अस्पतालों में मेडिकल ऑक्सीजन की आवश्यकता की नियमित निगरानी करते हुए उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे । यह कंट्रोल रूम मेडिकल आक्सीजन के परिवहन में यदि अंतर्राज्यीय परिवहन में कोई समस्या आती है तो भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सेन्ट्रल कंट्रोल रूम से समन्वय कर समस्या का निराकरण भी करेंगे। राज्य स्तरीय समिति में के डी कुंजाम, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, वेदव्रत सिरमौर संयुक्त आयुक्त परिवहन विभाग, प्रवीण शुक्ला वाणिज्य एवं उद्योग ,हिरेन पटेल खाद्य एवं औषधि प्रशासन और डॉ वाई के शर्मा स्वास्थ्य सेवाएं सदस्य हैं।

जिला स्तरीय समिति ,जिले स्तर पर मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता एवं निरंतरता सुनिश्चित करेगी और किसी प्रकार की कठिनाई होने पर राज्य स्तरीय समिति से समन्वय कर उसे दूर करेगी। जिला दंडाधिकारी द्वारा महाप्रबंधक उद्योग,क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,सहायक औषधि नियंत्रक या औषधि निरीक्षक की समिति गठित कर जिला मेडिकल ऑक्सीजन कंट्रोल कक्ष बनाया जाएगा।

शराब कोचिए के दीवान से निकला 350 बोतल शराब

■ शराब कोचिए के दीवान से निकला 350 बोतल शराब, बेचने लाया था चार गुना दाम पर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन के कारण पूरे जिले में शराब की दुकानें बंद है और इसी की फायदा उठाने के इरादे से ईदगाहभाठा क्षेत्र में शराब कोचिए अमीन शेख ने दीवान के अंदर 350 बोतल गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब को चार गुना अधिक कीमत में बेचने के लिए छिपाकर रखा हुआ था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने छापामार आरोपी और शराब को जप्त कर लिया है। आबकारी विभाग ने ईदगाह भाठा स्थित एक मकान में अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मुखबिर से मिलने पर विभाग के अफसर ग्राहक बनकर खरीदने के लिए पहुंच गए। शराब कोचिये आरोपी अमीन शेख ने उसे अपने घर पर ले गया और शराब देने के लिए दीवान को खोला तो अफसर चौक गए। क्योंकि उसके अंदर 350 बोतल गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब थे। जैसे ही अमीन शेख ने शराब देते हुए पैसे की मांग करने लगा तभी आबकारी विभाग के अन्य अफसर अंदर आ गए और दीवान के अंदर रखे शराब और कोचिए को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अमीन शेख ने बताया कि वह लॉकडाउन से पहले इन बोलतों को खरीदा था ताकि वे चार गुना कीमत में बेचकर अच्छी खासी रकम कमा सकें।

रायपुर। लाकडाउन के चौथे दिन भी आज शहर के चौक चौराहे सुनसान रहे। सड़कों पर वीरानी का आलम था।

बदलते मौसम में साइनस की परेशानी : डॉ. गुप्ता

■ कोरोनावायरस ही नहीं, सामान्य सर्दी जुकाम भी हो सकता है खतरनाक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

बदलते मौसम के साथ सर्दी-जुकाम की समस्या होना आम बात है, परंतु लगातार यह समस्या बनीं रहती है तो साइनस (साइनासाइटिस) बीमारी का खतरा हो सकता है। साइनस नाक की हड्डी बढ़ जाने की वजह से होती है। यदि सर्दी-जुकाम, सिरदर्द की समस्या कई माह से लगातार परेशान कर रही है तो साइनस बीमारी को लेकर सतर्क होने की जरूरत है। क्योंकि सामान्य सर्दी-जुकाम दो से चार दिनों में दूर हो जाता है, परंतु साइनस के मरीजों को लगातार सर्दी-जुकाम की समस्या परेशान करती रहती है।

साइनस आम सर्दी जुकाम से शुरू होकर बैक्टीरियल, वायरल या फंगल संक्रमण के रूप में विकसित हो जाता है। इस रोग में नाक की हड्डी भी बढ़ जाती है या तिरछी हो जाती है, जिसकी वजह से सांस लेने में परेशानी होती है। जो व्यक्ति इस रोग से ग्रसित होते हैं उन्हें ठंडी हवा, धूल, धुआं आदि में परेशानी महसूस होती है। समय पर इलाज मिल जाए तो बीमार व्यक्ति को राहत मिल सकती है।



साइनस को भी हल्के में ना लें - ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुप्ता का कहना है साइनस की बीमारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। कई बार व्यक्ति सर्दी-जुकाम और सिरदर्द को सामान्य समझता है, जबकि व्यक्ति साइनस से पीड़ित होता है। कई लक्षणों को देखकर बीमारी को पहचाना जा सकता है। जैसे-सिर दर्द, नाक में भारीपन महसूस होना, नाक में सूजन, खांसी और चेहरे पर सूजन, लंबे समय से खांसी रहना, कान में दर्द होना, चिड़चिड़ापन, ऊपरी जबड़े या दातों में दर्द महसूस होना, रात के वक्त खांसी का बढ़ना, थकान होना, मिचली आना, नाक बहना, गले में खराश होना आदि। ये लक्षण दिखने पर डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

हो सकती है परेशानी - चिकित्सकों के अनुसार व्यक्ति जब किसी तरह के वायरस या बैक्टीरिया के संपर्क में आता है तो उसे एक्यूट साइनस हो सकता है। नाक में सूजन और दर्द होना मुख्य रुप से नाक के छिद्रों के आसपास कोशिकाओं में सूजन आने की वजह से होता हैढ्ढ इसके अलावा नाक का बंद होना और सांस लेने में दिक्कत होना भी साइनस का एक प्रकार है। इसी तरह धूल के कणों, पालतू जानवरों के संपर्क से एलर्जी होना भी साइनस बीमारी लक्षण हो सकते हैं।

इनका रखें ध्यान- साइनस के दर्द से राहत पाने के लिए पर्याप्त आराम करना, अच्छी नींद लेना, स्वच्छता रखना, हाथों की सफाई पर ध्यान देना, प्रदूषण या धूलकण से बचना, स्वच्छ वातावरण में रहने की कोशिश करना, ऊपरी श्वसन प्रणाली के संक्रमण से बचना, सर्दी-जुकाम वाले लोगों के संपर्क से बचना, ज्ञात एलर्जी वाली चीजों से बचना, धूम्रपान से बचना और भाप लेना बेहद जरूरी है।

कुछ दिनों से है सर्दी-जुकाम, तो कोविड की जांच पहले कराएं- कोरोनावायरस संक्रमण में भी सर्दी-जुकाम और सिरदर्द की समस्या होती है। राजधानी के ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश गुप्ता का कहना है बदलते मौसम और बरसाती मौसम में साइनस की समस्या परेशान करती है। यदि कुछ दिनों से ही व्यक्ति सर्दी-जुकाम से परेशान है तो, उसके कोविड-19 पॉजिटिव होने की प्रबल संभावना हो सकती है।

इसलिए ऐसे व्यक्ति को सबसे पहले कोविड की जांच करानी चाहिए। परंतु सर्दी-जुकाम की परेशानी लंबे समय से (कई महीनों से) लगातार बनीं हुई है तो साइनस की समस्या हो सकती है।

25 वर्षों तक मिलेगी बिजली, प्रदेश के लिए बड़ी हितकारी

400 मेगावाट सोलर पावर क्रय करने एनएचपीसी और विद्युत वितरण कंपनी के मध्य अनुबंध

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पावर हब ऑफ इंडिया और जीरो पावर कट स्टेट के नाम से देशभर में जाना जाने वाला राज्य छत्तीसगढ़ आगामी अनेक वर्षों तक बिजली के मामले में सरप्लस बना रहेगा। राज्य सरकार की भी सोच है कि प्रदेश में उपभोक्ताओं को सस्ते दर पर सहजता पूर्वक बिजली की आपूर्ति हो सके। इस सोच को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए आज 400 मेगावाट सोलर पावर खरीदने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और नेशनल हाइड्रो पावर कॉरपोरेशन के मध्य अनुबंध का निष्पादन किया गया।

कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में एक सादे कार्यक्रम में अनुबंध पत्र पर

विद्युत वितरण कंपनी की ओर से मुख्य अभियंता श्री मनोज खरे एवं एनएचपीसी के महाप्रबंधक एस पी राठौर ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता श्री अजय कुमार सिंह ,सहायक अभियंता श्री टी एन बंछोर तथा एनएचपीसी के सीनियर मैनेजर श्री नरेश बंसल उपस्थित थे। इसअनुबंध निष्पादन से लगभग 25 वर्षों तक सोलर पावर की आपूर्ति छत्तीसगढ़ वितरण कंपनी को एनएचपीसी करेगी।

छत्तीसगढ़ की आर्थिक सुदृढ़ता को बढ़ाने की दृष्टि से यह अनुबंध अत्यंत ही फायदेमंद सिद्ध होगा। करीब 2.62 रुपए प्रति यूनिट की दर से सोलर पावर की खरीदी की जाएगी।इस दर पर कम्पनी को दीर्घावधि तक मिलने वाली 400 मेगावाट सोलर बिजली प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद रहेगी। आर्थिक दृष्टि से लाभकारी सोलर पावर की मांग देशभर में बढ़ रही है इसे दृष्टिगत रखते हुए कम्पनी ने कम दर पर बिजली पाने कारगर कदम उठाए हैं।

स्मार्ट टीवी से पढ़ाई बच्चों की शिक्षा की अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

करोना के चलते बच्चों की शिक्षा के लिए राज्य शासन और शिक्षकों द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के नक्सल प्रभावित आदिवासी क्षेत्र मोहला विकास खण्ड के अंतिम छोर पर स्थित पाटनखास संकुल के 13 स्कूलों में संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी ने डिजिटल क्लास का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति मोहल विकासखण्ड की प्रगति दूसरों के लिए अनुकरणीय है। अब यहाँ के बच्चे स्मार्ट टीवी (स्मार्ट क्लास) डिजिटल स्कूल के माध्यम से पढ़ाई करेंगे। यहां स्कूलों के शिक्षकों ने स्मार्ट टीवी उपलब्ध करा के बच्चों को डिजिटल शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा उठाया है। डिजिटल स्कूल में टीवी में मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई होगी। इस क्लास में किसी भी तरह का कोई सिंग्नल की जरूरत नहीं पड़ेगी, मोबाइल से कनेक्ट कर बच्चों को खेल-खेल में भी शिक्षक पढ़ाई करवाएंगे।

मोहला विकासखण्ड में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 280 स्कूल संचालित हैं। अभी यहां के 137 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में टीवी के माध्यम से पढ़ाई की शुरुआत हो चुकी है। पाटनखास के शासकीय स्कूलों में बच्चों को डिजिटल पढ़ाई के लिए स्थानीय सरपंच, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण और शिक्षकों के आर्थिक सहयोग से स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराया गया है। पाटनखास की सरपंच श्रीमती इंदिया कोमरे और पाटनवाड़वी सरपंच श्रीमती जंत्री बाई पोरेटी ने 6 स्कूलों के लिए 18-18 हजार रुपए, मोहला सरपंच सरस्वती ठाकुर ने 6 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। शेष राशि का सहयोग शिक्षकों द्वारा किया गया।

संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी ने इस अवसर पर शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए बधाई दी। स्मार्ट क्लास के रूप में शिक्षा का स्तर लगातार सुधारा जा रहा है। शाह ने कहा कि इस आदिवासी क्षेत्र के बच्चे जिला, प्रदेश और दूसरे प्रदेश में पढ़ने जा रहे हैं, जो इस नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए सुखद खबर है।

एनएच 43 सड़क पर धान रोपकर, उमरकोट सड़क की गुणवत्ता पर उठाया सवाल

■ जगह-जगह धंसने लगी निमार्णाधीन मदार्पाल सड़क

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय नौजवान सभा कोण्डागांव के सदस्यो व ग्रामीणों ने उमरकोट सड़क पर धान रोपकर, सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिनों पूर्व ही सीपीआई कोण्डागांव के कम्युनिष्टों द्वारा जगह-जगह धंसने लगी निमार्णाधीन मदार्पाल सड़क पर पौधारोपण कर, निमार्णाधीन मदार्पाल सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान उक्त मामले की ओर उठाने का प्रयास किया गया था। इसी तर्ज पर जिला मुख्यालय कोण्डागांव से उमरकोट ओडिसा तक बनाई गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर ग्राम मालगांव के समीप सड़क के विगत लंबे समय से अत्यंत जर्जर हुए होने पर भी संबंधित लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने और वहीं ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण किए जाने के कारण कुछ साल में ही सड़क के जर्जर हो जाने जैसे मामलों की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के उद्देष्य से अखिल भारतीय नौजवान सभा कोण्डागांव के सदस्यों द्वारा 23 सितम्बर को जर्जर और पानी भरे सड़क के गड्ढे में धान का रोपा लगाया गया। सड़क निर्माण की गुणवत्ता और जर्जर होते जा रहे सड़कों की ओर ध्यानाकर्षण किए जाने के उक्त कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय नौजवान सभा कोण्डागांव के जिला अध्यक्ष भीषम मरकाम, जिला सचिव जयप्रकाष नेताम, दिनेश मरकाम, लक्ष्मण महावीर, नन्दुलाल, श्याम मरकाम, धनसिंह, फगनू पोयाम, शिवलाल, शामूराम, रामाराम, बुधराम, लखेष्वर, रामेष्वर, चैतराम, बैजू, लखी, पुष्पेंद्र, बजनाथ सहित मेहती, सुकली, कुमारी आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिला मुख्यालय कोण्डागांव से उमरकोट ओडिसा तक बनाई गई अंतराजीय मार्ग के बारे में नौजवान सभा के नौजवानों ने बताया कि उक्त सड़क को ठेकेदार द्वारा कई स्थानों पर अपूर्ण ही छोड़ दिया गया था, और जिसे पूरा कराने संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा केवल इसलिए नहीं की जा सकी क्योंकि उक्त ठेकेदार एक राजनीतिक दल में उंची पहुंच रखने वाला रसूखदार ठेकेदार था। और उक्त रसूखदार ठेकेदार द्वारा इस सड़क का निर्माण अन्य ठेकेदारों को पेटी ठेका देकर जैसे तैसे पूरा कराया जा सका था, ऐसे में इस सड़क के गुणवत्तापूर्वक बनाए जाने का तो प्रश्न ही नहीं उठता है। वहीं समय से पहले जर्जर हो गई सड़क के जर्जर होने की बात कहकर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पुनः मरम्मत के नाम पर बडी-बडी राशियों का आहरण कर लिया गया। और जगह-जगह पेच वर्क कराकर खानापूर्ति करने के साथ ही सार्वजनिक धन का दुरुपयोग कर लिया जाता है। अखिल भारतीय नौजवान सभा कोण्डागांव द्वारा हर ऐसे मामले में दखल देकर अब आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

बेवजह वाहनों में घूम रहे लोगों पर होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा लॉकडाउन लगाई गई है तथा लॉकडाउन का सख्ती से पालन करवाने हेतु इस बार कुछ सख्त नियम भी जारी की गई है। जिसके परिप्रेक्ष्य में लगातार किरंदुल नगरपालिका द्वारा शहर में अनाउंसमेंट कर लोगों को घर मे ही रहने की अपील की जा रही तथा तथा दो चक्का वाहनों में बेवजह घूम रहे लोगों पर लगाम लगाने 1000रु. का चालान कर 15 दिन के लिए वाहन जप्त कर कार्यवाही करने की चेतावनी दी जा रही है।

विधायक प्रतिनिधि ने किया सोलर हाई मास्ट का भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव विधायक व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम लगातार अपने क्षेत्र के विकास के लिए कोरोना संक्रमण काल में भी वे लगातार प्रयासरत है। इसी तारतम्यता मे उन्होंने अपने प्रयासो से क्षेत्रवासीयो की मांग और उनकी मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण करने के लिए विभिन्न योजनाओं से स्वीकृति कार्य जिसकी लागत लगभग करोड़ों के गांव गांव में हाईमास्ट सोलर से रोशन हो रहा है। जिससे गाँव की शोभा बढ़ा रहे है, जिसका भूमिपूजन विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र राठौड़ द्वारा किया गया।

विधायक प्रतिनिधि गजेन्द्र राठौर ने बताया कि ग्राम पंचायत शामपुर, मारागांव, करमरी, मांझीबोरण्ड, माकड़ी, तमरावन्ड आदि माकड़ी ब्लॉक के कई ग्रामों में करोड़ों की लागत से सोलर हाईमास्ट क्रेडा विभाग द्वारा लगाया जा रहा है। जिससे गांव को रोशनी के साथ-साथ जगमगा रहा है। और ग्रामीणों को रात्रि आवागमन में भी सुविधा हो रही है, ग्राम पंचायत भी शोभायमान हो रहा है, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाएं किया जा रहा है जिसमें यह भी एक प्रमुख कार्य है।

सोलर हाई मास्क लगने से ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पिंकी राठौर सभापति जनपद पंचायत माकड़ी, टोकेश्वरी नेताम सरपंच, सुकली पोयम, शंभू पटेल, मंगू राम मरकाम, अनंतराम बघेल, सत्येंद्र सिंह ठाकुर, निरंजन वैष्णव, शुभम पांडे, पितांबर दास मानिकपुरी, हेमेंद्र ठाकुर, जागेश्वर मरकाम, लक्ष्मण मरकाम, पंचू मरकाम, परेश्वर ठाकुर, रमेश पटेल, राजेंद्र नेताम, शुकली पोयाम, कंचन सोरी, दलसिंह सोरी, नंदलाल नेताम आदि उपस्थित रहे।

लाखों के बायो चलित शौचालय को अबूझमाड़ में भगवान भरोसे छोड़ा प्रशासन ने

■ चलित शौचालय की पानी टंकिया हुई गायब

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के नेडनार , कस्तूरमेटा , मोहन्दी , मेटानार , कोहकामेटा ग्राम पंचायतों में लाखो रुपये की लागत के चलित बायो शौचालय जिला प्रशासन द्वारा आनन फानन में ले जाकर छोड़ दिया है जहां पानी के लिए भी ग्रामीणों को दो चार होना पड़ता है तो कैसे ग्रामीण इन चलित शौचालय का उपयोग शौच के लिए करेंगे ये एक बड़ा सवाल है । जबकि इन इलाकों में ग्रामीणों के घरों में शौचालय का निर्माण कराया जा सकता है तो चलित शौचालय ग्रामीणों के लिए भेजा जाना कई सवाल खड़े कर रहा है । वही एक चलित शौचालय की कीमत 6 लाख रुपये बताई जा रही है माड़ के एक ग्राम पंचायत में 5 से 6 चलित शौचालय छोड़ा गया है 36 लाख रुपये के शौचालय ऐसे इलाको में छोड़ना जहां पानी के लिए ग्रामीणों को दो चार होना पड़ता है कैसे वहां ये शौचालय उपयोग में लाये जाएंगे । वही कस्तूरमेटा ग्राम पंचायत में 6 चलित शौचालय छोड़े गए है जिनके पानी की टंकिया गायब है जिन्हें नक्सलियों द्वारा ले जाने की आशंका जताई जा रही है ।वही एक चलित शौचालय में नक्सलियों ने नारे लिखा है । इस पूरे मामले पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन राज्य सरकार पर जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग करने व लाखो के चलित शौचालय कबाड़ होने के लिए दूरस्थ पंचायतों में छोड़ने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि माड़ में चलित शौचालय भेजना शासन प्रशासन राशि का सिर्फ दुरप्रयोग है जिसकी हम घोर निंदा करते है ।

भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल की जयंती

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय कोंडागांव में पंडित दीनदयाल उपाध्यय की जयंती मनाई गई। जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री लता उसेण्डी, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, व जितेन्द्र सुराना ने कार्यकताओं के समक्ष उनकी जीवनी में प्रकाश डाला। 25 सितंबर इतिहास के पन्नों में काफी अहमियत रखता है। आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती है। वर्ष 1916 में आज ही के दिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जन्म मथुरा में हुआ था। उन्होंने देश को एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी और कहा कि दुनिया को पूंजीवाद या साम्यवाद नहीं, बल्कि मानववाद की जरूरत है। वो राजनेता होने के साथ-साथ एक पत्रकार और लेखक भी थे। 14 तारीख से लगातार भाजपा कोन्डागाव के द्वारा सेवा सप्ताह के रुप मे प्रारम्भ किया गया है, जिसमे कोन्डागाव मे लगातार 11दिन से सफ़ाई अभीयान के तहत 11 वार्ड मे सफ़ाई अभीयान हो चुका है, ओर आगे भी 2अक्टुबर तक बचे 9 वार्ड में भी किया जायेगा।

पंडित दीनदयाल जयंती के शुभअवसर पर कोंडागांव डिजिटल ईबुक का विमोचन सभी कार्यकताओं के समक्ष किया गया। जो कुछ ही दिनों में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के वेबसाइट में सभी को देखने को मिलेगी जिसे भाजपा आईटी के प्रभारी प्रतोष त्रिपाठी एवं उनकी टीम ने स्वयं तैयार किया है। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, प्रेमसिंह नाग, जीतेन्द्र सुराना, बालसिंग बघेल, जैनेन्द्र ठाकुर, दयाराम पटेल, दिलीप दीवान, अंकुश जैन, ललित देवांगन, लक्ष्मी ध्रुव, सोनामणी पोयाम, मोहेतेस्वरी पटेल, सन्गीता चक्रधारी, विनय राज, झुमुक नाग, निखिल विश्वास, तिमिर प्रकाश, पोलटू चौधरी, संतोष मरकाम, भरत जैन, मीनु कोर्राम, दयाशंकर दीवान, पनकु राम, विमान हलधर, जयहिन्द भारत, गणु पोयाम, विस्वजीत बिक्की पटेल, साथ ही शहर मंडल के अलावा उत्तर और दक्षिण मंडल के अन्य कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

नारायणपुर के मरीजों को रायपुर एवं जगदलपुर जैसे बड़े अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी

जिला अस्पताल नारायणपुर में चालू हुई कैंसर की सर्जरी

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल हमेशा ही संसाधनों, कार्यरत डॉक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों की कमी के साथ ही साथ अपने अवस्थाओं को लेकर चर्चा का विषय बना रहता है। वर्तमान कोविड-19 महामारी में जहां कुछ प्राइवेट हॉस्पिटल के चिकित्सक कोविड आपदा को अवसर बनाने मे लगे हुए है तथा कुछ प्राइवेट चिकित्सक तो सामान्य बीमारी के मरीज को भी भर्ती नहीं करना चाहते हैं।

वही इस कोविड-19 महामारी के दौरान जिला चिकित्सालय नारायणपुर समान्य मरीजों के साथ साथ कैंसर जैसे जटिल बीमारियों के लिए भी राहत का केंद्र बना हुआ है। जिला अस्पताल नारायणपुर में पहले से ही स्तन कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी(कैंसर की दवाई) जा रही है जिला चिकित्सालय नारायणपुर में कैंसर की सर्जरी चालू करते हुए पहली बार ब्रेस्ट कैंसर की सफल सर्जरी दिनाक 21 सितंबर को डॉ.आदित्य केक्ती (सर्जन)के द्वारा की गई है। अब स्तन कैंसर के मरीजों का संपूर्ण इलाज जिला अस्पताल नारायणपुर में ही संभव हो गया है इस कारण अब नारायणपुर के मरीजों को रायपुर एवं जगदलपुर जैसे बड़े अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

उन्होंने बताया कि 22 वर्षीय युवती को दोनों स्तनों में फय्ल्लोडेस कैंसर की गठान(क्द्ध4द्यद्यश्द्ब ज्ञ्द्धद्बश्ड्ढह्य) की शिकायत थी तथा बाएं स्तन की गठान दर्द के साथ आकार में शीघ्रता से बढ़ रही थी तथा गठान का आकार लगभग 10*10 हो गया था। जिसके कारण मरीज के बाएं स्तन को काटकर निकाला गया है तथा दाँए में स्तन केवल कैंसर की गठान को निकाला गया है।

डॉ.आदित्य केक्ती (सर्जन) ने बताया कि फय्ल्लोडेस ट्यूमर प्रायः बिनाइन होता है एवं शरीर के अन्य अंगो मे फैलता नहीं है परंतु आकार में तीव्रता से बढ़ता है, तथा ऑपरेशन करके निकालने के पश्चात भी स्तन के बचे हुए ऊतको मे दोबारा होने की संभावना होती है। उपरोक्त ऑपरेशन में सर्जन -डॉ.आदित्य केक्ती के साथ सहायक सर्जन -डॉ. किशोर साहू, ऐनिस्थीसिया विशेषज्ञ - डॉ.जगदीश मधुकर कलभोर,नर्सिग अधिकारी- कुमारी पूनम, वार्ड बॉय -लिंगा सम्मिलित हुए।

किरंदुल भाजपा मंडल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया

किरंदुल। विश्व को एकात्म मानववाद का संदेश देने वाले महान राजनेता और गरीबों के कल्याण के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल के कार्यकताओं ने इस बार घर पर मनाया। मंडल अध्यक्ष सिंगासन गुप्ता संजीव दास ने कहा कि कोरोना काल में सावधानी व नगर में धारा 144 लागू होने के कारण सभी कार्यकताओं को अपने अपने घर पर रहकर कार्यक्रम करने का अनुरोध किया गया था। इसी वजह से इस बार सार्वजनिक कार्यक्रम छोड़, घर पर कार्यक्रम किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित किया। वो द्वि राष्ट्रवाद के खिलाफ थे। उन्होंने अखंड भारत की कल्पना की थी।

कुडंममारी सरपंच ने उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लेकर बीएमओ से की लिखित शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला में एक ओर जहां नगरीय क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण अपने पैर पसार रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए पूरा स्वास्थ्य अमला भरसक प्रयास कर रहा है। वहीं दूसरी ओर केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुँएमारी के उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा कार्यों में कोताही बरती जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केशकाल विकासखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम कुडंममारी के उप स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर व स्टाफ नर्स द्वारा लगातार अनुपस्थित रहते हैं, जिसकी वजह से अस्पताल आने वाले स्थानीय मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए कुडंमारी के सरपंच ने केशकाल पहुंच कर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके बिसेन को लिखित रूप से शिकायत कर अनुपस्थिति कर्मचारियों को नियमित रूप से अस्पताल आने व जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी करने हेतु निवेदन किया है।

सिलेंडर से भरा हुआ ट्रक पांच गिरफ्तार

प्रतिस्पर्धा गैस एजेंसी के संचालक के नाबालिग बेटे ने बनाई थी योजना

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

23 सितंबर को सायं प्रार्थी संतराज कुमार पिता भुनेश्वर प्रसाद द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रवि गैस एजेंसी भिलाई का ट्रक चलाता है कि दिनांक 22.09.2020 को भारत गैस कंपनी का 450 गैस सिलेण्डर अपनी टाटा ट्रक क्र. छत्त07 ब्रह्म 3413 में भरकर जय अम्बे बीपी गैस एजेंसी विश्रामपुर जिला सूरजपुर जा रहा था। कि रात्रि करीबन 03.30 बजे ग्राम चंदेरी के पास एक डस्टर वाहन सिल्वर कलर द्वारा जिसमें 04 लोग सवार थे, मेरे वाहन को ओवरटेक कर रोका गया। इसके बाद मुझे नीचे उतारकर डस्टर सवार एक आरोपी ट्रक में सवार हो गया तथा मुझे चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुये अपनी डस्टर वाहन में बैठा लिया।

इसी बीच ट्रक एवं डस्टर वाहन को आरोपियों द्वारा बहुत ही तेजी गति से चलाकर बिलासपुर की ओर भागने लगे। इसी बीच ग्राम किरना (सरगांव के पास) के पास साईड से आ रही एक अन्य टैकर गाडी से डस्टर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वाहन में बैठे सभी व्यक्ति घायल हो गये। तब मैं मौका देखकर गाडी से उतरकर पास ही खड़े एक अन्य गैस सर्विस की गाड़ी से बैठकर भोजपुरी टोल नाका गया तथा घटना के संबंध में पूरी जानकारी अपने सांथ काम करने वालों को बताया। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध क्र. 307/2020 धारा 341,363, 392,34 भादवि पंजीबद्ध किया गया।

घटना की सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री आई.के.एलेसेला को देकर तथा उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा के बी द्विवेदी के नेतृत्व में निरीक्षक नरेश चौहान थाना प्रभारी सिमगा एवं उपनिरी रोशन राजपूत थाना प्रभारी सुहेला के नेतृत्व में पुलिस टीम को आरोपियों की धरपकड़ हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंच हालात का निरीक्षण किया गया। दुर्घटना के बाद आरोपीगण डस्टर वाहन को वही छोड़कर भाग गये थे। जिसमें डस्टर वाहन तथा आसपास निवासरत लोगो से घटना के संबंध में पतासाजी किया गया। जिसमें आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग एवं जानकारी हासिल होने पर आरोपीगणों का चिन्हाकन कर

सिमगा नेशनल हाईवे में ट्रक लूटने वाले विधि से संघर्षरत एक बालक सहित 05 आरोपी 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार

आरोपीगणों द्वारा नेशनल हाईवे में डस्टर वाहन को ट्रक के सामने अड़ाकर दिया गया था घटना को अंजाम

ट्रक के वाहन चालक के सांथ भी मारपीट कर उसका कर लिया गया था अपहरण

उनके सकूनत में दबिश देकर पकड़ा गया। इस दौरान घटना में सक्रिय भूमिका निभाने वाले चारों आरोपियों एवं उनके अपराधिक षडयंत्र में शामिल एवं सहयोगी एक अन्य आरोपी विधि से संघर्षरत बालक को भी गिरफ्तार किया गया। जिसमें 01. नवीन प्रकाश मिश्रा 02. उज्जवल सिंह 03. शिवकुमार उर्फ राजू 04. सैयद शहनवाज अली 05. विधि से संघर्षरत बालक कुल 05 आरोपियों को पकड़ा गया।

आरोपीगणो को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ किये जाने पर सभी के द्वारा अपना जुर्म कबूल किया गया एवं घटना के मास्टर माइंड विधि से संघर्षरत बालक द्वारा खूलासा किया गया कि गैस एजेंसी की प्रतिस्पर्धा में प्रतिस्पर्धी एजेंसियों से हो रहे नुकसान की भरपाई करने व्यवसायिक रंजिश के कारण गैस से भरे ट्रक लूटने की योजना बनाते हुये सभी आरोपीगणों को सांथ लेकर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देना बताये। आरोपीगणों की निशानदेही पर लुटा हुआ ट्रक क्र. सीजी07बीएन3413 कीमती 17,00,000 भारत गैस कंपनी का 450 गैस सिलेण्डर कीमती 3,00,000 प्रार्थी से लूटा गया रेडिमी मोबाइल फोन 4000 जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त आरोपियों से घटना में प्रयुक्त सिल्वर कलर बिना नंबर डस्टर वाहन, एक नग चाकू, एक नग हथकड़ी, आरोपीगणों का 06 नग मोबाइल जप्त किया गया। प्रकरण मे आरोपीगणों को गिरफ्तार कर अग्रिम विवेचना की जा रही है।

आरोपीगणों के नाम

01) विधि से संघर्षरत बालक
02) नवीन प्रकाश पिता दिलीप मिश्रा उम्र 29 साल निवासी मेनरोड ग्राम लाहोद
03) उज्जवल सिंह पिता राजेश सिंह उम्र 19 साल निवासी चक्रपाणी स्कूल के पास बलौदाबाजार
04) शिवकुमार उर्फ राजू पिता स्व. कृपाराम साहू उम्र 36 साल निवासी गौरवपथ रोड बलौदाबाजार
05) सैयद शहनवाज अली पिता सैयद आसिफ अली उम्र 19 साल निवासी नयापारा दुर्गा चैंक बलौदाबाजार

जप्ती का विवरण

1) लुटा हुआ ट्रक क्र. सीजी 07 बीएन 3413 कीमती 17,00,000
2) भारत गैस कंपनी का 450 गैस सिलेण्डर कीमती 3,00,000
3) प्रार्थी से लूटा गया रेडिमी मोबाइल फोन 4000 रूपये
4) आरोपियों से घटना में प्रयुक्त सिल्वर कलर बिना नंबर डस्टर वाहन,
5) एक नग चाकू,
6) एक नग हथकड़ी,
7) आरोपीगणों का 06 नग मोबाइल

कोरोना की भयावह स्थिति के बीच संविदा कर्मचारियों को हड़ताल

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कोरोना की भयावह स्थिति के बीच संविदा कर्मचारियों को हड़ताल शासन व प्रशासन के लापरवाही को ही प्रदर्शित करता है। हड़ताली कर्मचारियों को बुलाकर सरकार बात करने और बीच का कोई रास्ता निकालने की बजाय हठधर्मिता पर उतर आई है। नियमितीकरण के मामले में कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर हो रहा है।

कांग्रेस ने ही अपने घोषणा पत्र में कहा था कि हम संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करेंगे। अब उन्हें नियमितीकरण करने, उनसे चर्चा कर समस्या का हल निकालने की बजाय उन्हें बर्खास्त किया जा रहा है। सरकार को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों से बात करनी चाहिए, उक्त बातें भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कही उन्हों ने आगे कहा कि अपने चुनावी घोषणा पत्र में नियमितीकरण का वादा कर आई कांग्रेस सरकार डेढ़ वर्ष सत्ता में बिताने के बावजूद आज तक अपने वादे कि पूर्ति की ओर एक

कदम नहीं बढ़ पाई है। यही कारण है कि ऐसी महामारी के काल में भी स्वास्थ्यकर्मियों को इस्तीफा देने पर विवश होना पड़ रहा है। यह शर्मनाक! विधायक ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव को दैनिक वेतन भोगी एवं सविंदा स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित कर चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने को पत्र लिखा।

कोरोना के 178 नए मरीजों की पुष्टि, स्वस्थ होने पर 74 को मिली छुट्टी

बलौदाबाजार। जिले में कोरोना के 178 नए मरीजों की पहचान की गई है। सबसे ज्यादा 44 मरीज पलारी विकासखण्ड से हैं। कसडोल विकासखण्ड से 41 मरीज,भटापारा विकासखण्ड से 30 मरी?, बलौदाबाजार विकासखण्ड से 26 मरीज, बिलाईगढ़ विकासखण्ड से 14, सिमगा विकासखण्ड से 10 और जिला अस्पताल बलौदाबाजार से 13 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव दर्ज की गई है। इन्हें मिलाकर जिले में अब तक कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या 2 हजार 845 हो गई है। आज जिले में एक भी मौत दर्ज नहीं कि गई।

सम्पूर्ण लॉकडाउन से कृषि दुकानों को मिली छूट, सुबह 8 से 10 बजे तक खोले जा सकेंगे दुकाने

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में विगत दो तीन दिनो से बारिश के चलते धान की फसलों में कीट लगने की संभावनाएं अधिक बढ़ गयी है। जिससे फसलों को और अधिक नुकसान हो सकता है। किसानों के अनुरोध पर आज कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने केवल कृषि दवाई दुकानों को सम्पूर्ण लॉकडाउन से छूट प्रदान किये है। यह दुकाने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सुबह 8 से 10 बजे तक खोले जा सकते है।

जिला दण्डाधिकारी ने नवरात्र पर्व के संबंध में किया दिशा-निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नोवेल कोरोना कोविड-19 वायरस संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए तथा वर्तमान में जिले में कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसे रोकने एवं नियंत्रण में रखने हेतु सभी संबंधित उपाय अमल लाया जाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी छतर सिंह डेहरे द्वारा नवरात्र पर्व के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

आदेशानुसार मूर्ति की उंचाई एवं चैडाई 6×5 फिट से अधिक न हो, मूर्ति स्थापना वाले पंडाल का आकार 15×15 फिट से अधिक न हो, पंडाल के सामने कम से कम 3000 वर्गफिट की खुली जगह हो तथा खुली जगह में कोई भी सड़क अथवा गली का हिस्सा प्रभावित न हो। एक पंडाल से दुसरे पंडाल की दूरी 250 मीटर से कम न हो। मंडप/पंडाल के सामने दर्शकों के बैठने हेतु पृथक से पंडाल न हो, दर्शकों एवं आयोजकों के बैठने हेतु कुर्सी नहीं लगाई जाएगी। किसी भी एक समय में मंडप एवं सामने मिलाकर 20 व्यक्ति से अधिक न हों। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति एक रजिस्टर संधारित करेगी, जिसमें दर्शन हेतु आने याले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाईल नंबर दर्ज किया जाएगा, ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संकमित होने पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति 4 सीसीटीवी लगाएगा, ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संकनित होने पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। मूर्ति दर्शन अथवा पूजा में शामिल होने वाला कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के नहीं जाएगा। ऐसा पाए जाने पर संबंधित एवं समिति के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मूर्ति स्थापित करने वाले

व्यक्ति/समिति द्वारा सेनिटाईजर, थर्मल स्कीनिंग, आक्सिमीटर, हैण्डवाश एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जायेगी। थर्मल स्क्रीनिंग में बुखार पाए जाने अथवा कोरोना से संबंधित कोई भी सामान्य व विशेष लक्षण पाए जाने पर पंडाल में प्रवेश नहीं दिये जाने की जिम्मेदारी समिति की होगी। व्यक्ति अथवा समिति द्वारा फिजिकल डिस्टेंसिंग आगमन एवं प्रस्थान की पृथक से व्यवस्था बांस-बल्ली से बेरिकेटिंग कराकर किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति, जो मूर्ति स्थापना स्थल पर जाने से संक्रमित हो जाता है, तो इलाज का सम्पूर्ण खर्च मूर्ति स्थापना करने वाले व्यक्ति अथवा समिति द्वारा किया जायेगा। कंटेनमेंट जोन में मूर्ति स्थापना की अनुमति नहीं होगी। यदि पूजा की अवधि के दौरान भी उपरोक्त क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित हो जाता है, तो तत्काल पूजा समाप्त करनी होगी। मूर्ति स्थापना के दौरान, विसर्जन के समय अथवा विसर्जन के पश्चात् किसी भी प्रकार की भोजन, भण्डारा, जगराता अथवा सांस्कृतिक कार्यकम करने की अनुमति नहीं होगी।

मूर्ति स्थापना के समय, स्थापना के दौरान, विसर्जन के समय, विसर्जन के पश्चात् किसी भी प्रकार के वाद्य यंत्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र, डी.जे. बजाने की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति स्थापना, विसर्जन के दौरान प्रसाद, चरणामृत, या कोई भी खाद्य अथवा पेय पदार्थ वितरण की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए एक से अधिक वाहन की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए पीक-अप, टाटा एस (छोटाहाथी) से बडे वाहन का उपयोग प्रतिबंधित होगा। मूर्ति विसर्जन के वाहन में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त साज-सज्जा, झांकी की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए 4 से अधिक व्यक्ति नहीं जा सकेगे एवं वे मूर्ति के वाहन में ही बैठेगे। पृथक से वाहन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए प्रयुक्त वाहन पण्डाल से लेकर विसर्जन स्थल तक रास्ते में कहीं रोकने की अनुमति नहीं होगी। विसर्जन के लिए नगर पालिका/नगर पंचायत द्वारा निर्धारित रूट, मार्ग, तिथि एवं समय का पालन करना होगा। शहर के व्यस्त मार्गों से मूर्ति विसर्जन वाहन को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। विसर्जन मार्ग में कहीं भी स्वागत, भण्डारा, प्रसाद वितरण पंडाल लगाने की अनुमति नहीं सूर्यास्त के पश्चात् एवं सूर्योदय के पहले मूर्ति विसर्जन के किसी भी प्रक्रिया की अनुमति।

तिल्दा सहायक शिक्षक फेडरेशन ने सहायक शिक्षक सुरेन्द्र वैष्णव को दिया श्रद्धांजलि, परिवार को दी 40 हजार रुपए की सहायता राशि

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

सहायक शिक्षक फेडरेशन के संयोजक सुरेन्द्र वैष्णव के अकस्मात निधन से तिल्दा शिक्षा विभाग के साथ साथ आम जन मानस सदमे मे है,कोरोना काल मे वैसे ही लोग परेशान है ऐसे मे सहायक शिक्षक के अचानक स्वर्गवास हो जाने से परिवार को गहरा सदमा लगा है ही,ब्लॉक इकाई तिल्दा के शिक्षक भी दुखी है अब परिवार के समक्ष गम्भीर समस्या आन पड़ी है,फेडरेशन तिल्दा के ब्लॉक अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश वर्मा व सभी पदाधिकारियों ने परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए यथा संभव मदद करने का भरोषा दिलाया है संघ ने 40हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि उनके परिवार को दी है,प्राथमिक शाला खपरिकला के शिक्षको ने भी 10हजार रुपए की सहायता राशि भेंट की जबकि शासन द्वारा देय प्रकरणो के लिए उच्च कार्यालय के अधिकारी से बात की है अनुकम्पा नियुक्ति,सी पी एस कटौती, अग्रेसिया,तथा जी आई एस की राशि का तत्काल भुगतान हेतु बी ई ओ से निवेदन किया गया जिस पर बी ई ओ श्री बी एल देवांगन सर ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है इससे पहले बहुत से साथियो ने स्वैक्षिक अंशदान करते हुए

परिवार के साथ खड़े होकर अपना मानव धर्म निभाया,संघ ने अब प्रत्येक सहायक शिक्षक साथियो के सहायता को अपना कर्तव्य मानते हुए प्रण किया है की साथियो की सहायता राशि उन्ही के लिए होगा,सन्विलियन पश्चात तिल्दा से 2सहायक शिक्षक स्वर्गवास हो चुके है जिसके कारण परिवार के समक्ष उनके भविष्य को लेकर गम्भीर चुनौती है ऐसे मे जल्द प्रकरणो पर कार्यवाही से थोड़ी सी राहत मिल सकती है अध्यक्ष ने कहा है की अब संघ को आर्थिक रूप से मजबुत बनाने के लिए प्रत्येक सहायक शिक्षक को सहयोग प्रदान करना होगा इसके लिए फेडरेशन मे अंशदान को अनिवार्य किया गया है जिससे आपात स्थिति में साथियो की सहायता की जा सके आज स्व सुरेन्द्र वैष्णव को श्रधांजलि अर्पित करते हुए सभी की आँखे नम थी,ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा,चेतन दास बैरागी (जिला संयोजक), योगेश साहू(कोषाध्यक्ष),अश्वनी शर्मा,प्रधान पाठक श्री अश्वनी पटेल जी,महेंद्र वर्मा,डागेशवर वर्मा, शोभित ध्रुव, मोहर बंजारे ,राम कुमार जांगड़े, अनिल पटेल ,विजय ठाकुर सहित अनेक शिक्षक परिवार के बीच श्रधांजलि सभा मे शामिल हुए।

भाजपा नेताओं ने क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी का आभार व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सक्रिय सांसद सुनील सोनी के द्वारा लोकसभा में देश के मानव संसाधन मंत्री से भाटापारा बलौदा बाजार जिले में केंद्रीय विश्वविद्यालय की मांग किए जाने पर जिले के महामंत्री राकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह गुंबर ग्रामीण अध्यक्ष डब्ल्यू सिंह ठाकुर निपनिया मंडल के अध्यक्ष धनीराम साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष परस देवांगन भाजपा नेता प्यारे रजक आदि भाजपा नेताओं ने क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाटापारा बलौदा बाजार जिले में जिस केंद्रीय विश्वविद्यालय की एक लंबे

समय से मांग की जा रही थी उस केंद्रीय विश्वविद्यालय की लोकसभा के संसद पटल पर मांग रख कर सांसद सुनील सोनी क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि सांसद सुनील सोनी अपने क्षेत्र की समस्याओं के लिए हमेशा जागरूक रहते हैं और समय-समय पर लोकसभा में क्षेत्र की आवाज को मुखरता पूर्वक उठाते भी रहे हैं और जब पुरा देश एवं उनका संसदीय क्षेत्र भी कोरोना महामारी से अछूता नहीं रह गया है लेकिन उन्होंने इसकी परवाह किए बगैर क्षेत्र में कई बार वे प्रवास कर चुके हैं तथा। कोरोना बीमारी के। तत्काल टेस्टिंग की जांच की रिपोर्ट तत्काल बलौदा बाजार के जिला अस्पताल को रायपुर के एम्स अस्पताल से मिले इसके लिए उन्होंने सार्थक पहल की है क्षेत्र की जनता की मांग को प्रदेश सरकार के समक्ष भी प्रमुखता से रखते रहे हैं तथा समय-टीसमय पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से बैठकर जनता की समस्याओं को निराकरण कर वाने में भी सक्रिय रहते हैं।

शिक्षासारथी रूपचरण मरावी का सेवाभाव अनुकरणीय ...

दिव्यांग होने के बावजूद पैरों से लिखकर बच्चों को दे रहे हैं निःशुल्क शिक्षा

■ लॉकडाउन में रोजगार गया लेकिन जज्बे में कमी नहीं, पीएलसी बिटकुली की सराहनीय पहल, मोहल्ला क्लास से हो रहे बच्चे लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

दुनिया में ऐसा कोई नहीं है जिसे बिना संघर्ष के लक्ष्य हासिल हो गया हो,सकारात्मक पहल एवम स्वस्थ सोच के साथ किये प्रयासों से ही जीवन में सफलता मिलती है।समस्याओं का समाधान होता है, केवल सही सोच के साथ सकारात्मक प्रयासो द्वारा कार्य करने से, ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी है ग्राम बिटकुली भाटापारा जिला बलौदा बाजार के रूप चरण मरावी (सुनील) जो बचपन से ही दोनों हाथों से दिव्यांग होने के बावजूद जीवन की चुनौतियों का बखूबी सामना करते हुए पढ़ई तुंहर द्वार अभियान में लॉकडाउन के समय सामुदायिक भागीदारी से ग्राम में जारी मोहल्ला स्कूल में निशुल्क सेवाएं देकर बच्चों का मार्गदर्शन कर अपना योगदान दे रहे।संकुल के समन्वयक अखिलेश गिरी गोस्वामी, प्रोफेशनल लर्निंग कमिटी बिटकुली के प्राचार्य श्री रमेश वर्मा, सचिव श्री अभिलाष तिवारी बताते हैं कि रूपचरण बचपन से ही सरल,सहज एवं जागरूक व्यक्तित्व के धनी रहे बिटकुली से ही प्राथमिक शिक्षा ली, कक्षा 12वीं की पढ़ाई स्थानीय संकुल में की। बिल्हा कॉलेज से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की एवं इन दिनों सीएमडी महाविद्यालय बिलासपुर से एम ए संस्कृत की पढ़ाई कर रहे हैं। कंप्यूटर में उन्होंने डिप्लोमा किया हुआ है। रोजगार के लिए प्राइवेट प्लांट में उन्होंने कुछ दिन कार्य किया , पहले रायपुर के माल में पार्किंग व्यवस्था संभालने का वह काम कर रहे थे। लाकडॉउन में रोजगार जाने के बाद उन्हें गांव लौटना पड़ा। इसी बीच वे लॉकडाउन अवधि में अपनी शाला के संपर्क में आए और कुछ अलग करने

का निश्चय लेते हुए शिक्षा के माध्यम से सेवा के कार्य से ग्रामीण बच्चों के शैक्षणिक उन्नयन में में अपना योगदान दे रहे हैं। बिटकुली प्राथमिक स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती शोभा वर्मा बताती हैं रूपचरण एवं उनके अन्य सहयोगियों का योगदान सही मायनों में समाज के लिएशिक्षा दर्पण की संकल्पना को साबित करता है,जिसका सीधा लाभ बच्चों को मिल रहा है।वे कक्षा पांचवी तक के बच्चों को गणित ,विज्ञान, अंग्रेजी और अन्य विषयों के बारे में पड़ा रहे हैं एवं कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के संबंध में भी फार्म पंजीयन से लेकर आवश्यक जानकारी दे रहे है।तीन भाई और तीन बहनों के बीच दूसरे नंबर के रूपचरण बचपन से ही शारीरिक रूप सेविकलांग होने के बावजूद अपनी कमी को अपना सबल पक्ष बनातेहुए एक प्रेरणा के रूप बनकर शिक्षा सारथी की भूमिका निर्वहन कर रहे है।

ज्ञातव्य हो कि रूपचरण मरावी बलौदाबाजार जिले के बिटकुली गाँव का एक दिव्यांग बेरोजगार नवयुवक है, जिनके दोनों हाथ नहीं है ,बोर्ड पर वे दोनों पैरों से लिख कर बच्चों को पढ़ाई कराते है।

कोरोना काल में स्कूल बंद होन से अपने गाँव के बच्चों को व्यर्थ घूमते देख पढ़ाई के महत्व को समझते हुए उन्हीने अपने इस कठिन समय को चुनौती मानते हुए अवसर में बदलने का संकल्प लिया 7वे रोज आपने गाँव के बच्चों को एक जगह एकत्रित कर स्वेच्छा से पारा मोहल्ला क्लास ले रहे हैं ,इनके क्लास में नियमित रुप से बच्चे आते हैं 7महामारी के कठिन दौर में उनका दृढ़संकल्प, इच्छाशक्ति एव सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायक है,उन्होंने कमजोरी को कभी खुद पर हावी नही होने दिया व अपने गाँव के सुविधा विहीन बच्चों के लिए एक आदर्श बनकर अपने तीन साथियों के साथ गृहग्राम बिटकुली में मोहल्ला क्लास संचालन में बतौर शिक्षक सारथी अपनी सेवाएं दे रहे है 7 प्राइवेट संस्थान में जीविकोपार्जन का कार्य कर रहे थे। खंड शिक्षा अधिकारी अमरसिंह एवं नोडल अधिकारी भास्कर देवांगन ने कहा रुपचरन मरावी का कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्रोत एवम अनुकरणीय है, कोरोना महामारी के समय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सामाजिक भूमिका का निर्वहन करके युवा रूप चरण मरावी दिव्यांग होने के बावजूद ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जो पढ़ई तूहर द्वार अभियान की यात्रा में हमेशा यादगार रहेगा।

विकासखण्ड के मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी एवंकरहिबाजार शाला के प्राचार्य श्री ईश्वर देवदास ने श्री रूपचरण एव उनके साथियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया हमारे नायक श्रृंखला अंतर्गत राज्य की वेबसाइट सीजी स्कूल वेब पोर्टल में बलौदा बाजार के मुकद्दर के सिकंदर शीर्षक से श्री रूप चरण मरावी की प्रेरणात्मक कार्यों को राज्य के शिक्षकों और बच्चों के अनुकरण हेतु प्रकाशित भी किया गया है।

शिकायत करने वालों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मारो पुलिस चौकी का घेराव किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मारो नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सहित अन्य लोगों के द्वारा बीते दिनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारो के प्रभारी अधिकारी के खिलाफ शिकायत करने के बाद शिकायत कर्ताओं के खिलाफ झूठी शिकायत थाने में रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर नागरिकों ने अपनी आक्रोश व्यक्त करते हुए मारो पुलिस चौकी का घेराव कर दिया गया और बाद में बेमेतरा एसडीओपी के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया इस संबंध में जानकारी के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारो की प्रभारी प्रीतिमा जांगड़े द्वारा मारो नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ,लाला साहू ,विनय ठाकुर, कैलाश गायकवाड, पीटर खरे के खिलाफ पुलिस चौकी मारो में धारा 506, 294 ,186 , 34, 3-1 (आर- एस) के तहत अपराध दर्ज कराया गया है। इसे लेकर नगर पंचायत मारो सहित पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है ।लोगों का कहना है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

झूठे गवाहों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारो में हुए भ्रष्टाचार का परत दर परत जांच होनी चाहिए एवं दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारो में लगे ?40000 के सीसीटीवी कैमरा फुटेज में जो मामला बताया जा रहा है वह रिकॉर्ड होना चाहिए क्योंकि घटना दिनांक 10 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे से 05 बजे तक जीवनदीप समिति मारो की बैठक आहूत की गई थी ,जहां का यह मामला बताया जा रहा है ।वहां के सीसीटीवी फुटेज में शासकीय दस्तावेज फाड़ने, जातिसूचक गाली गलौज करने, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने जैसे अनेक मामले दर्ज किए गए हैं ऐसे में वहां जो गवाह बताए जा रहे हैं उनकी भी उपस्थिति सीसीटीवी कैमरा में दर्ज होनी चाहिए।

जीवनदीप समिति की बैठक में उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी ,नगर पंचायत अध्यक्ष ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष, जीवनदीप समिति के सदस्य श्री असलम खान एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारो के उपस्थित कर्मचारियों का बयान भी दर्ज होना चाहिए उनके बयान को दर्ज क्यों नहीं किया गया? अगर ये उपलब्ध नहीं थे तो उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित होना चाहिए और वास्तव में जो उपलब्ध थे वही लोग गवाही दिये हैं क्या? इन सब प्रमुख मुद्दों को लेकर नाराजगी व्यक्त की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी के रहते स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति होने के बावजूद उनकी गवाही क्यों नहीं ली गई यह सोचने वाली बात है।

यह न प्रमुख बिंदुओं को लेकर नगर सहित आसपास क्षेत्र के लोगों द्वारा पुलिस चौकी मारो का घेराव किया गया एवं एसडीओपी बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा गया। घेराव करने वालों में सुरेश पाटिल ,दीपक साहू, अभय गिरि गोस्वामी ,मयंक तिवारी, चंदन साहू ,अखिलेश साहू, गणपत साहू ,रोहित साहू ,विश्राम साहू गजेंद्र पांडे ,देवा दास चतुर्वेदी दर्री, विजय महिलांगे सरपंच दर्री ,उमेश रात्रे सरपंच झूलना ,श्यामसुंदर गायकवाड, नकुल कुमार मिरी, रामअवतार कुर्रे ,मोहनदास जांगड़े, विकास जी , दिलीप आडिल, लीला दास वर्मा, इतवारी पारधी, ओंकार सिंह ठाकुर ,नंद किशोर पांडे ,कुलेश्वर सिंह ठाकुर ,सहित सैकड़ों की संख्या में लोग घेराव किए।

भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिलाकार्यालय बेमेतरा में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा के जनक और अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी, त्याग तपस्या की प्रतिमूर्ति,महान विचारक और हमारे पथ प्रदर्शक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जहां जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजा पांडे के द्वारा पंडित जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किये। इस अवसर पर ज़िला प्रभारी दीपेश साहू ने सम्बोधन मे कहा की उनके विचारों और किये कार्यों को याद कर उन्ही के बताए मार्ग पर चलने का प्रण किये जिससे हमारे राष्ट्र संस्कृति समाज और गरीब का उत्थान हो सके!

पंडित जी का मानना था वे हमेशा कहते थे कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नही बल्कि सबसे नीचे स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा अंत्योदय समाज के अंतिम छोर पर खड़े गरीब व्यक्ति का कल्याण है!

प्रभरी राजेश दीवान ने कहा की राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा सुशासन एवं विकास से अंत्योदय हमारा लक्ष्य है! कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजा पाण्डेय, प्रभरी दीपेश साहू, राजेश दीवान ,रोहित साहू,प्रदेश मंत्री पिछड़ावर्ग मोर्चा सतीश कसार, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भीम वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष छोटेलाल साहू,पूर्व महामंत्री विकास तम्बोली, शहर मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, कार्यालय प्रभरी महेश्वर साहू ,कमलेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

ग्रामिणों से मिल रहा है योगेश तिवारी एवं उनके टीम को आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषक नेता योगेश तिवारी एवं ट्रॉमा हास्पिटल प्रमुख डॉ.सुरेन्द्र शुक्ला द्वारा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण लगातार किया जा रहा है जिसका ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया है स्वास्थ्य परीक्षण वेन के गांव पहुंचते ही गांव के लोग स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पहुंच कर अपना जांच करा रहें है आज योगेश तिवारी की टीम ग्राम मोतेसरा, घुठमुरा,नयापारा खम्हरिया,में पहुंच कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें आवश्यक दवाई, सैनिटाइजर ,मास्क आदि का वितरण करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि अभी का समय बड़ा विपरीत है हमें अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा की चिंता स्वयं करनी है कोरोना महामारी के चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी भयभीत नजर आ रहे हैं लेकिन इससे काम नहीं बनेंगे वाला है भय त्याग कर हमें हिम्मत से काम लेना है वर्तमान समय में सुरक्षा ही कोरोना वायरस से बचाव का सही रास्ता है ग्रामीणों से अनुरोध करते हुए कहा कि साफ सफाई एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें उन्हें जरा भी तकलीफ हो तो तत्काल ही उनके स्वास्थ्य की जांच कराएं योगेश तिवारी एवं उनके टीम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे ही जनप्रतिनिधियों की आज आवश्यकता है जो अपनी जान की परवाह न करते हुए भी गांव-गांव घूमकर लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

योगेश तिवारी एवं उनके टीम के द्वारा किये जा रहे इस जनहित के कार्यों का ग्रामीणों ने काफी सराहना की एवं योगेश तिवारी एवं उनके पूरी टीम को बड़े बुजुर्गों ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सब खुश रहें सफलता की ओर अग्रसर रहें आप सबको अपने जीवन मे किए गए कार्यों में सफलता मिलती रहे।

राष्ट्रीय युवा शक्ति के नए केंद्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी के लिए बैठक



नई दिल्ली। राष्ट्रीय युवा शक्ति (YOUTH) के दिल्ली मुख्यालय में 17 प्रान्त के कार्यकर्ताओं की सामान्य बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों के चयन हेतु सर्वसम्मत्ति से 2 नामों का पैनल तैयार किया गया। नई कार्यकारिणी के नामों का पैनल केंद्रीय समिति को निर्णय बाबत भेज दिया गया है।

इस विषय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवेंद्र पांडेय ने बताया कि नई कार्यकारिणी अनुभव और जोश से लबरेज होगी। जिनका एक मात्र उद्देश्य राष्ट्र की समृद्धि के लिए पूरे देश में युवा शक्ति को जगाना होगा। 26 सितम्बर 2020 को केंद्रीय समिति के साथ प्रांतीय सदस्यों की बैठक होगी तथा 27 सितम्बर 2020 को केंद्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

कॅरोना काल खंड में क्वारेन्टीन सेंटरों में खरीद फरोख्त और सुविधाओं के नाम पर हुई धांधलियो की शिकायत: सौरभ निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सेंटर फ़ॉर सोशल लर्निंग के संस्थापक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि समाज मे व्यवस्था परिवर्तन बिना सामाजिक सहभागिता के संभव नही है, हर समस्याओं के निपटान के लिए शासन ,प्रशासन या सरकारों की ओर ताकने के बजाय युवाओ को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, चाहे वो किसी भी क्षेत्र में क्यों न हो सरकार और प्रशासन समाज के द्वारा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए बनाई गई एक व्यवस्था है पर सिर्फ और सिर्फ उस व्यवस्था पर आश्रित होकर अपनी जिम्मेदारियों से बचने से की प्रविति से समाज मे कैंसर की तरह फैल चुके भ्रष्टाचार और कुरूतियों को खत्म नही किया जा सकता।

सेंटर फॉर सोशल लर्निंग 2 सप्ताह का सूचना का अधिकार पाठ्यक्रम का निशुल्क प्रशिक्षण देगी ताकि युवाओ को अपने आस पास हो रहे निर्माण और विकास कार्यों की पारदर्शिता का पता चल सके और निर्माण और क्रियान्वन एजेंसियां भी जनता के टैक्स के पैसे का इस्तेमाल सही ढंग से करें।

निर्वाणी ने बताया कि उन्हें कोरोना काल खंड के दौरान क्वारेन्टीन सेंटरों में खरीद और भोजन ,आवास व्यवस्था को लेकर असन्तोष है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों के प्रति भी सतत कार्य करने के बावजूद धांधली का संदेह बना हुआ है,आंगन बाड़ी केंद्रों से लेकर पंचायतों के प्राथमिक,माध्यमिक और उच्चतर विद्यालयों में खेल सामग्री की खरीदी में भी व्यापक अनियमितता की सूचनाएं हैं।

सेंटर फॉर सोशल लर्निंग के संस्थापक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि कॅरोना को रोकने के लिए हो सकता है एक दिन वैक्सीन आ जाये पर समाज मे व्याप्त भ्रष्टाचार को केवल और केवल जागरूकता से रोका जा सकता है ,इसके लिए वैक्सीन कभी न बन पाएगा।

सेंटर फॉर सोशल लर्निंग के सह संस्थापक रितेश शर्मा ने बतलाया कि आन लाइन माध्यम से युवाओ को आर टी आई का प्रशिक्षण दिया जाएगा, महात्मा गांधी जयंती के दिन जिला सूचना अधिकारी से निशुल्क आर टी आई ऑन लाइन पाठ्यक्रम का प्रारंभ किया जाएगा,सफलता पूर्वक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को सेंटर फॉर सोशल लर्निंग द्वारा पाठ्यक्रम पूर्णता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा इस पाठ्यक्रम के दौरान राज्य के ख्यातिलब्ध आर टी आई एक्टिविस्ट उचित शर्मा और कुणाल शुक्ला द्वारा टिप्स प्रदान किये जायेगा।

गुफ़नपाल में पानी की विकराल समस्या, गांव पहुची दीपिका सोरी

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले के विकास खण्ड छिन्दगढ़ के नवीन ग्राम पंचायत सगुनघाट के आश्रित ग्राम गुफ़नपाल में बारिस के दिनों में पानी की विकराल समस्या देखने को मिली है समाज सेविका अधिवक्ता दीपिका शोरी गुफ़नपाल की महिलाओं के साथ पानी भरने चुआं पहुंच कर उनकी समस्या को नजदीक से समझने का प्रयास किया।

मिली जानकारी के अनुसार 58 घर के 380 रहवासियों वाले इस ग्राम में 4 हैंडपंप हैं परन्तु इनमें से 3 पुजारी पारा,नयापारा व स्कूलपारा के हैंडपंप महीनों से बिगड़े हुए हैं व इनकी सुध लेने वाला कोई भी नहीं है।

लकड़ी के पोल को गाड़कर प्यास बुझा रहे ग्रामीण

गुफ़नपाल के ग्रामीण अपने गाँव से बाहर लगभग 600 मीटर दूर एक खेत मे पानी के रिसाव वाले स्थान पर लकड़ी के गोले को जो अंदर से पोला है उसे जमीन पर गाड़कर उससे निकलने वाले पानी से अपनी प्यास

बुझा रहे हैं पूरी तरह गंदगी व काई स भरे इस स्थान से पानी पीने से इनके स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़ रहा होगा इस बात से इंकार नही किया जा सकता परन्तु हालात के हांथो समझौता कर चुके गुफ़नपाल के सैकड़ों ग्रामीण इस स्थान से पानी पीने को मजबूर हैं। हेण्डपम्पों के खराब होने के सम्बंध में जब हमने सुकमा जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के एसडीओ आर एल मंडावी से चर्चा किया तो उन्होंने दो दिनों के अंदर समस्त हेण्डपम्पों की मरम्मत करवाने की बात कही।

खुले में स्नान करती हैं गाँव की महिलाएं

गुफ़नपाल की कु. शान्ति, सुखमती, कु.बसंती, पाकली, कु.रंजना,कु.देवे, कु.वारे, जोगी, मुन्नी, सोमडी, मोती,काड़े, रामबती, कु.रीता ने अपनी समस्या सुश्री शोरी से बताते हुए कहा कि हमारे गाँव मे एक भी हैंडपंप में व न हीं चुआं के पास स्नानागार है जिसके कारण हमें खुले में स्नान करना पड़ता हैं जिससे हमें बहुत ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है सभी हैंडपंप व चुआं सड़क के किनारे ही स्थित हैं जिसके कारण लोगों का आनाजाना बना रहता है कई दफा हमें विपरीत परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ता है परन्तु किसी भी जिम्मेदारों को शर्म नहीं आती है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत् 27 हजार 458 आवास पूर्ण

जशपुरनगर। कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस. मण्डावी के दिशा निर्देश में जिले के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभांवित किया गया है। जिले को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों में 28 हजार 212 का लक्ष्य दिया गया था। जिनमें से 27 हजार 458 आवास पूर्ण कर लिया गया है। इनमें बगीचा में 4 हजार 585 आवास पूर्ण हो चुके है। ढुलढुला में 1 हजार 873 आवास और जशपुर विकासखंड में 2 हजार 774, कांसाबेल में 3 हजार 515, कुनकुरी में 3 हजार 9, मनोरा में 2 हजार 484, पत्थलगांव में 5 हजार 641 तथा फरसाबहार में 3 हजार 377 आवास पूर्ण हो चुके है।

कलेक्टर महोबे पहुँचे दल्लीराजहरा के कोविड केयर सेंटर, मरीजों से फोन से बात कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी

बालोद। कलेक्टर जनमेजय महोबे शुक्रवार को दल्लीराजहरा के कोविड केयर सेंटर परिसर पहुँचे। वहां उन्होंने मरीजों से फोन से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मरीजों ने कलेक्टर को बताया कि भोजन तथा नाश्ता गुणवत्तापूर्ण मिलता है। दवाईयां दी जाती है। चिकित्सक तथा नर्स द्वारा दवाई सेवन के संबध मे प्रतिदिन बताया जाता है। मौके पर उपस्थित

डौण्डी के खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कोविड केयर सेंटर दल्लीराजहरा में ऑक्सीमीटर, थर्ममीटर, पल्सरेट, ब्लड प्रेशर जॉचने का किट तथा दवाईयां उपलब्ध है। आक्सीजन भी उपलब्ध है। कलेक्टर महोबे ने कोविड केयर सेंटर तथा वहॉ के शौचालयों को प्रतिदिन सफाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मरीजों से कहा कि कोविड केयर सेंटर्स में बेहतर व्यवस्था हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी समस्या से एसडीएम या तहसीलदार को अवगत कराएं।

एनएमडीसी लिमिटेड

बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल

'' एनएमडीसी-शिक्षा सहयोग योजना'' अंतर्गत छात्रवृत्ति-वर्ष 2020-21

एनएमडीसी द्वारा वर्ष 2020-21 में शिक्षा सहयोग योजना के तहत बस्तर (जगदलपुर), कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, कोण्डागांव, सुकमा और दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा जिलों के पात्र विद्यार्थियों से निम्नानुसार छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।

मासिक छात्रवृत्ति की राशि का विवरण (अध्ययन वर्ष के दौरान 10 महीने के लिए देय)

कक्षा एवं राशि	कक्षा एवंराशि	कक्षा एवं राशि	कक्षा एवं राशि	कक्षा एवं राशि
नवमी–रू. 250	दसवीं–रू. 300	ग्यारहवी–रू. 350	बारहवीं– रू. 400	त्रिवर्षीय डिग्री/डिप्लोमा रू. 500
इंजीनियरिंग में डिग्री रू. 750			मेडिसीन में डिग्री रू. 1000	

अ.जा./अ.ज.जा. के छात्र/छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति आवेदन पत्र का प्रारूप

फोटो प्राचार्य द्वारा सत्यापित एवं मुहर

1. आधार नं0 (अनिवार्य):
2. जन्मतिथि (अनिवार्य): D D M M Y Y Y Y
3. आवेदक का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में):
4. पिता का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :
5. छात्रवृत्ति पात्रता वर्ग एवं जातिः (संबंधित वर्ग को(✓) करें) अनु. जाति (SC) | अन.जनजाति (ST) | जाति
6. परिवार की कुल वार्षिक आयः
7. आवेदक का फोन/मोबाईल नं. (अनिवार्य) :
8. पत्राचार का पताः ग्राम/नगर : पोस्ट ऑफिस : ब्लॉक तहसील जिला पिन:
9. अध्ययनरत विद्यालय का नाम : पोस्ट ऑफिस: ब्लॉक तहसील जिला: पिन:
10. वर्ष 2020 में उत्तीर्ण परीक्षा का नाम : प्राप्तांकों का प्रतिशत:
11. कृपया अपने बैंक या पोस्ट ऑफिस के बचत खाते का विवरण दीजिए :

(i) बैंक या पोस्ट ऑफिस का नाम : शाखा का नाम तथा स्थान:
(ii) बचत खाता नम्बर : शाखा का IFSC कोड:

(पोस्ट ऑफिस के खाता धारक नवीन (10 अंकों का)/इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक का खाता नं. ही देवें।)

दिनांक आवेदक का हस्ताक्षर :
स्थान आवेदक का नाम :

वर्तमानमें अध्ययनरत शिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापन

यह प्रमाणित किया जाता है कि, कु./मा. (छात्र/छात्रा का नाम) श्री/श्रीमती (अभिभावक का नाम) (स्कूल /कॉलेज/शिक्षण संस्थान का नाम) कक्षा में शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के दौरान नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत है। आवेदक द्वारा आवेदन में भरी गई उपरोक्त जानकारी सही है ।

दिनांक
पता: हस्ताक्षरप्राचार्य
नाम:
टेलीफोन/मोबा.नं. (प्राचार्य)/संस्थान शिक्षणसंस्थान की सील
विद्यालय संस्थानकाई-मेल

संलग्नकों की चेक लिस्ट (✓का निशान लगाएं)(1) आधार कार्ड की कॉपी ☐ (2) तहसीलदार या उच्चाधिकारी द्वारा जारी जाति, मूल निवास एवं आय प्रमाणपत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां ☐ (3) पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की अभिप्रमाणित फोटोकॉपी ☐ (4) बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट फोटोकॉपी जिस पर आपका फोटो तथा खाता नम्बर अंकित हैं ☐ (5) प्राचार्य/संस्था प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित आवेदन ☐

छात्रवृत्ति हेतु पात्रता व शर्तें:-

1. आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. विद्यार्थी, बस्तर संभाग का मूल निवासी होना चाहिए।
3. विद्यार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग का ही होना चाहिए।
4. विद्यार्थी की पारिवारिक आय रू. 72,000/- वार्षिक से अधिक न हो।(प्रमाण पत्र 01.07.2019 के बाद का निर्गत होना चाहिए।)
5. विद्यार्थी अनिवार्यतः पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए (यदि विद्यार्थी किन्ही कारणों से किसी वर्ष पढ़ाई में गेप किया हो तो उसे अनिवार्य रूप से गैरन्यायिक (Non-Judicial) स्टेंप पेपर पर गेप प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा)।
6. आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त निवासी, जाति तथा आय प्रमाणपत्र एवं उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।
7. विद्यार्थी अपने बैंक या डाकघर से प्राप्त पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट छायाप्रति संलग्न करें।

नोटः पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदनपत्र डाक द्वारा केवल अपने विद्यालय/संस्थान के माध्यम से हमारे कार्यालय वरिष्ठ प्रबंधक (नै.सा.दा.), बी.आई.ओ. एम, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा ,छ.ग. 494556 में दिनांक 30/11/2020 तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए। आवेदन पत्र के ऊपर "NMDC SSY 2020-21 हेतु आवेदन पत्र" अवश्य लिखें ।

स्व विवरणी प्रस्तुतकर्ता की रेंडम जांच के लिए आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निर्देश दिए थे

सूर्या ट्रेजर आईलैंड द्वारा प्रस्तुत स्व विवरणी में जांच उपरांत पाया गया अंतर, अब 2570100 की होगी वसूली, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम ने की थी जांच

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

संपत्तिकर दाताओं के द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली स्व विवरणी जो उनके स्वयं के द्वारा भरकर प्रस्तुत की जाती है इसके आधार पर संपत्तिकर की राशि जमा की जाती है! स्व विवरणी प्रस्तुतकर्ता की रेंडम जांच के लिए आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निर्देश दिए थे! आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त एवं संपत्तिकर प्रभारी तरुण पाल लहरें ने जोन क्रमांक 1 के सहायक राजस्व अधिकारी को छत्तीसगढ़ नगर पालिका भवनों/भूमियों के वार्षिक भाड़ा मूल्य का अवधारण नियम 1997 के अधीन सूर्या ट्रेजर आईलैंड जुनवानी द्वारा 18 मई 2018 को प्रस्तुत संपत्ति कर स्व विवरणी की स्थल पर सत्यता जांच कर माप एवं गणना सहित प्रतिवेदन देने के लिए दिनांक 30 जुलाई 2020 को पत्र प्रेषित किया था! पत्र प्राप्त होते ही नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 की तीन सदस्यीय टीम जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि के साथ 4 अगस्त 2020 को सूर्या ट्रेजर आईलैंड पहुंची और प्रबंधन से दस्तावेज प्राप्त कर सूर्या मॉल भवन की नाप जोख कर स्व विवरणी के अनुसार स्थल पर सत्यापन किया और सत्यापन कार्य पूर्ण कर सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने पूरी विस्तृत रिपोर्ट संपत्ति कर अधिकारी को सौंप दी है! तीन सदस्यीय टीम में उप अभियंता अरविंद शर्मा, आलोक पसीने एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने जांच की कार्रवाई शुरू की थी! सुबह से शाम तक सूर्या मॉल में नक्शा के अनुसार नापजोख किया गया था इस दौरान भवन निर्माण अधिकारी हिमांशु देशमुख, सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, बाल कृष्ण नायडू भी मौजूद थे!

भवन के पूरे मंजिलों का स्वीकृत मानचित्र के आधार पर सत्यापन करने के बाद स्व विवरणी के राशि गणना की सत्यता परखने के लिए सहायक अभियंता अनिल सिंह को जिम्मेदारी दी गई ! सहायक अभियंता ने अपने रिपोर्ट में बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल संपत्ति कर 4410436 रुपए गणना की गई थी परंतु जांच उपरांत 4924456 रुपए देय राशि पाया गया है जिसमें 514020 रुपए का अंतर है यानी कि इस अंतर की राशि की 5 गुणा राशि को सूर्या ट्रेजर आईलैंड के प्रबंधन को जमा करना होगा! करो के भुगतान के लिए स्क्वायर फिट में भी अंतर जांच में यह भी पाया गया है कि सूर्या ट्रेजर आईलैंड के द्वारा कुल 432086.31 वर्ग फीट के अनुसार से कर का भुगतान किया जाता रहा है परंतु जांच के उपरांत 493644.70 वर्ग फीट स्थल पर पाया गया है और इसके अंतर की बात करें तो 61558.39 वर्ग फीट है जो कि 10व से अधिक का अंतर है! अब प्रतिवर्ष अंतर की राशि के साथ जमा करना होगा संपत्ति कर सूर्या ट्रेजर आइलैंड के द्वारा पूर्व में 4410436 रुपए संपत्तिकर का भुगतान किया जा रहा था! अब 4924455.82 रुपए संपत्तिकर प्रतिवर्ष जमा करना होगा! जांच के उपरांत इन दोनों की राशि का अंतर की बात करें तो 514020 रुपए की राशि निकलती है! यह भी पाया गया जांच में इसलिए 2570100 रुपए की होगी वसूली पूर्व में हुई गणना में ग्राउंड फ्लोर पर आर्टियम का एरिया नहीं लिया गया था एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्टम तल पर भवन पूर्णता प्रमाण पत्र के आधार पर गणना किया गया था!

जबकि गणना कुल निर्मित क्षेत्र के आधार पर की जानी थी! अब सही गणना के अनुसार 514020 रुपए का अंतर प्राप्त हुआ है! छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियम 1997 की कंडिका 11 के अनुक्रम में कंडिका एक में उल्लेखित है कि पुनर्निर्धारण में किसी ओर 10व की फेरफार को ध्यान में नहीं लिया जाएगा।

संपादकीय

सदन में विपक्षी एकता, जमीनी कार्रवाई पर सवाल

जमीनी स्तर पर बदलाव न लाने पर नैतिक विजय महत्वहीन होती है। हालांकि, विपक्ष ने कृषि विधेयकों पर राष्ट्रपति से मुलाकात कर सरकार द्वारा संसदीय प्रक्रियायें उलटने की शिकायत की तथा राज्य सभा में ध्वनि मत से प्रस्ताव पास कराए, पर अब नए कानूनों को कैसे रोका जा सकता है? राष्ट्रपति से विधेयकों को रोकने या उनको वापस भेजने की उम्मीद नहीं है। यदि थोड़ी देर के मान लिया जाए कि वे ऐसा करते तो भी संशोधनों या बिना संशोधनों के इनको फिर पास कर दिया जाता क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा के पास लोकसभा में पूर्ण बहुमत है और बिना चर्चा या सहमति के ध्वनि मत से विवादास्पद विधेयक पास करने का उदाहरण स्थापित हो गया है। राष्ट्रपति किसी समय-सीमा में कार्रवाई के लिए बाध्य नहीं हैं। इसके अलावा पूरे विपक्ष द्वारा विरोध में सदन का बहिष्कार करने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी ने कई विधेयक पास कराए। इसलिए विपक्षी सदस्य चाहे जितना चीखें-चिल्लाएं पर उनको संसदीय प्रक्रियाओं से कोई राहत नहीं मिल सकती है। जहां तक सड़कों पर संघर्ष का सवाल है, पिछले साल के आम चुनाव ने दिखा दिया है कि व्यापक भाजपा-विरोधी गठबंधन स्वार्थी व क्षेत्रीय हितों में कैसे बिखर जाता है। जब तक यह एकजुट आंदोलन में नहीं बदलता है, तब तक विपक्ष को कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए। चिन्ता की बात है कि उच्च सदन ने तीन प्रमुख श्रम सुधार विधेयक भी पास कर दिए हैं जिनकी संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए उन पर बहस व चर्चा होनी चाहिए थी। तीन विधेयकों का संबंध औद्योगिक संबंधों, सामाजिक सुरक्षा तथा पेशेवर सुरक्षा के बारे में नई श्रम संहिता से है। संभवतः बिजनेस सुगमता के नाम पर कामगारों के अधिकार कमजोर हो रहे हैं। किसी को उम्मीद नहीं थी कि सरकार वैश्विक महामारी के बाद वाली अर्थव्यवस्था में बहुत अधिक कल्याणकारी उपाय करेगी, पर उसने बिना सरकारी अनुमति के 300 कामगारों वाली कंपनियों को कर्मचारियों को निकालने की अनुमति दे दी है। सरकार को लगता है कि इससे सेवायोजक ज्यादा लोगों को काम पर रखने के लिए प्रेरित होंगे जिनकी संख्या पहले 100 निर्धारित थी। लेकिन संकट के समय सेवायोजकों से उदारता की उम्मीद नहीं की जाती है। देश के कार्यबल में असंगठित श्रमिकों की बड़ी संख्या है जो पहले ही बाजार शक्तियों के सामने असहाय हैं। राज्यसभा ने फारेन कांट्रीब्यूशन रेग्युलेशन अमेंडमेंट बिल, 2020 भी पास कर दिया है जो भारत में काम कर रहे संगठनों को विदेशी स्रोतों से धन प्राप्त करने व उसके नियमन की व्यवस्था करता है। आशंका है कि सरकार इस कानून के अंतर्गत ऐसे एनजीओ, शाध संगठनों, थिंक टैंकों व सिविल सोसाइटी एक्टिविस्टों पर निगरानी रख सकती है जो उसके पक्ष में न हों। कोई इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि विदेशी स्रोतों से की जाने वाली गतिविधियों में ज्यादा पारदर्शिता होनी चाहिए, पर इसका प्रयोग चयनित ढंग से 'राष्ट्र-विरोधी' एनजीओ के खिलाफ नहीं होना चाहिए। धन प्राप्ति के लिए आधार व एसबीआई बैंक खातों को अनिवार्य बना कर विधेयक नियंत्रण कठोर करना चाहता है, पर इससे लेनदेन का खर्च बढ़ेगा तथा बाधायें खड़ी होंगी। कृषि संबंधी विधेयक भी सुधारवादी लगते हैं तथा वे कृषि उत्पादन मंडी समितियों-एपीएमसी में मौजूद बड़े कार्टेलों व बिचौलियों का सफाया कर किसानों को आवागमन व व्यापार की स्वतंत्रता देना चाहते हैं। लेकिन किसानों के पास अपनी भौगोलिक सीमाओं से बाहर पहुंचने के लिए विशेषज्ञता कैसे आएगी और उनको 'व्यापारियों' या निगमों पर निर्भर होना पड़ेगा। उनको डर है कि खुले प्रतियोगी बाजार में वे एमएसपी से वंचित हो सकते हैं, हालांकि सरकार ने इसे बनाए रखने का वादा किया है। विधेयक में कहीं पर जोर नहीं दिया गया है कि 'व्यापारी' या 'प्रायोजक' कृषि उत्पाद खरीदते समय एमएसपी देने को बाध्य होंगे। ऐसे में अगले चुनावों में किसानों का गुस्सा सामने आ सकता है।

संकट में फंसे शी जिनपिंग

चीनी राष्ट्रपति आर्थिक लक्ष्य पूरा करने में विफल रहे हैं और उनको भारी चुनौती मिल रही है। ऐसे में पीएलए के पीछे हटने को पराजय तथा मजबूत सेना का लक्ष्य विफल होने के रूप में देखा जाएगा।



अनिल गुप्ता
(लेखक सुरक्षा व रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)

मॉस्को में पांच बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद पहली बार सैनिक कमांडर स्तर की वार्ता 12 घंटे चली। लेकिन सारे संकेत हैं कि इसकी समाप्ति भी गतिरोध में हुई है। भारत ने अपनी ओर से 29-30 अगस्त को शानदार पूर्व-नियोजित कार्रवाई करते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी के अपनी ओर पैगांग सो के दक्षिणी किनारे के ऊंचे रणनीतिक स्थानों पर उपस्थिति मजबूत की है। इसके बाद उत्तरी किनारे पर रक्षा व्यवस्था मजबूत की गई तथा फिंगर क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित किया जहां चीनियों ने घुसपैठ की थी और वे यथास्थिति बहाल नहीं करना चाहते थे। भारतीय सेना के इन कदमों से भारतीय वार्ताकारों की स्थिति मजबूत हुई और वे शक्तिशाली दृष्टिकोण से बात कर सकते थे। लेकिन चीन अपने मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स व अपने नियंत्रण वाले मीडिया के माध्यम से यह स्थिति स्वीकार करने से इनकार करते हुए उल्टा भारत पर गतिरोध का आरोप लगाता रहता है। चीनी दावों के बावजूद, चीनी राष्ट्रपति व शक्तिशाली नेता शी जिनपिंग को दुनिया भर में आक्रामक समझा जाता है जो दुनिया के सबसे मजबूत व शक्तिशाली नेता बनना चाहते हैं।

भारत का दृष्टिकोण अब तक प्रतिबद्ध, सुसंगत तथा कठोर रहा है। भारत ने 'आधे रास्ते तक आने' का चीनी सुझाव एकदम अस्वीकार कर दिया। उसने लगातार 'पहले आए, पहले जाओ' पर जोर दिया है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए सैनिकों ने स्थापित समझौतों व प्रोटोकालों का उल्लंघन कर मई की शुरुआत में पूर्वी लद्दाख के हमारे क्षेत्र में बहुआयामी घुसपैठ की थी। पीएलए ने 5 जून को कार्पस कमांडरों की पहली बैठक में तनाव घटाने तथा सैनिक पीछे हटाने के बारे में लिए निर्णयों का पालन नहीं किया जिससे गलवान में संकट की स्थिति पैदा हुई। गलवान टकराव से दोनों पक्षों के सैनिक हताहत हुए। इससे भारत तथा दुनिया ने समझ लिया कि यह चीनी सैनिकों का सुनियोजित आक्रमण था जिसे शी जिनपिंग के नेतृत्व वाले केन्द्रीय सैनिक आयोग-सीएमसी की स्पष्ट अनुमति प्राप्त थी। इसके बाद चीन द्वारा दिखाई जिद से स्पष्ट है कि निसंदेह इस मामले में अंतिम निर्णय शी जिनपिंग के अलावा किसी अन्य ने नहीं लिया था जिनका 'चीनी सपना' और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा दांव पर लगी है।

शी एक कॅरियर राजनेता हैं जो अपने मुंह में 'लाल चम्मच' लेकर पैदा हुए थे। उनके पिता शी झोंगशुन 'लाल शाही' समूह के नायक और कम्युनिस्ट क्रांतिकारी थे जिसका माओत्से तुंग के बाद पतन हो गया। पिता को पद से हटाए जाने के बाद शी जिनपिंग बीजिंग की विशिष्ट जीवनशैली छोड़ कर ग्रामीण क्षेत्र में रहने पर मजबूर हुए। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी की युवा शाखा में शामिल होने के लिए संघर्ष किया और बाद में पार्टी ने उनको स्वीकार किया। इस प्रकार 'लाल शाही' में पैदा होने के बावजूद उनको सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करना पड़ा। इससे वे जिद्दी और महत्वाकांक्षी बन गए। उन्होंने अपनी शक्ति बढ़ानी शुरू की और अंततः उन्होंने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीसी की 'सामूहिक नेतृत्व' व्यवस्था समाप्त कर दी। वे न केवल चीन के तीन सर्वोच्च पदों पर कब्जा करने, बल्कि संविधान में राष्ट्रपति कार्यकाल की सीमा समाप्त कर अनन्त काल तक शासक बनने में सफल हुए। इससे सीपीसी के अनेक नेताओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है और वे सर्वोच्च पद तक नहीं पहुंच सकते हैं। सभी तानाशाहों की तरह शी के भी अपने देश में ही बड़ी संख्या में विरोधी हैं।

अपनी सत्ता मजबूत करते समय शी ने विचारधारा और राष्ट्रवाद पर जोर दिया। उनका विश्वास है कि चीनी जनता में अन्य चीजों पर कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रभुत्व बना रहेगा। पीएलए की 'श्री डब्लू' रणनीति का लक्ष्य इस विचारधारा का प्रोत्साहन सुनिश्चित करना है। इस प्रकार पीएलए राष्ट्रीय सेना के बजाय सीपीसी की सेना है। कॅरियर राजनयिकों के बजाय संयुक्त मोर्चा कार्य विभाग द्वारा शिक्षित कार्यकर्ताओं पर शी की निर्भरता के कारण दक्षिण एशिया व अन्य लक्षित देशों में नियुक्त राजनयिक विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। शी ने राजनयिकों को 'वुल्फवैरियर' बता कर चीनी राजनय को आक्रामक बनाया है। वे स्वयं को अमेरिकी राष्ट्रपति के वर्चस्व को चुनौती देने वाले सर्वाधिक शक्तिशाली चीनी नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं। अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति तथा राष्ट्रवाद को समाहित करते हुए शी ने 'चीनी सपने' का रोडमैप पेश किया है।

सेवानिवृत्त कर्नल व लेखक लियू मिंगफू के अनुसार, 'राष्ट्रपति शी का सपना मजबूत सेना वाला मजबूत देश' है। 'चीनी सपने' के पीछे विचार पूर्व-मध्यवर्ती साम्राज्य की गरिमा बहाल कर विस्तारवाद के माध्यम से चीन का वर्चस्व स्थापित करना है। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय एकता के माध्यम से आंतरिक विरोध को न्यूनतम करना है। शी चीन को न केवल मजबूत, बल्कि आक्रामक भी बनाना चाहते हैं। यह वर्ष 2049 तक 'चीनी सपना' पूरा करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना का शताब्दी वर्ष होगा। इसमें 2021 व 2025 भी महत्वपूर्ण वर्ष हैं। 2021 में सीपीसी की सौवीं वर्षगांठ होगी। शी ने वादा किया था कि 2020 तक देश सभी चीनियों को गरीबी रेखा से ऊपर ला कर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा व सशस्त्र सेनाओं को मजबूत कर गरीबी उन्मूलन कर देगा।

लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था में 2019 में ही गिरावट दिखने लगी थी और यह लगभग तीन दशक में सबसे धीमी हो गई थी। कोविड-19 महामारी के बाद शी समझ गए हैं कि वे 2020 के आर्थिक लक्ष्य पूरे नहीं कर सकेंगे। चीन के बड़बोलेपन के बावजूद निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था संकट में है। बैंकिंग पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ा है, बेरोजगारी बढ़ रही है तथा वैश्विक सप्लाई श्रृंखला टूटने से दबाव बढ़ा है। चीजें स्वाभाविक स्थिति में होने पर कामों का केन्द्रीकरण ठीक रहता है। लेकिन संकट के समय में अनेक विरोधी विचार भी सामने आते हैं। अपने देश में शी को इसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। चीन में बिना उनकी सहमति या अनुमति के कुछ भी नहीं चलता है। अतः शी स्पष्ट रूप से गरीबी उन्मूलन का अपना लक्ष्य पाने में विफल रहे हैं और उनकी सत्ता को भारी चुनौती मिल रही है। ऐसे में पीएलए के पीछे हटने को चीन की पराजय के रूप में देखा जाएगा तथा मजबूत सेना का दूसरा लक्ष्य संदिग्ध हो जाएगा।

शी इस मोड़ पर जोखिम लेकर पीछे नहीं हट सकते हैं। इसी कारण चीनी मीडिया जाड़े में 'लांग हाल' की बात कर रहा है। शी का गणित इस अनुमान पर आधारित है कि लंबी सैनिक तैनाती का चीनी अर्थव्यवस्था के बजाय भारतीय अर्थव्यवस्था पर ज्यादा प्रभाव पड़ेगा। लेकिन उनकी सोच गलत है। भारत अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए एकजुट है और वह घुसपैठ वाले क्षेत्रों से चीन के पीछे हटने तक शांत नहीं होगा। दूसरी ओर शी को अपने देश में बढ़ते विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

पीएलए की अजेयता के बारे में राज्य-नियंत्रित चीनी मीडिया के प्रचार के बावजूद शी विजय के बारे में आश्वस्त नहीं हैं। एक गतिरोध को भी भारत की विजय तथा चीन की विफलता के रूप में देखा जाएगा। चीन में ऐसे विरोधियों की कोई कमी नहीं है जो उनकी विफलता की प्रतीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनको दूसरा मौका न मिले। शी के सामने झुकने या पीछे हटने का द्वंद्व है। महत्वाकांक्षी व्यक्तित्व को देखते हुए स्पष्ट है कि शी आसानी से अपने विरोधियों के सामने नहीं झुकेंगे। इस्तीफा देने के लिए मजबूर किए जाने के बजाय वे उपयुक्त समय पर झुकने व पीएलए को पीछे हटने का आदेश देना ज्यादा पसंद करेंगे। वार्ताओं और समय पर निर्भर है कि यह कैसे और कब होगा। इस बीच भारत को किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होना होगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनरीक्षण की आवश्यकता

कल्याणी शंकर
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)

अगले महीने संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन के 75 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। यह सापेक्षतः एक युवा संगठन है लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण जन्मदिन अर्थ है कि अब इसके पुनरीक्षण का समय आ गया है। अक्टूबर 1945 में सैन फ्रांसिस्को में इसकी संरचना को अंतिम रूप दिए जाने के उपरांत यह अस्तित्वमान हुआ था, जिसमें भारत समेत 50 देशों ने भाग लिया था। तब से यह फला-फूला है और आज संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की संख्या 193 है। इसके अतिरिक्त, आज का संयुक्त राष्ट्र 75 वर्ष पूर्व के संयुक्त राष्ट्र की तुलना में व्यापक रूप से भिन्न है। बड़ा सवाल यह है कि क्या इस विश्व निकाय ने अपनी भूमिका का उचित ढंग से निर्वहन किया है अथवा यह अप्रासंगिक हो गया है? संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव स्वर्गीय डैग हैमर्सकजोल्ड, जिनका एक कथन बड़ा प्रसिद्ध है कि संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन, ''मनुष्य को स्वर्ग ले जाने के लिए नहीं बल्कि मानवता को नरक से बचाने के लिए हुआ है।''

रोचक ढंग से, जो लोग संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करते हैं उनका मानना है कि इस विश्व निकाय ने कुल मिलाकर अपना उद्देश्य पूर्ण किया है। तथ्य यह है कि उतार-चढ़ावों के बावजूद यह कायम हे, सफलता को दर्शाता है। वे उल्लेख करते हैं कि पिछले 75 वर्षों के दौरान कोई नाभिकीय युद्ध नहीं हुआ है। अन्य लोग संयुक्त राष्ट्र के शांति स्थापना मिशनों की सराहना करते हैं। वे इसके सतत विकास कार्यक्रमों की भी सराहना करते हैं। लेकिन विविध कारणों से प्रभावी न हो पाने के कारण संयुक्त राष्ट्र की आलोचना भी होती है। संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में कुछ स्वेच्छाचारी शासकों ने निरपराध नागरिकों के खिलाफ परम्परागत हथियारों का प्रयोग किया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव अबाध्यकारी होते हैं। विश्व निकाय से संघर्षों व युद्ध को रोकने की अपेक्षा की जाती हे और फिर भी उसके प्रादुर्भाव के बाद से 80 संघर्ष हो चुके हैं। पिछले तीन दशकों में, बुश से लेकर ट्रंप तक, अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली को लेकर उसकी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र संसाधनों के अभाव से भी जूझ रहा है क्योंकि अमेरिका समेत सभी सदस्य समय से अपना योगदान नहीं देते हैं।

संयुक्त राष्ट्र के साथ भारत का जुड़ाव उल्लेखनीय है। संस्थापक सदस्य के तौर पर, संयुक्त राष्ट्र अधिकार प्रपत्र के लक्ष्यों व कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में नई दिल्ली का योगदान प्रचुर मात्रा में रहा है। यह बहुत से संयुक्त राष्ट्र निकायों में संलिप्त रहा है और भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन

कार्यकारी समिति का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत अब महिला प्रस्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग का सदस्य 2021 से 2025 तक बना है। भारत जून में दो वर्षों के लिए शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य चुना गया था और दो वर्ष के आठ कार्यकाल पहले भी पूर्ण कर चुका है। नई दिल्ली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए लाबीइंग कर रही है और उसमें स्थान प्राप्त करने का दावा भी पेश किया है। कई वर्षों से, जब कभी भी हमारे किसी प्रधानमंत्री ने विदेश यात्रा की अथवा किसी राज्य के प्रमुख भारत आए, तो एक मुद्दा जो हमेशा उठाया जाता रहा है वह है विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के अभ्यर्थन का समर्थन प्राप्त करना। हालांकि, सुधारों का आगाज़ विविध कारणों से नहीं हो पा रहा है। उदाहरण के लिए, प्रथम पांच सदस्य अपनी वीटो शक्ति को खोने के लिए तैयार नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने शांति सेनाओं में भारत के योगदान की सराहना की है क्योंकि यह उपनिवेशवाद एवं रंगभेद के अंत एवं वैश्विक निशस्त्रीकरण एवं आतंकवाद की समाप्ति जैसे बहुत से मुद्दों के पीछे एक वाहक शक्ति बनकर काम करता रहा है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुधारों का प्रबल हिमायती है। शुरुआत में नई दिल्ली का परिषद का सदस्य बनने की कोई इच्छा नहीं थी। हालांकि, जब, महासभा ने 1992 में संयुक्त राष्ट्र सुधारों के लिए कदम बढ़ाया, जापान, जर्मनी और ब्राजील ने विस्तारित सुरक्षा परिषद में सदस्यता की मांग की। भारत भी इस मांग का हिस्सा बन गया। हालांकि, कई यूरोपीय सदस्यों ने जर्मनी के दावे पर आपत्ति जताई, अर्जेंटीना ने ब्राजील का और पाकिस्तान ने भारत का विरोध किया, आदि। उसके पश्चात, चार देशों ने मिलकर काम करने के लिए ब्रिक्स का गठन किया।

एक सवाल जो आज की परिस्थितियों में बार-बार पूछा जा रहा है वह यह कि संयुक्त राष्ट्र का भविष्य क्या है? कुछ देश चाहते हैं कि संयुक्त राष्ट्र विश्व के मामलों में बड़ी भूमिमा अदा करे, जबकि अन्यों की इच्छा है कि उसकी भूमिका विशिष्ट रूप से मानवीय कार्यों पर केंद्रित रहे। व्यवस्था को सुधारना एवं व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं धन प्राप्त करना संयुक्त राष्ट्र के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीजें हैं। लगभग नब्बे के दशक के पूर्वार्द्ध से, सुधारों की बातें की जाती रही हैं मगर इस बाबत कोई प्रगति नहीं हुई है, जो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। दूसरे, संयुक्त राष्ट्र को आधुनिकीकृत किए जाने की आवश्यकता है। बहुत से लोगों को लगता है कि वर्तमान ढांचा दोषपूर्ण है और बहुत से कार्यक्रम प्रायः बनावटी होते हैं। तीसरे, यह भावना बढ़ती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र को मजबूत किया जाना चाहिए। विश्व निकाय में गलत काम करने वाले सदस्यों से निबटने के लिए और अधिक शक्तियां समाहित की जानी चाहिए। चौथे, संयुक्त राष्ट्र के वित्त पोषण को किसी भी वजह से रोका नहीं जाना चाहिए क्योंकि विश्व निकाय को स्वतंत्र रहने दिया जाना अनिवार्य है। संयुक्त राष्ट्र नकदी, वस्तुएं एवं सेवाओं के लिए अपने सदस्य देशों द्वारा किए जाने वाले वित्तीय एवं मदद पर आश्रित है। कर्मचारियों की संख्या को कम करने की आवश्यकता है। जैसा कि दि गार्जियन समाचार पत्र ने कुछ समय पूर्व उल्लेख किया था, ''85,000 नौकरशाह, 40 अरब डॉलर के वार्षिक खर्चे, जो 1946 में संगठन के बजट का 2,000 गुना है। पिछले 20 वर्षों में खर्च चौगुना बढ़ गया है और अभी भी, कुछ अभिकरण इस बात संघर्ष में लगे हैं।'' हालांकि, सभी शिकायतों एवं आलोचनाओं के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र वर्तमान समय में एकमात्र ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था संस्था है जहां राज्यो के मुखिया महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हो सकते हैं तथा विश्व की समस्याओं का निराकरण करने हेतु सदस्य देश एकजुट होकर काम कर सकते हैं।

फरमाया

हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि विकासशील जगत बर्बादी, निर्धनता वृद्धि एवं ऋणग्रस्तता के भंवर में न डूबने पाए।

- एंटोनियो गुटेरेस
संयुक्त राष्ट्र महासचिव

हम वैक्सीन बांटेंगे, हम वायरस को हराएंगे, महामारी को खत्म करेंगे और अभूतपूर्व समृद्धि, सहयोग एवं शांति के एक नए युग में प्रवेश करेंगे।

- डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

अर्थव्यवस्था की तरह स्वास्थ्यरक्षा के क्षेत्र में भी अब हमें साझीदारी संबंधों में आने वाले अवरोधों को समाप्त करने की आवश्यकता है।

- व्लादिमीर पुतिन
रूस के राष्ट्रपति

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

दिल्ली में बढ़ता संक्रमण

एक समय कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने की मिसाल बन रही दिल्ली इस समय फिर संक्रमण की तेज रफ्तार की चपेट में है। लगातार बढ़ रहे मामलों से सरकार सतर्क और निश्चिंत हैं, तो वह सामुदायिक संक्रमण की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही हैं। अगर जल्द ही इस ओर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो लोगों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ी चिंताएं बढ़ सकती हैं। कभी कोरोना को पछाड़ने और देश-विदेश में मॉडल बनी दिल्ली फिर कोरोना वायरस के गड्ढे में गिरती दिख रही हैं। प्रतिदिन आ रहे संक्रमण के बड़े आंकड़ों से सरकार की नींद हराम होती जा रही हैं। उस पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का बयान कि जिस तरह से दिल्ली में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ रहा हैं, उसे देखते हुए सामुदायिक संक्रमण से इंकार नहीं किया जा सकता निश्चित रूप से यह बयान ताजा हालातों में ठीक ही हैं। दिल्ली के प्रति 100 में से 10 व्यक्ति संक्रमित निकल रहे हैं। अब तक दिल्ली में 2,38828 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें 21प्रतिशत मृत्यु दर हैं जो देश की मृत्यु दर से 1.6 अधिक हैं। दिल्ली में बढ़ी हुई मृत्यु दर भी चिंता का विषय हैं। राज्य के साथ केंद्र सरकार भी ठोस उपाय करे जिससे हालात बिगड़ने से रोका जा सके।

- अमृतलाल मारू, दसई, मप्र

दोषियों को सजा मिले

ऐसा कहा जाता रहा है कि फिल्में हमारे समाज का आईना होती है और उसमें कार्य करने वाले कलाकार अपने किरदार से समाज के लोगों को प्रभावित करते हैं। परन्तु पिछले कुछ वर्षों में देखा जाए तो बालीवुड में जिस तरह की फिल्में अब बनती है, फूहड़ता और अश्लीलता की जो चरम सीमा का चित्रण फिल्मों में किया जाता है, वो समाज का आईना नहीं बल्कि समाज को एक गलत दिशा में ले जाने का एक दूषित प्रयास है। भारत में एक बहुत बड़ा वर्ग है जो बड़ी भावुकता से इन कलाकारों के साथ हृदय से जुड़ जाता है, उन कलाकारों को अपना आदर्श तक समझने लगता है। परन्तु वहीं कलाकारो के जब वास्तविक जीवन के चरित्र का खुलासा होता है तो वह दर्शक अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। जब से सुशांत राजपूत के केस में ड्रग्स के काले बाजार का एक नया मोड़ आया है और जिस तरह से आये दिन ड्रग्स के सेवन करने वालों की कड़ी दिन पर दिन खुलती जा रही है मानो लगता है पूरा का पूरा बालीवुड ही इस नशे की चपेट में हैं, वो फिर चाहे नये कलाकार हो या पुराने, कोई भी इससे अछूता नहीं है। खुलासा निष्पक्ष होकर करना चाहिए जिससे सभी की असलियत समाज को पता हो सके और इन सभी को उचित दण्ड मिले।

- अभिनव दीक्षित, बांगरमऊ

विरोध का दमन

आज की व्यवस्था में किसी भी मुद्दे या समस्या पर विरोध करना या आवाज उठाना भारी पड़ता जा रहा है। नोएडा में सफाई कर्मियों को हटाने के नोटिस दिए जाने के बाद सभी सफाई कर्मियों द्वारा शांतिपूर्ण विरोध करने व उनकी समस्याओं को सुनने की बजाय सफाई कर्मियों को पुलिस की लाठियां खाने को मिली। नौकरी से निकाले जाने के भय से एक सफाई कर्मी ने खुदकुशी कर ली। बिल के विरोध में किसान सड़क पर है तो उन्हें भी लाठियों से ठोका पीटा गया यानी बातचीत व संवाद का उपक्रम इस कोरोना काल में बंद हो गया है या जमींदोज कर दिया गया है। पिछले कुछ समय से यह ट्रेंड देखने में आया है कि बहुमत में मगरूर हो कर जो भी करना है वो कर दो लेकिन विरोध करने वालों की एक ना सुनो। अगर ज्यादा विरोध करते हैं तो पुलिस की लाठियां तैयार है । आजकल तो बिना वर्दी वाले बाउंसर भी मोर्चा संभालने लगे हैं । चाहे जो हो सरकार का फर्ज है कि वह जो भी कानून बनाए, नियम बनाएं जनता को पूरी तरह संतुष्ट करना चाहिए लेकिन नहीं किया जा रहा है।

- विषधर खरा, उज्जैन

वनविकास निगम व वनविभाग की कार्यवाही कोरमपूर्ति के चलते वन तस्कर सक्रिय, जनमानस में चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम वनमण्डल के द्वारा कुछ लकड़ी तस्करों व घुमंतू भेड़, बकरी ,ऊट चरवाहा पर गत दिवस कार्यवाही कर वाहवाही लुटा जा रहा है जो जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है लोगो का मानना है कि यह कार्यवाही उनलोगों पर किया गया जो उनपर चढ़ावा नही चढ़ता क्योंकि यहां पर लकड़ी तस्करों की संख्या बहुतायत है जिसकी जानकारी वनविभाग व वनविकास निगम के फरवाचर से लेकर उच्चाधिकारियों को हैं और इन तस्करों व भेड़ बकरी ,ऊँट चरवाहा के द्वारा ओहदानुसार चढ़ावा पहुचा दिया जाता है।

भेड़ बकरी ऊट बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंड के वन परिक्षेत्र में इन दिनों बड़ी संख्या मे देखे जा सकते है। पहाड़ व वनों की ऊंचाई अधिक होने के कारण यह ऊंट बड़े पेड़ों की हरियाली चट कर रहे है। और भेड़ बकरी वृक्षारोपण व छोटे पेड़ों की हरियाली। इन ऊंटों और भेड़ों का

झुड़ जहां से निकला जाता है वहां पेड़ों में ठूंठ और जमीन पर बिना पत्तों की डंगाल नजर आती है। बावजूद इसके बावजूद इसके वन विभाग व वनविकास निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी इसे रोकने में के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठा रहे है। जंगलों में वनस्पतियां बड़ी तेजी से नष्ट होती जा रही है। जिस स्थान से इन ऊंटों और भेड़ों का झुंड गुजरता है वहां हरियाली दिखाई नहीं देती है। बीते कुछ सालों से राजस्थान और गुजराज से आने वाले ऊंट और भेड़ वालों यहां जमे हुए है। बोड़ला, लोहारा, पंडरिया, कोदवागोडान, घानी खुटा, बन्दौरा, बोककरखार, तरेगॉव ,देवसरा अंचलों में भेड़ वालों के चलते वनों और वनस्पतियों को काफी नुकसान हो रहा है। वनवासी अंचलों में जहां तहां उनके डेरे दिखाई देने लगे है। एक-एक डेरे में हजारों की संख्या में भेड़ें व बकरिया रहती है।

वनवासियों के अनुसार जिन स्थानों पर इनके डेरे ठहरते हैं और भेड़ें व बकरियां बैठती है वहां घास तक नहीं जमती। दूसरी ओर भेड़ों को खिलाने के लिए उनके चरवाहे जंगल के झाड़ों को काट देते हैं इससे जंगलों में कर्रा, धवड़ा, साजा व अन्य पेड़ जैसे झाड़ों के ठूंठ दिखाई देने लगे हैं। वनवासी अंचलों से कई महत्वपूर्ण वनस्पतियां इन भेड़ों व ऊंटों के कारण विलुप्त होने के कगार पर है। कुछ साल पहले चरौहा नामक झाड़ियों की भरमार रहती थी जो अब समाप्ति की ओर है।

मुख्यालय में नही रहते अधिकारी

वन विभाग व वनविकास निगम के रेंजर, डिप्टी रेंजर व वनरक्षक मुख्यालय में निवास नही करते जिसके चलते अंचल के लोगों को कभी भी इन अधिकारियों की सक्रियता जंगलों की सुरक्षा के लिए दिखाई नहीं देती। इसी का फायदा उठाते हुए चरवाहों ने वनांचल में अपना डेरा जमाना प्रारंभ कर दिया है। वनांचलवासी जब इसका विरोध करते हैं तो उनके द्वारा भी धौंस जमाते हुए विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं वन विभाग के कर्मियों का इन्हें संरक्षण प्राप्त है। इसके कारण बेखौफ होकर जंगलों में घुसकर पेड़ पौधों को चारागाह बनाकर नष्ट कर रहे हैं।

वनविकास बनाम वन विनास

वनविभाग तो पहले से ही सक्रियता के साथ कुछ कार्यवाही करता रहता है लेकिन वनविकास निगम तो केवल कोरम पूर्ति में लगा रहता है इनको किसी के द्वारा लकड़ी तस्करी व राजस्थानी, गुजराती भेड़ ,बकरी ,उट की जानकारी देते हैं वनविभाग या राजस्व विभाग का क्षेत्र में आता है करके अपना पल्ला झाड़ कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर लेते हैं। जिसका भरपूर वन तस्कर व लाभ भेड़ बकरी चरवाहों को मिलता है।

सबको पहुचता है हिस्सा

नाम नही छापने की शर्त पर एक वन तस्करी करने वाले ने बताया कि वनविभाग व निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को उनके ओहदानुसार प्रतिमाह चढ़वा चढ़ाना पड़ता है। इसी प्रकार राजस्थानी भेड़, बकरी, ऊंट चरवाहों का कहना है कि हम तो कई वर्षों से छत्तीसगढ़ व कवर्धा जिला के जंगल मे गुजरा कर रहे है जबतक अधिकारियों को पैसा नही देंगे हमे परेशान करते हैं इसलिए वनविकास ,वनविभाग के फ़रवाचर, वनरक्षक ,रेंजर व वनमण्डल अधिकारी को भी सबको पैसा देते हैं।

स्वास्थ्य कर्मियों के हडताल से स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल शासन ने हडताली कर्मचारियों को वापस ड्युटी ज्वाइन करवाने लगाया एंडी-चोटी करने का दावा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ प्रांतीय आव्हान पर जिले से एनएचएम व एड्स नियंत्रण कार्यक्रम समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी एक सूत्रीय मांग छ.ग. राज्य के 13000 स्वास्थ्य कर्मियों के नियमितिकरण को लेकर लगातार हडताल मे है। गुरूवार को भी जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बडी तादात मे बैनर-पोस्टर के साथ जिला मुख्यालय पहुँच अपनी मांगो के लिए हल्ला बोल धरना-प्रदर्शन किए।

कर्मचारियों के हडताल मे होने से लगातार जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बिगडते जा रही हैं। बिगडते स्वास्थ्य व्यवस्था को देख शासन द्वारा कर्मचारियो को वापस लाने एडी-चोटी का जोर लगाया जा रहा हैं। कभी कर्मचारियों को काल कर कार्य पर वापस लौटने प्यार से समझाया जा रहा है तो कभी धमकी देकर डराया जा रहा हैं। कुछ कर्मचारियों को अलग-अलग जगह बुलाके कार्य पर वापस आने दबाव बनाया जा रहा हैं। परंतु जिले के कर्मचारियों ने ठान लिया है कि नियमितिकरण लिए बगैर वे हडताल से कार्य पर वापस नही लौटेंगे।

इधर विभिनन संगठनो एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियो के मांग को जायज बताते हुए कर्मचारियो के मांग का समर्थन किया है। गुरूवार को कर्मचारियों के नियमितिकरण के लिए बेमेतरा के सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद माहेश्वरी एवं नितू कोठारी ने जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांग नियमितिकरण को पुरा कर जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को पत्र लिखा। वही प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ के प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष दीपक मिरी ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिख कर्मचारियों के मांग को जल्द से जल्द पुरा करने का निवेदन किया। जोगी कांग्रेस के पूर्व नेता एवं किसान नेता योगेश तिवारी ने भी स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांग को जायज बताते हुए कहा कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में कर्मचारियों को नियमितीकरण का तोहफा देने का वादा किया था अब जब कांग्रेस की सरकार शासन में आ गई है तो सरकार को चाहिए कि वे दिनरात duty करने वाले संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी को नियमित कर असली कोरोना वारियर्स का सम्मान दे! संघ के जिला अध्यक्ष पुरन दास ,उपाध्यक्ष संजय तिवारी एवं महासचिव डॉ. डोमन यादव ने बताया कि हम लगातार अपनी मांग नियमितिकरण को लेकर हडताल मे है पर सरकार द्वारा हमारी मांग के संबंध मे कोई प्रतिक्रिया नही दी जा रही है।

सोशल मीडिया पर ग्रासिप करने से पहले अपने गिरेबान में झांके-लक्ष्मीपति

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों पिछली सरकार के कद्दावर मंत्री सोशल मीडिया पर सेक्टर 7 के विकास कार्यों पर टीका टिप्पणी करते नजर आ रहे थे। जिसे मोह तोड़ जवाब देते हुए भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर, खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि सोशल मीडिया पर ग्रासिप करने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

उन्हें मंथन करना चाहिए कि पिछले कार्यकाल में उन्होंने ही सेक्टर 7 के विकास के लिए स्वीकृत करोड़ों की राशि को कैसे निरस्त करवा दिया था। उनके रहते नगर निगम में कितने चहेतों को काम बांटे गए और उनके चहेतों के वार्डों में कैसे होता रहा।

लक्ष्मीपति राजू ने आगे कहा कि पूर्व मंत्री को सेक्टर 7 आकर देखना चाहिए कि कहां कहां पर ब्रेकर तोड़ने की वजह से गड्ढे हो गए है। अगर आम जनता की हैसियत से वे कोई नेक सलाह देते हैं तो न सिर्फ उसका स्वागत करेंगे बल्कि उन गड्ढों को भर कर भी दिखाएंगे। लेकिन गलत बयानबाजी उनके जैसे व्यक्तित्व को शोभा नहीं देता और खासकर उनको जो हमेशा सेक्टर 7 के विकास कार्यों को निरस्त करने को अपना स्वभाव मानते है। उन्हे यह भी देखना चाहिए कि वर्तमान मेयर और विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए जो भी राशि आई है वह सभी वार्डों में बांटी गई।

पिछले नेतृत्व की तरह खास लोगों को तवज्जो देना इस नेतृत्व के स्वभाव में नहीं है। आगे लक्ष्मीपति राजू ने पूर्व मंत्री को जवाब देते हुए कहा कि उनका सिर्फ सेक्टर 7 को बार-बार टार्गेट करना चुनावी मानसिकता को दर्शाता है। बार-बार यहां के विकास कार्यों को रोकते आए हैं। इस बार यहां की जनता काम होते देख रही है। यहां के लोगों की सुविधाएं बढ़ी है। वर्तमान नेतृत्व पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। और संभवतः यह बात पूर्व मंत्री को भी चुभ रही है।

टोटल लाकडाउन का आयुक्त ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण, मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन लोगों पर लगाया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी और तरूण पाल लहरे ने शहर का भ्रमण कर टोटल लाक डाउन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम प्रकाश कुमार सर्वे, तहसीलदार योगेंद्र वर्मा, जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले एवं प्रीति सिंह भी काफिले में मौजूद थे! आयुक्त ने सभी जोन के मार्केट, सब्जी बाजार, मंडी का निरीक्षण किया। आयुक्त के निर्देशानुसार एआरओ की टीम ने बिना मास्क के मार्निंग वॉक पर निकले आम नागरिक और छूट प्राप्त दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। कुल 13 लोगों से 5100 रुपए जुर्माना वसूला गया। आयुक्त रघुवंशी ने जोन-1 नेहरू नगर भेलवा तालाब, केपीएस रोड, रानी अवंती बाई कोहका चौक, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चौक सुपेला, लक्ष्मी मार्केट, होजियारी मार्केट, हार्डवेयर लाइन, आकाश गंगा सब्जी मंडी, वैशाली नगर गोल मार्केट,नेताजी सुभाष चंद्र बोस सब्जी मार्केट, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस बस स्टैंड, खुर्सीपार सुभाष मार्केट, खुर्सीपार होते हुए बीएसपी क्षेत्र के सिविक सेंटर, सेक्टर 10 मार्केट सहित अन्य क्षेत्रों का जायजा लिया इस दौरान एक दूध विक्रेता दुकान पर ही शटर खोलकर दूध विक्रय कर रहा था जिससे 1000 रुपए जुर्माना लिया गया और समझाइश दी गई कि दुकान खोलकर दूध का विक्रय न करें बल्कि दुकान के सामने फिजिकल डिस्टेंस एवं अन्य नियमों का पालन करते हुए अनुमति प्रदान की गई है।

मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन लोगों पर लगाया जुर्माना मार्निंग वॉक पर निकले लोगों से जुर्माना वसूल किया गया और जोन आयुक्त और एआरओ की टीम ने लाक डाउन में घर पर रहने की समझाइश देकर उन्हें वापस भेज दिया। निरीक्षण के दौरान 11 लोगों के खिलाफ मास्क नहीं लगाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। जोन-1 आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने 2 लोगों से 1500, जोन-2 आयुक्त पूजा पिल्ले की टीम ने 7 लोगों से 2800 जुर्माना वसूला। जोन-3 की आयुक्त प्रीति सिंह की टीम ने बिना मास्क के मार्निंग वाक पर निकले तीन लोगों से 200-200 की दर से 600 रुपए जुर्माना वसूला। जोन-5 आयुक्त महेन्द्र पाठक की टीम ने टाउनशिप में एक व्यक्ति के खिलाफ 200 रुपए जुर्माना लगाया।

नगर पालिका कुम्हारी में नवमनोनीत एल्डरमैन की घोषणा



नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा दी गई बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगरीय एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार पूर्व में मनोनीत एल्डरमैन का मनोनयन निरस्त करते हुए इस संबंध में नए एल्डरमैन के मनोनयन आदेश जारी किया गया । मनोनीत एल्डरमैन के नाम एवम् वार्ड

1- पवन अग्रवाल वार्ड क्र. 11, कुम्हारी शहर।
2- अशोक साहू वार्ड क्र. 19 जंजगिरि।
3- ललित सिंह राजपूत वार्ड क्र. 9 शिव नगर।
4- विष्णु देवांगन वार्ड क्र.2 दुर्गा चौक।
5- तिरथ (उत्तम)पटेला, वार्ड क्र.1 सत्य चौक।

नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने सभी नव- मनोनीत एल्डरमैन से अपने पद की गरिमा को स्थापित रखते हुए जन कल्याण संबंधी तथा शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं एवं नगर में जारी कार्यों पर अपना शत प्रतिशत योगदान दे कर नगरवासियों की उन्नति तथा सेवा करने अपनी सक्रिय भागीदारी प्रदान कर जन आकांक्षाओं के प्रति खरे उतरने की बात कहते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

गांधी जी की 151 वी जयंती से 23 पंचायतों में गाँधी सेवा आश्रम की स्थापना, हर पंचायत से 11 महिलाओ का सदस्य मंडल होगा संचालक : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है बालसमुंद जिला पंचायत क्षेत्र 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से गांधी सेवा आश्रम का गठन कर ग्रामीण महिलाओं को स्वालंबी,और उद्यमी बनाकर घरेलू अर्थव्यवस्था में भागीदारी बनाया जाएगा, प्रज्ञा निर्वाणी के अनुसार गाँधी सेवा आश्रम से 300 से भी अधिक ग्रामीण महिलाओं पूरे 365 दिन रोजगार मिल सकेगा, उन्होंने बताया कि गाँधी सेवा आश्रम में परंपरागत ढेंकी से धान कूटकर चावल निकाला जाएगा, जो स्वाद और स्वास्थ्य की दृष्टि से सर्वोत्तम माना गया है राइस मिलो द्वारा बने चावल में पौष्टिकता कम और स्टार्च ही ज्यादा मिलता है,छिलका युक्त अरहर दाल खाने से पाचन संबंधी कोई बीमारी नही होती थी इन सब के अलावा महत्वपूर्ण रूप से गाँधी सेवा आश्रम में कोल्हू से मूंगफली, सरसो तेल की पेराई कर घानी तेल निर्माण किया जाएगा जिसमे किसी भी प्रकार की अशुद्धता और मिलावट की गुंजाइश नही रहेगी,विलुप्त हो रहे

ग्रामीण परम्परा जिनसे अनाज की पौष्टिकता को कायम रखते हुए धान से चावल,गेहूं से दलिया,अरहर से दाल और तिलहन से तेल निकाला जाता था, इन्हें पुनर्जीवित किया जाएगा,मानव श्रम का अधिकाधिक उपयोग कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज्य के सपने को साकार किया जाएगा।

स्वावलंबी ग्रामो से राज्य और देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है ऐसा राष्ट्रपिता बापू का मानना था, गाँधी सेवा आश्रम के उत्पादों को खादी ग्रामोद्योग के साथ अनुबंध के तहत विक्रय किया जाएगा साथ ही साथ इन तीनो ग्रामों में गाँधी सेवा आश्रम से सीधे भी उत्पादों को क्रय किया जा सकेगा, और तो और अगर कोई चाहे तो अनाज या तिलहन देकर गाँधी सेवा आश्रम से अपने लिए हाथ कुट्टी चावल, दाल ,दलिया, मसाला या तेल प्राप्त कर सकता है।

जिसे सेवा आश्रम में नगद के बदले अनाज या तिलहन के रूप में ही पारिश्रमिक देना पड़ेगा।

वहीं गांव के स्कूली छात्र और क्षत्राओ द्वारा प्रत्येक रविवार को ऐक्षिक श्रम सहायता का प्रावधान होगा जिससे उन्हें अपनी परम्पराओ का ध्यान भी रहेगा और यह उनके फिटनेस के दृष्टिकोण से भी फायदेमंद होगा.खादी ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने यह भी कहा कि भविष्य में गाँधी सेवा आश्रम से जुड़े महिलाओ को पंचायत स्तर के सरकारी कार्यक्रमो के प्रचार एवं जागरूकता के कार्यक्रमो को भी संचालन का जिम्मा दिया जाएगा।

घर पर रहकर ही जीतेंगे कोरोना से जंग, कलेक्टर ने लोगों से की सहयोग की अपील

बेमेतरा। कलेक्टर शिव अनंत तायल ने आम जनता से कोरोना वायरस से बचाव के लिये घर पर रहकर हर संभव सावधानी बरतने की अपील की है। कोरोना से बचाव के लिए लागू होने वाले प्रतिबंधों को मानने और जिला प्रशासन के प्रयास को सफल बनाने की अपील लोगों से की है। तायल ने कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये सबसे बेहतर उपाय घर पर रहकर ही इसके प्रभाव में आने से स्वयं को बचाना ही है। उन्होंने लोगों को अनावश्यक यहॉ-वहॉ जाने से बचने तथा सार्वजनिक रूप से इकट्ठा होकर भीड़ जैसी स्थिति नहीं बनाने की सलाह दी है। कलेक्टर ने कहा है कि हम सभी आपसी सहयोग से घर पर रहकर ही कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ेंगे और कोरोना से जंग जीतेंगे। तायल ने कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर सोशल मीडिया सहित अन्य संचार माध्यमों में प्रसारित होने वाली कथित भ्रामक सूचनाओं से भी सावधान रहने की अपील आम नागरिकों से की है। उन्होंने इस तरह की किसी भी सूचना को बिना आधिकारिक पुष्टि के सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने की भी सलाह लोगों को दी है। कलेक्टर ने सभी व्यक्तियों से यह अपील भी की है कि अधिक संख्या में लोगों का एक स्थान पर जमाव रोका जाये। अति आवश्यक होने पर ही सामाजिक कार्यक्रमों को सादगीपूर्ण तरीके से एवं कम लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया जाये।

'राशन-सब्जियों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई'

लॉकडाउन के दौरान जरूरी चीजों को उचित दाम पर ही बेंचें दुकानदार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के फैलाव से बदलते माहौल के बीच जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चावल-दाल जैसी राशन सामग्रियों और सब्जियों के दाम बढ़ने तथा उनकी कालाबाजारी एवं जमाखोरी की अपुष्ट खबरों को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने गम्भीरता से लिया है। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में अति आवश्यक चीजों को, सामान्य दिनों के दामों से अधिक दाम पर नहीं बेचने की अपील दुकानदारों से की है। कलेक्टर के निर्देश पर लोगों को उचित दामों पर जरूरी चीजें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की टीम गठित की गई है। कलेक्टर के निर्देश पर जमाखोरी, कालाबाजारी और जरूरी वस्तुओं के दाम नियंत्रण के लिए खाद्य विभाग सहित लॉजिस्टिक टीम द्वारा सजग रूप से लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने कोरोना वायरस संक्रमण से

लड़ाई में सभी व्यापारियों से अपना सहयोग देने की अपील की है और राशन, सब्जियों आदि की कालाबाजारी तथा जमाखोरी नहीं करने को कहा है। तायल ने तहसीलदारों एवं पटवारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में आलू-प्याज, तेल, दाल, चावल, दूध, सब्जी, नमक आदि जरूरी चीजों के दाम नियंत्रित रखें। किसी भी दुकानदार द्वारा अधिक दाम में चीजों की बिक्री की सूचना मिलने पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध विधिसम्मत प्रकरण तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये हैं कि यदि कोई दुकानदार, संस्थान आवश्यक वस्तुओं को एमआरपी से अधिक दाम में बेचते हुये पाया जाता हैं तो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता 1860 के तहत् कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि लोग बिना किसी घबराहट और शंका-आशंकाओं के अपने घरों में रहें, स्वयं को साफ और स्वस्थ रखें।

सामानों की अतिरिक्त खरीदी के लिये दुकानों में भीड़ न लगायें और न ही अतिरिक्त सामान खरीदकर घरों में जमा करें, ताकि बाजार में जरूरी सामान की कमीं न हो। और दूसरे लोगो को सामान आसानी से सामान्य कीमत पर मिल सके।

पार्षद नीतू कोठारी ने आत्मनिर्भर बनाने और व्यवसाय करने के लिए नि:शक्त महिला को दिया रोजगार के समान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 104 वी जयंती के उपलक्ष्य में बेमेतरा की पार्षद नीतू कोठारी ने निःशक्त महिला को रोजगार देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हाथ ठेला में विभिन्न प्रकार के समान भर कर भेंट किया।

ज्ञात हो कोरोना संकट के दौरान अपने पांचवे राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के बाद के भारत की मजबूत रुपरेखा देशवासियों के सामने रखी। कोरोना के कारण हुए आर्थिक नुकसान एवं आर्थिक ढांचे के चरमरा जाने के पश्चात सबके मन में यही सवाल था कि आगे भारत की आर्थिक नीति क्या होगी? सरकार किन नीतियों का सहारा लेकर नई आर्थिक व्यवस्था को खड़ा करेगी? ऐसी विकट परिस्थिति में, साठ के दशक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हमारे अर्थतंत्र को मजबूत करने के लिए जो विचार दिए, वह पूरी तरह प्रासंगिक नजर आ रहे हैं। सुखद है कि आज सत्ता में दीनदयाल उपाध्याय की वैचारिक नींव पर खड़ी पार्टी है। यह सर्वविदित है कि भाजपा दीनदयाल द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद को अपना वैचारिक दर्शन मानती है। वर्तमान परिस्थितियों के लिहाज से दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक विचारों को बड़े स्तर पर लेकर आगे बढ़ना ही देश के लिए हितकारी रहता और सरकार ने वही किया है। ऐसे स्थिति में निःशक्त या ऐसे व्यक्ति जो रोज कमाते है रोज खाते है जिसको सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने से ज्यादा उनके लिए स्वरोजगार को आगे लाने निश्चय ही उनके जीवन के लिए एक वरदान साबित हो सकता हिऐ जिसको ध्यान में रखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को याद करते हुए पार्षद नीतू कोठारी जैसे युवाओं का समाज के बीच आगे आना और स्वयं के खर्चे से संसाधन उपलब्ध कराकर रोजगार देना जैसे पहल समाज राष्ट्र के आर्थिक स्थिति के लिए बहुत अहम साबित होंगे!

क्विक न्यूज

पात्र-अपात्रों की सूची जारी दावा आपत्ति 28 सितम्बर तक आमंत्रित

मुंगेली। कलेक्टर पी.एस.एल्मा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी.भारद्वाज ने आज जिला मुख्यालय के दाऊपारा स्थित अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक तथा व्यायाम शिक्षको की संविदा नियुक्ति हेतु पात्र-अपात्र अभ्यार्थियों की सूची जारी कर दी है। संविदा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की परीक्षण एवं सत्यापन पश्चात् पात्र-अपात्रों की सूची जारी की है। सूची का अवलोकन वेबसाइट ,उनदहमसप.हवअ.पद पर किया जा सकता है। कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए अभ्यार्थियों द्वारा अपना दावा-आपत्ति केवल स्व प्रमाणित साक्ष्य सहित 28 सितम्बर को शाम 5 बजे तक पीडीएफ फार्मेट में प्रेषित किया जा सकता है। अन्य माध्यम से प्राप्त दावा-आपत्ति स्वीकार नही होगा।

जिले में 1202.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 सितम्बर तक 1202.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में जिले में 12.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1451.2 मिली मीटर, पुसौर में 1594.6, खरसिया में 933.8, सारंगढ़ में 1098.6, बरमकेला में 1110.2, घरघोड़ा में 1060.3, तमनार में 1120.3, लैलूंगा में 1234.4 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 1218.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में अब तक 904.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

मुंगेली। मानसून के दौरान जिले के सभी तीनो तहसीलो मे 1 जून से अब तक 904.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। सबसे अधिक 1033.5 मिली मीटर वर्षा मुंगेली तहसील मे दर्ज की गई है।

रोजगार सहायिका पीएम आवास के लिए राशि की मांग मनचाहे तरीके से करती हैं वसूली

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नन्देली के सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों द्वारा जनपद पंचायत जैजैपुर पहुंच कर पंचायत के रोजगार सहायिका के द्वारा रुपयों की मांग किये जाने की शिकायत की है और उनका स्थानान्तरण किसी अन्य ग्राम पंचायत में कराने की माँग की है।

सरपन्च प्रतिनिधि और ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत नन्देली की रोजगार सहायिका सोनी पलाँगे के द्वारा गाँव में कराये जाने वाले रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत तमाम कार्यो के दौरान तमाम मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए बात करती हैं, और जॉब कार्ड , प्रधानमंत्री आवास आदि बनवाने के बदले में किसी से दो सौ, चार सौ , पाँच सौ और किसी से हजार रुपये तक की माँग की जाती है और नहीं देने पर प्रधानमंत्री आवास सूची से पक्का मकान बताकर नाम कटवा देने की धमकी दी जाती है।

ग्रामवासी इनके इस रवैये से काफी परेशान हैं लेकिन चुँकि खुद को बड़े नेता तक पहुंच रखने का रौब दिखाकर लोगों को डराने के कारण कोई भी खुल कर सामने नहीं आ रहे हैं हालांकि कुछ लोगों ने (नाम नहीं बताने की शर्त पर) इस तरह की बात होने की सूचना कुछ पत्रकारों को दी और खबर के माध्यम से सरकार और जिम्मेदार अधिकारी तक बात पहुंचाने की विनती की तो हमारे संवाददाता अपने एक अन्य पत्रकार साथी के साथ नन्देली गाँव पहुँच कर कुछ लोगों से रोजगार सहायिका सोनी पलाँगे द्वारा किसी प्रकार की फीस मांगने की जानकारी ली गयी तो एकाएक उनको ऐसा झटका लगा जैसे कि अगर वे रोजगार सहायिका के खिलाफ कुछ भी कहने को तैयार नही है । जनता में भय पैदा कर दी प्रधानमंत्री आवास आपसे छिन जायेगा और कइयों ने तो माइक के सामने कुछ भी बोलने से मना कर दिया जबकि बिना कैमरा और माईक के सामने उन्होंने भी इस बात को माना की सोनी पलाँगे द्वारा जियो टेकिंग के दौरान पेट्रोल-पानी के नाम पर 500-500 रुपयों की माँग की गयी है। जबकि कुछ लोगों ने कैमरे के सामने भी इस बात की सच्चाई की तस्दीक की।

हालांकि गाँव में पत्रकारों के आने की भनक जैसे ही रोजगार सहायिका को लगी तो वो तुरन्त ही प्रत्येक हितग्राहियों के घर पहुंच कर उनसे लिखित में यह ले लिया कि हमने रोजगार सहायिका सोनी पलाँगे को किसी भी प्रकार का कोई पैसा नहीं दिया है अब यहाँ पर प्रश्न यह उठता है कि यदि रोजगार सहायिका ने कोई पैसा लिया ही नहीं था तो फिर लिखा कर लेने की आवश्यकता क्यों पडी़। इससे साफ यह होता है कि पत्रकार की डर से अपने बचाव के लिए लिखित में मकान मालिक से डरा कर ले ली है। सभी आवास मालिक से क्यों लिखा कर रोजगार सहायिका ली है जबकि अन्य रोजगार सहायिका इस तरह से लिखा कर ले रहे है क्या । जो कि जांच का विषय भी है और जिसकी जांच होनी भी चाहिए । इसके अलावा रिपोर्टिंग पर गये संवाददाताओं ने जब सोनी पलाँगे से उनका पक्ष जानना चाहा तो सोनी पलाँगे और उनके भाइयों द्वारा लगभग आधे घंटे तक पत्रकारों के साथ बहस किया और बुरा-भला कहा गया और बिना लिखित शिकायत के पत्रकार को गाँव में नहीं घुसना है बोला गया काफी देर के बाद सोनी पलाँगे अपना पक्ष रखने के लिये राजी हुई और सिर्फ इतना कहा कि ये सारी बातें निराधार है मैने किसी से पैसे की मांग नहीं की गयी है। जिससे पता चलता है की इस तरह के लोग यदि किसी भी गाँव में किसी भी प्रकार के पद पर रहे तो वो निश्चित ही समाज के लिए हानिकारक है ,अगर ऐसे लोगों पर समय रहते उचित कार्यवाही नहीं की गयी तो पता नहीं ये क्या कर दे अब देखना यह है कि जैजैपुर जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी पंचराम घृतलहरे जिन पर दबे स्वर में यह आरोप लगाया जाता है कि वे जातिगत कार्य करते हैं, वे अपने स्वजातिय आरोपी के साथ किस तरह से पेश आते हैं।

बोंदाटिकरा पुल के पास मिली युवक की लाश

■ हत्या की आशंका, मामले की जांच में जूटी जूटमिल पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जूटमिल चौकी क्षेत्र के अंर्तगत शुक्रवार की सुबह एक हत्या का मामला सामने आया है। बोन्दाटिकरा पुल के थोड़ा आगे एक युवक की लाश मिली है। लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। फिलहाल मामले की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जूट गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक युवक का नाम नरेश सारथी बताया जा रहा है। जो कि पुसौर रुचिद का निवासी है और मिट्टूमुड़ा में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। बताया जा रहा है कि मृतक गुरूवार की रात सात बजे करीब घर से बाइक ले कर निकला था और रात नौ बजे करीब मृतक युवक का बाइक उसके घर के सामने था पर युवक नहीं था। बाइक देख परिजनों ने रात से ही युवक की खोज शुरू कर दी थी। शुक्रवार की सुबह शव मिलने की सूचना पर जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची। जहां युवक की लाश मिली। जिसकी पहचान नरेश सारथी नाम से किया गया है। घटना देर रात की बताई जा रही है। जहां आरोपियों ने बेरहमी से युवक के चहेरे पर वार कर मौत के घाट उतार दिया है। जूटमिल पुलिस पंचनामा कर लाश को अपने कब्जे में लेकर विवेचना में जुट गई है। वहीं मामले में जूटमिल चौकी प्रभारी अमित शुक्ला ने बताया कि मामले में संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सक्ती विधानसभा एनएसयूआई ने की फीस वापसी की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की परीक्षाएं चल रही है है, जिसके अनुसार उत्तर पुस्तिका डाउनलोड करके प्रिंट कराना है एंव प्रश्न पत्र समय सारणी के अनुसार सभी छात्रो को ईमेल एंव वाट्सएप के माध्यम से भेजा जा रहा है,तथा उत्तर लिखने के पश्चात् सभी उत्तर पुस्तिका को पोस्ट आफिस के माध्यम से महाविद्यालय को प्रेषित करना है, जिसमे सभी छात्रो को खुद से खर्च करना पड़ रहा है जबकि विश्वविद्यालय द्वारा 2019-20 की परीक्षा शुल्क सभी छात्रो से लिया जा चुका है और छात्रो को इस कोरोना काल मे खर्च करने के लिए पैसो की समस्याएं आ रही है जिसके वजह से गरीब छात्र परीक्षा नहीं दे पाने की बात कर रहे है इसी संदर्भ मे सक्ती विधानसभा एन एस यू आई के अध्यक्ष रवि गबेल के नेतृत्व मे पुरी टीम द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री के नाम सक्ती एस डी एम को ज्ञापन सौंपा जिसमे विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका शुल्क पेपर शुल्क बैठक शुल्क की राशि वापस सभी छात्रो के खाते मे या अन्य माध्यम से दिलाने की बात कही है, साथ ही कुलपति के नाम जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती के कार्यलय मे ज्ञापन सौपा एंव कुलपति से भी छात्रो की फीस वापस करने की बात कही गयी।

केंद्र सरकार जनता को बताये कि आवश्यक वस्तु है क्या : महंत रामसुन्दर दास

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

आवश्यक वस्तु संशोधन अधिनियम देश के किसी भी नागरिक के गले नहीं उतर रहा है यह केंद्र सरकार के द्वारा बिना सोंचे समझे लिए गए निर्णय का परिणाम है इसे किसी भी दशा में जन हितकारी या कल्याणकारी नहीं माना जा सकता यह बातें राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अभिव्यक्त की। विदित हो कि केंद्र सरकार के द्वारा आवश्यक वस्तु संशोधन अधिनियम के तहत अनाज, दलहन, तिलहन, खाद्य तेल, आलू और प्याज जैसे जीवनदायिनी वस्तुओं को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटा दिया गया है इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने पूछा कि यदि अनाज, दलहन, तिलहन, खाद्य तेल आलू और प्याज जैसे पदार्थ आवश्यक वस्तु नहीं है तो फिर मानव जीवन तथा प्राणी मात्र के लिए आवश्यक वस्तु क्या है? इसे केंद्र की सरकार स्पष्ट करें! अनाज को तो धर्म शास्त्रों में ब्रह्म का स्वरूप ही माना गया है इसके बिना जीवन संभव नहीं है। इन्हें आवश्यक वस्तुओं के सूची से हटाना लोगों के समझ के परे हैं। इससे भी बड़ा दुखदाई केंद्र की सरकार का वह फरमान है जिसमें उसने इन उपरोक्त वस्तुओं की स्टॉक लिमिट खत्म कर दी है। इसका सीधा सा अर्थ है कि अब इन जीवनोपयोगी वस्तुओं पर बड़े उद्योगपतियों और पूंजी पतियों का एकाधिकार होगा वह जितना चाहे भंडारण कर सकते हैं इससे बाजार व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। याद रखिए बाजार मांग और पूर्ति के सिद्धांत पर कार्य करता है यदि बाजार में वस्तुओं की कमी होगी तो कीमत अपने आप बढ़ जाएंगे। केंद्र सरकार का यह कथन हास्यास्पद है कि कीमतें बढ़ने पर सरकार के पास पूर्व की तरह नियंत्रण की शक्तियां मौजूद होगी, राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि सरकार तो अभी भी वस्तुओं के कीमत पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है फिर जब बड़े उद्योगपति बाजार व्यवस्था पर पूरी तरह से हावी हो जाएंगे तब नियंत्रण कैसे होगा?

सक्ती थाना प्रभारी के रूप में मनीष सिंह परिहार का रहा सफलतम कार्यकाल

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर में विगत वर्ष पदस्थ युवा पुलिस अधिकारी मनीष सिंह परिहार का स्थानांतरण छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश के नवगठित गौरेला- पेंड्रा- मरवाही जिले में किया गया है, तथा जन चर्चा यह है कि मनीष सिंह परिहार एक संवेदनशील तथा युवा ऊर्जावान अफसर है एवं मरवाही के आने वाले दिनों में उपचुनाव होने हैं, तथा प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहतर पुलिस व्यवस्था बनाए रखने हेतु मनीष सिंह परिहार को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में भेजा गया है, तथा मनीष सिंह परिहार शक्ति थाने में पदस्थ होने के बाद से ही निरंतर अपनी कार्य शैली एवं पुलिस तथा जनता के बीच बेहतर मधुर संबंध स्थापित कर आम नागरिकों के मन में विश्वास की भावना बनाए रखने में एक सकारात्मक पहल की, तथा मार्च 2020 के बाद से निरंतर लॉकडाउन के दौरान भी पूरे शहर सहित थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था तथा लोगों को लॉकडाउन के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करवाने में भी उन्होंने समन्वय बनाकर कार्य किया, तथा अपने वरिष्ठ उच्चाधिकारियों के साथ भी निरंतर मार्गदर्शन में पुलिस थाने शक्ति की कार्यप्रणाली को पूर्व की भांति और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास किया।

भाजपा जांजगीर-चांपा जिले द्वारा दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय वेबीनार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिला द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के आग्रह पर 25 सितंबर को अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता जांजगीर चांपा विधायक नारायण चंदेल, अकलतरा विधायक सौरभ सिंह एवं भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा प्रमुख रूप से थे, एवं प्रमुख वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए आज भारतीय जनता पार्टी को विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल का दर्जा मिलने में इन्हीं सभी कर्म योगियों के बताए मार्गो एवं उनके आदर्शो पर चलकर ही पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मेहनत का प्रतिफल बताया एवं भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक विभिन्न आयोजन मडल स्तर पर होने हैं, तथा सभी पार्टी कार्यकर्ता वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण एवम लॉकडाउन की स्थिति को देखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं आने वाले 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के कार्यक्रमों को संपादित करें तथा मंडल स्तर पर संपादित कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग अपने संबंधित प्रभारियों को अवश्य करें, 25 सितंबर को भाजपा जांजगीर-चांपा जिले द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वेबीनार में काफी संख्या में जिले के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों एवं जिले के पदाधिकारियों ने भागीदारी की।

शत-प्रतिशत बच्चों तक हो शिक्षा की पहुंच- कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पढ़ई तुहर दुआर और पढ़ई तुहर पारा के विभिन्न शैक्षणिक मॉडलों से नियमित रूप से शिक्षा प्राप्ति से वंचित हो रहे छात्रों के लिये उनकी परिस्थिति के अनुकूल कार्ययोजना बनाकर बच्चों को जोड़िए। कोरोना संकट के बीच भी हमें शत-प्रतिशत बच्चों तक शिक्षा की पहुंच बनानी है। उक्त निर्देश कलेक्टर भीम सिंह ने शिक्षा गुणवत्ता पर आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस कोरोना महामारी के इस दौर में रायगढ़ जिला शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि यह जिले के शिक्षकों के प्रयास का ही परिणाम है कि प्रदेश में सबसे अधिक रायगढ़ जिले से छात्रों को ऑनलाईन व ऑफलाईन शिक्षा से जोड़ने में हम सफल रहे हैं। कलेक्टर भीम सिंह ने नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में कम्युनिटी रेडियो के माध्यम से पढ़ाई करवाए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत और जिला शिक्षा अधिकारी को इस दिशा में काम करने के निर्देश दिये और कहा कि यदि कम्युनिटी रेडियो के माध्यम से पढ़ाई करवाना संभव होता है तो यह दूरस्थ अंचलों में रह रहे बच्चों को शिक्षण गतिविधियों से जोड़ना आसान हो जाएगा।

विभागीय गतिविधियों की हुई समीक्षा– कलेक्टर ने पढ़ई तुहर दुआर के विकासखण्ड वार क्रियान्वयन की जानकारी ली और कम उपस्थिति संख्या वाले विकासखण्डों में योजना का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को ऑनलाईन व ऑफलाइन शिक्षा ले रहे बच्चों की प्रतिदिन विकासखण्डवार जानकारी प्रस्तुत करने के लिये कहा। स्कूलों में पुस्तक, गणवेश व सुखा राशन वितरण की भी जानकारी ली। विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण पर चर्चा की गई। जिन पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है वहां ऑनलाइन पढ़ाई से बच्चों को जोड़ने के निर्देश दिए।

अधोसरंचनात्मक कार्यों की भी ली जानकारी– कलेक्टर भीम ने विभिन्न स्कूलों के अंधोसरंचना निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों जहां अतिक्रमण की शिकायत मिली थी उसके सीमांकन व अतिक्रमण विस्थापन के संबंध में अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। स्कूलों में शौचालय निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखने के निर्देश दिए। स्क्रेप व टूट-फूट वाले सामानों की नीलामी करने के लिए कहा। विद्यालयों का रंग-रोगन करवाने के निर्देश भी दिए।

31 अक्टूबर तक किये जा सकते है ऑनलाईन आवेदन

मुंगेली। जिले में अल्प संख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के छात्र-छात्राओं को प्री.मै., पो. मै. एवं मेरिट कम मीन्स (इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं अन्य तकनीकीय स्तर के लिए) छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु वेबसाइट पर ऑनलाईन पोर्टल प्रारंभ किया गया है। छात्रवृत्ति हेतु पोर्टल पर 31 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते है। ऐसे संस्थाएं जहां अल्प समुदाय के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत् है, उन संस्थाओं के संस्था प्रमुखों को ऑनलाईन पोर्टल पर प्रक्रिया कर प्रविष्टि पूर्ण करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने शासकीय अशासकीय, प्राथमिक माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठको और हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यो को पत्र जारी किया है। जारी पत्र में उन्होने कहा है कि अल्प संख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को प्री.मै., पो. मै. एवं मेरिट कम मीन्स ऑनलाईन छात्रवृत्ति हेतु वेरिफिक्रेशन के लिए अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2020 तिथि निर्धारित की गई है।

अंग्रेजी माध्यम शासकीय शाला के लिए विषय विशेषज्ञ संविदा शिक्षकों की भर्ती हेतु साक्षात्कार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय शक्ति द्वारा शहर के पुराने शासकीय बालक हाईस्कूल परिसर में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत खुलने वाले अंग्रेजी माध्यम के शासकीय उत्कृष्ट शाला के लिए संविदा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार,सत्यापन एवं कौशल परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है, तथा 22 सितंबर को जारी सूचना के अनुसार 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक शासकीय उत्कृष्ट शाला शक्ति के लिए जांजगीर चांपा के जिला पंचायत संसाधन केंद्र जांजगीर में करीब 33 अलग-अलग पदों के लिए साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा सुबह 9:00 बजे से अलग-अलग तिथियों में प्रारंभ होगी तथा इससे पूर्व शासकीय उत्कृष्ट शाला सक्ति हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन मंगवाए गए थे, जिसमें लगभग सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब-करीब 10000 आवेदन आए जाने की चर्चा थी, तथा अब शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शाला शक्ति हेतु विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति का कार्य अंतिम चरण पर है।

सक्ती के अखराभाटा स्थित ब्लू बेल इंग्लिश मीडियम स्कूल ने कोरोनाकाल को देखते हुए अभिभावकों को दी ऑनलाइन क्लासेज में 50 प्रतिशत की छूट

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के अखराभाटा में स्थित ब्लू बेल इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण को देखते हुए चल रही।

वैश्विक महामारी के बीच पालकों के लिए एक सकारात्मक पहल करते हुए एवं एक कदम आगे बढ़ाते हुए ऑनलाइन क्लासेज के लिए 50त्न की छूट देने की घोषणा की है, तथा ब्लू बेल इंग्लिश मीडियम स्कूल विद्यालय प्रबंधन की डायरेक्टर अधिवक्ता सुश्री अलका जायसवाल द्वारा इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि विगत कुछ माह से पूरे देश में चल रही कोरोना की वैश्विक महामारी से हर व्यक्ति को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तथा विशेषकर स्कूली बच्चों के अभिभावक इस महामारी से सबसे ज्यादा परेशान हैं एवं अभिभावकों को फीस की चिंता सता रही है जिसे देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने स्कूल द्वारा संचालित ऑनलाइन क्लासेज में पूर्व में निर्धारित फीस में 50त्न की कटौती किए जाने का निर्णय लिया है, तथा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावक यथाशीघ्र इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, एवं अभिभावक जो अपने बच्चों का प्रवेश ब्लू बेल इंग्लिश मीडियम स्कूल अखराभाटा शक्ति में करवाना चाहते हैं उन्हें भी इस 50 प्रतिशत की कटौती का लाभ मिलेगा, उल्लेखित हो कि अधिवक्ता एवं विद्यालय प्रबंधन की डायरेक्टर अलका जायसवाल की इस पहल का लोगों ने स्वागत किया है, तथा लोगों ने कहा है कि विद्यालय प्रबंधन की इस पहल से अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी तथा स्कूल फीस को लेकर वर्तमान समय में पूरे देश में आपाधापी मची हुई है एवं अभिभावकों तथा विद्यालय प्रबंधनों के बीच जहां आए दिन टकरार की स्थिति देखी जा रही है।

कुकुसदा गौठान के महिला स्व सहायता समूह को वर्मी टैंक एवं नाड़ेप भराई हेतु प्रशिक्षण दिया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

उप संचालक कृषि मुंगेली के मार्ग दर्शन मे आज पथरिया विकासखंड के कुकुसदा गौठान के महिला समूह को वर्मी एवं नाड़ेप टांका के भराई के सम्बन्ध मे जानकारी दिया गया जिसमे कृषि विभाग के अधिकारी श्री साहू जी व पटेल जी द्वारा महिला समूह को बतया गया की किसा प्रकार से वर्मी खाद बनना है ओर उसके तकनीक को बतया की एक वर्मी टांका मे 4 से 5 किलो केंचुआ डालना की सुझाव दिया गया फिर वर्मी खाद तैयार होने के पश्चात् छनाइे की विधि पैकिंग की मात्रा एवं बिक्री की व्यवस्था के सम्बन्ध मे बतलाते हुए क्रमशः 2ाह 5ाह, 30ाह ग्राम की पैकेट बनने की जानकारी दिया गया एवं बिक्री सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किया जावेगा एवं उपस्थिति ग्रामवासियो के पशुपालको को गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर बेचने की सलाह दिया गया एवं कृषिको को जैविक खाद को अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा गया इस प्रशिक्षण मे महिला समूह के अध्यक्ष श्रीमती सावित्री बाई निषाद, सचिव रामकुंवर निषाद, व गौठान समिति के अध्यक्ष अशोक जायसवाल, सीताराम, अंजोरदास, लोकेश्वरी शुक्ला,जलेश्वर मार्को सरपंच प्रतिनिधि, रामस्नेही एवं समूह समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामवाशी उपस्थिति रहे ।

लॉकडाउन के पहले अवैध बिक्री के लिए शराब का संग्रहण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन में अवैध शराब संग्रहण पर कार्रवाई के लिए थाना प्रभारियों द्वारा मुखबिर तैनात कर रखा गया है । इसी क्रम में 23 सितंबर को चक्रधरनगर एवं कोतवाली स्टाफ द्वारा अवैध बिक्री के लिए शराब परिवहन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 45 पाव रायल स्पेशल अंग्रेजी शराब एवं 20 पाव देशी प्लेन शराब जप्त किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर पुलिस द्वारा स्कुटी में आरोपी लोकराम साहू पिता ईश्वर प्रसाद साहू उम्र 47 वर्ष निवासी भगवानपुर नीचे बस्ती आश्रम के सामने थाना कोतरारोड को एसबीआई बैंक के सामने मेन रोड चक्रधरनगर पर अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए पकड़े। आरोपी स्कुटी की डिक्की में 45 पाव रायल स्पेशल अंग्रेजी शराब लेकर जा रहा था। आरोपी की स्कुटी व शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ थाने में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR (C.G)

NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCURMENT
(Two-Envelope Bidding Process with e-Procurement
e-PROCUREMENT REQUEST FOR BIDS
eProcurement Portal : https://eprocure.gov.in

CORRIGENDUM NO.1

In Tender ID No. 2020_WRCWB_579872_1/RFB No. 07/SAC/2020-21/Rudri/Drip-II Dated 31.08.2020 G.No. 83425 is amendments. Detail amendments is upload in (https://eprocure.gov.in)

Executive Engineer,
E&M H.E.M.M. Division Rudri
for Chief Engineer
Mahanadi Project Water Resources
Department Raipur

G-83895/8

185 आंगनबाड़ी केन्द्रों के 2 हजार 997 बच्चे और 605 हितग्राही महिलाएं टिफिन के माध्यम से गरम भोजन प्राप्त कर हो रहे लाभान्वित

प्रदेश का पहला जिला, जहां आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता टिफिन के जरिये घरों तक गर्भवती व नौनिहालों को गर्म भोजन रही हैं पहुचा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर जिले के 185 आंगनबाड़ी केन्द्रों में टिफिन के माध्यम से गरम भोजन प्रदाय शुरू शुरू हो गया हैं। जिला प्रशासन की इस सराहनीय पहल से बालोद प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता टिफिन के जरिये घरों तक गर्भवती व नौनिहालों को गर्म भोजन पहुचा रही हैं। जिन ग्रामों में कोविड-19 संक्रमण नहीं है। वहां प्रथम चरण में 185 आंगनबाड़ी केंद्रों को खोला गया हैं।

गरम भोजन टिफिन के माध्यम से हितग्राहियों एवं 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के घर पहुँचाकर प्रदाय किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री पोषण योजना को सार्थक बनाने जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल की शुरुआत की हैं। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले के 185 आंगनबाड़ी केन्द्रों के 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के 2 हजार 997 बच्चे और 605 गर्भवती हितग्राही महिलाओं को टिफिन के माध्यम से गरम भोजन घर तक पहुँचाकर लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि ग्राम पंचायतों एवं अभिभावकों की सहमति उपरांत जिले के 185 आंगनगाड़ी केन्द्रों के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को कुपोषण एवं एनिमिया से मुक्त करने गरम भोजन प्रदाय शुरू किया गया है। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि टिफिन के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा भोजन तत्काल तैयार किया हुआ हो एवं गरम हो। शासन के गाइडलाइन के अनुसार मास्क, सेनेटाइजर, साबुन, ग्लब्स, सामाजिक दूरी आदि कोविड संक्रमण से बचाव के उपायों का पालन किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का स्वास्थ्य खराब होने पर वे स्वयं की स्वास्थ्य जॉच कराकर अपने एवं अपने परिवार का ध्यान रखें।

ऐसे सेंटर पर उनके द्वारा गरम भोजन वितरण न किया जाए, किसी अन्य कार्यकर्ता के द्वारा वितरण कराया जा सकता है। ऐसे ग्राम जहां कोविड संक्रमण फैला हुआ है वहां गरम भोजन का वितरण न किया जाए। भोजन पकाने के बर्तन एवं टिफिन को उपयोग लाने के पूर्व क्लीनिंग पाउडर एवं गरम पानी से अच्छी तरह साफ किया जाए। होम विजिट के समय बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ उनके परिवार वालों के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली जाए। गरम भोजन एवं रेडी-टू-ईट वितरण कार्य के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ, सीडीपीओ, सुपरवाइजर नियमित रूप से दौरा कर कार्यो का सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपादन सुनिश्चित कराएं। किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर जिला कार्यालय को अवगत कराएं।

हम किसानों, गरीबों और ग्रामीणों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं-भूपेश बघेल

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से गोधन न्याय योजना के तहत प्रदेश के 83 हजार 809 गौपालकों एवं गोबर विक्रेताओं को चतुर्थ किश्त के रूप में 8 करोड 02 लाख रूपए की राशि का आनलाइन भुगतान सीधे संबंधितों के खातों में किया। एक सितंबर से 15 सितंबर तक गोधन न्याय योजना के अंतर्गत जषपुर जिले के 1794 गोबर विक्रेता हितग्राहियों द्वारा 5088 क्विंटल गौठानों के माध्यम से विक्रय किया गया है। जिनका भुगतान आज उनके खाते में 10 लाख 18 हजार की राषि ऑनलाईन की गई है। कलेक्टर महादेव कावरे ने जानकारी देते हुए कहा कि जषपुर जिले में 64 ग्राम पंचायत गौठान और 5 नगरीय निकाय के गौठान कुल 69 गौठानों में एप के माध्यम हितग्राहियों से गोबर खरीदी की जा रही है। आज जिले के 1794 कृषक को राषि मिली है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से गौठानों में ही गोबर विक्रय की ऑनलाईन एन्ट्री की जाती है। अब एप के माध्यम से हितग्राही गोबर विक्रय और प्राप्त राषि की भी जानकारी प्राप्त कर रहे है।

कलेक्टर ने आइसोलेशन सेन्टर और कोविड केयर सेंटर में डाक्टरों को नियमित विजिट करने के दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने आज लाइवलीहुड में बनाए गए आइसोलेशन सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान डाक्टरों से आइसोलेशन सेन्टर में नियमित विजिट की जानकारी ली कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कोविड 19 केयर सेंटर से शिकायत मिल रही है कि डाक्टरों द्वारा नियमित विजिट नहीं किया जा रहा है यह ठीक बात नहीं है। उन्होंने डाक्टरों को कड़ी हिदायत देते हुए व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि कोविड केयर सेंटर से शिकायत नहीं आनी चाहिए ऐसी व्यवस्था में सुधार लाने के लिएक हा गया है। उन्होंने कहा कि विजिट करने से पहले डाक्टरों द्वारा माईक के माध्यम से एलाउंस करके मरीजों को आने की जानकारी दे ताकि मरीजों को जानकारी हो सके।

उन्होंने सेटर में सीसीटीवी कैमरे से मरीजों की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और मरीजों को गुणवत्ता युक्त भोजन देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत नहीं आनी चाहिए इसका विशेष के ध्यान रखें और डाक्टरों की दो पाली में ड्यूटी लगाकर नियमित विजिट अव करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी सुथार, डीपीएम गनपत नायक, डॉ अनुरंजन टोप्पो जिला चिकित्सालय का सलाहकार राजेश कुरील उपस्थित थे।

राज्य में गिरदावरी फसल प्रवृष्टि करने ने में प्रथम स्थान पर है

जशपुरनगर। कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्षन में और समस्त राजस्व विभाग, भू-अभिलेख, एसडीएम, तहसीलदार, आरआई, पटवारियों के संयुक्त प्रयास से जषपुर जिला 25 सितम्बर 2020 की स्थिति में गिरदावरी फसल प्रवृष्टि करने में राज्य में प्रथम स्थान पर है। राज्य शासन का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत भूईयां साफ्टवेयर में किए गए फसलों की सटिक जानकरी ऑनलाईन प्रवृष्टि की जाती है। राज्य के संपूर्ण जिलों में गिरदावरी प्रवृष्टि का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों में किसानों से दावा आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर 2020 निर्धारित की गई है।

कावरे ने 8 चिकित्सा अधिकारी को जारी किया नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे कोरोना की तैयारी को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को जिले के सभी 8 विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने फरसाबहार, मनोरा, पत्थलगांव, कुनकुरी, कांसाबेल, लोदाम, दुलदुला, बगीचा, के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए कहा है कि वर्तमान स्थिति में कोरोना महामारी के संक्रमण के बचाव के लिए जिले में 22 सितम्बर की रात12 बजे से आगामी 29 सितम्बर की रात12 बजे तक पूरे जिले में कंटनमेंट जोन घोषित किया गया है। कलेक्टर ने नोटिस में कहा है कि देखने में आया है एन्टिजन और आरटीपीसीआर टेस्टिंग लक्ष्य के विरूद्ध बहुत कम टेस्ट किए जा रहे हैं। कैम्प का आयोजन भी नहीं हो रहा है। स्वास्थ्य केन्द्रों में कोविड 19 टेस्टिंग उपरांत रिकार्ड, आईसीएमआर, एप में दर्ज नहीं किया जा रहा है जो आपके शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्षित करते हुए यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के विपरित है। कलेक्टर ने कहा है कि उक्त कृत्य के लिए क्यों न आपके विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देष दिए हैं उन्होंने कहा कि नियत समयावधि में जवाब संतोष जनक नहीं पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

झूठे वादे कर सत्ता में आई सरकार, संविदा कर्मचारियों को नियमित करें

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता मनोज देव ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कहा वादा खिलाफी सरकार...मनोज देव ने कहा 2018 के विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस के द्वारा जनघोषणा पत्र जारी किया गया था, प्रदेश की जनता के साथ झूठे वादे कर सत्ता मे आई कांगेस सरकार आज अपने वादे से मुखर रही है, पूरे प्रदेश के अनियमित कार्मचारियो के दम पर सत्ता मे बैठी कांग्रेस सरकार N.H.M. संविधा स्वास्थ्य कार्मचारियो पर कार्रवाई करना बंद करे। 2018 के विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस के जन घोषणापत्र मे पूरे प्रदेश के nhm संविधा स्वास्थ्य कार्मचारियो को सरकार बनने के मात्र 10 दिनो मे नियमित करने का वादा कांग्रेस सरकार ने किया था, जो आज तक यह वादा कोरा झूठ नजर आ रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार N.H.M. संविधा कार्मचारियो के हित मे कोई भी सकारात्मक पहल करता नही दिख रहा है। झूठ का फूलिंदा जन घोषणापत्र मे दर्शाकर प्रदेश की आम जनता, किसान, बेरोजगार युवाओ, माताऐ- बहने, अनियमित कर्मचारियों को ठगने का काम किया है। सरकार से आज पूरे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है, एक भी वादा पूरा नही कर पाई है सरकार, जिससे पूरे प्रदेश की जनता भारी अक्रोश मे है। NHM संविधा स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार अपने वैधानिक मांगो को लेकर सरकार के समक्ष बात रख रहे थे लेकिन सरकार आज तक इस ओर कोई भी पहल नही किया है। आज पूरा देश कोरोना 19 संक्रमण से जूझ रहा है, और कोरोना वारियर्स के रूप मे NHM के संविधा कर्मचारी लगातार करोना संक्रमण के समय भी अपने सेवाये देते हुए 12 से 14 घण्टे काम करते है। आम जनता स्वास्थ्य रहे इसलिए कोरोना जांच हो या कोरोना संक्रमित व्यक्तियों का ईलाज हो, चाहे घर घर जाकर कोरोना जांच हो लगातार NHM कर्मचारियो ने अपनी योगदान देते आ रहे है।

सोशल डिस्टेंस के साथ घरों में मनाई गई जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती

जशपुरनगर। शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सोशल डिस्टेंस को ध्यान में रखकर घरों पर ही मनाया गया। इस संबंध में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि पूर्व निगम अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण कुमार राय द्वारा अपने निवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूण्य स्मरण किया, और उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक, साहित्यकार, जनसंघ के संस्थापक, कुशल संगठनकर्ता, एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की यह विचारधारा कि 'भारतीय संस्कृति व भारत से ममत्व रखने वाले सभी लोग एक जन हैं' जो कि राष्ट्रवाद का आधार है, उनके साथ बड़ी बात यह थी कि सरकार किसी भी हो, वे वही बात करते थे जो उन्हें सही लगती थी, कभी भी विचारों में फायदे या नुकसान के लिए उन्होंने बदलाव नहीं किया,वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत एवं सशक्त भारत चाहते थे। एक बार डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी जी ने उनकी कार्यकुशलता एवं क्षमता से प्रभावित होकर कहा था कि अगर मुझे दो दीनदयाल मिल जाए तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल डालूंगा।

म.प्र. के 84 पौवा देशी मसाला शराब, 02 नग मोटर सायकल के साथ 03 आरोपी गिरफ्तार...

बेमेतरा। बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि सिमगा रोड की ओर से दो मोटर सायकल में अवैध शराब बिक्री करने के लिए कुमसी की ओर आ रहे है कि सूचना पर उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल बैस, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी बेमेतरा, हमराह स्टाफ एवं गवाहन के साथ ग्राम कुसमी नाला के पास नांकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों के चेक कर रहे थे तभी सिमगा की ओर से दो मोटर सायकल आया जिसे रोक कर चेक करने पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी-04 एमएफ-9957 के चालक को उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम संजय धृतलहरे साकिन खैरघट थाना सिमगा बलौदाबाजार तथा साथ में बैठे दूसरा व्यक्ति रमेश तिवारी साकिन खैरघट थाना सिमगा बलौदाबाजार का रहने वाला बताया जिसके पास रखे सफेद रंग की बोरी को चेक करने पर देशी मसाला शराब 40 नग पौवा कीमती 4000/- रूपये तथा मोटर सायकल क्रमाक सीजी-22/3736 के चालक भूपेन्द्र चतुर्वेदी साकिन रवेली थाना बेमेतरा के मोटर सायकल के सामने टंकी में रखे नीले रंग की बोरी को चेक करने पर देशी मसाला शराब 44 नग पौवा कीमती 4400/- साथ दोनो मोटर सायकल (कीमती जुमला रकम कुल 45000+30000=85000/-) को मौके पर ही गवाहों के समक्ष आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर आरोपीगणों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. राजेश मिश्रा, प्र.आर. प्रदीप तिवारी, आर. जितेन्द्र वर्मा, संदीप साहू, हेमंत वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग का प्रवास...पढ़ई तुंहर दवार का लिया जायजा...बेहतर कार्य के लिए जिला प्रशासन की तारीफ...

सुकमा। आज प्रदेश के आलोक शुक्ला प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग का एक दिवसीय प्रवास पर थे। प्रवास के दौरान गादीरास, मुरतोंडा, गादीरास का दौरा किया और पढ़ई तुंहर का जायजा लिया। उसके बाद जिला मुख्यालय स्थित इंग्लिश स्कूल का जायजा लिया। शिक्षा क्षेत्र में बेहतर काम के लिए जिला प्रशासन की तारीफ की। दंतेवाड़ा से सड़क मार्ग से होते हुए सुकमा पहुँचे स्कूल शिक्षा प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला गादीरास रुके। जहां चल रही ऑफलाइन क्लास में बच्चो से चर्चा की। उसके बाद मुरतोंडा व सोड़ीपारा पहुँचे जहां पढ़ई तुंहर के बच्चों व शिक्षको से बातचीत की। वही जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावरास पहुँचे। जहां पूरे स्कूल का जायजा लिया। लेब व पुस्तकालय को देखा और जिला प्रशासन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसी अच्छी व्यवस्था वाली स्कूल बाकी जगह नही देखने मिलती है। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, श्याम सुंदर सिंह चौहान मौजूद थे।

एनएचएम कर्मचारियों को मिला सीपीआई का समर्थन, पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा सरकार कर्मचारियों से करे बातचीत...

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

एनएचएम कर्मचारी काफी दिनों से हड़ताल पर है और उनको समर्थन देने के लिए सीपीआई के नेता पहुँचे। पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कर्मचारियों को समर्थन देते हुए कहा कि मांगे जायज है और सरकार को बातचीत करनी चाहिए।

आज सीपीआई नेता व पूर्व विधायक मनीष कुंजाम एनएचएम कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि 2005 में बस्तर संभाग में संविदा में भर्ती किया गया था आज तक नियमित नही किया गया है। बल्कि 12 सौ भर्ती की गई थी उसमें भी नही लिया गया। वही चुनाव के समय सभी कांग्रेस के नेताओ ने वादा किया था। लेकिन सकरार बने महीनों बीत गए लेकिन वादा पूरा नही हुआ है।

मांगे जायज सरकार को बातचीत करनी चाहिए- मनीष कुंजाम

सीपीआई नेता व पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा कि एनएचएम कार्यकर्ताओ की मांगे जायज है। जब सरकार में आने से पहले वादा किया था तो वादा पूरा करना चाहिए था। कम से कम सरकार को कर्मचारी संघ से बातचीत करना चाहिए। और उनको आश्वस्त करना चाहिए। लेकिन सरकार ने एस्मा व कर्मचारी विरोधी कानून लगा रही है वो गलत है। एनएचएम कर्मचारी संघ को हमारा पूरा समर्थन है।

मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी, मानवाधिकार ने भी लिखा पत्र

बीजेपी सांसदों और केंद्रीय एनएचएम कर्मचारी संघ ने दिया प्रदेश के आंदोलनकर्मियों को साथ

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

अपनी जायज मांग एवं अधिकार के लिए आंदोलनरत एनएचएम कर्मचारी शुक्रवार को सातवें दिन भी हड़ताल पर अडिग रहे। और इधर जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल- बेहाल होता जा रहा है। एक तरफ जिला प्रशासन का यह कहना है कि जिले के समस्त एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल का जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं पर कोई असर नही पड़ा है और समस्त स्वास्थ्य सेवायें सुचारू रूप से संचालित हो रही है। साथ ही वर्तमान में कोरोना जांच, रिपोर्टिंग व सैम्पल आदि कार्य के लिए अन्य विभागों से समन्वय कर कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था की जा चुकी है। तथा स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्य पूर्व की भांति ही संचालित हो रहे। किन्तु दूसरी तरफ कोरोना जांच, रिपोर्टिंग व सैम्पल कार्य मे कमी के संबंध में जशपुर जिले के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस भी जारी किया गया है। जिससे यह साफ प्रतीत होता है कि जिलें के समस्त एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से समस्त प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं न सिर्फ बाधित हुई है वरन पूर्ण रूप से चरमरा भी गई है। जो जिला प्रशासन के साथ-साथ यहां की जनता के लिए भी घातक है। क्योंकि ऐसे में कोरोना की वास्तविक स्थिति का ज्ञान जिला प्रशासन को नही हो पाएगा।

जांच नहीं होने का पड़ेगा का प्रभाव

कोरोना जांच के आभाव में कोरोना वायरस से ग्रसित व्यक्ति के द्वारा अनजाने में ही संक्रमण कई लोगों तक पहुँच जाएगा, जिससे दिनों-दिन मरीजों की संख्या में न सिर्फ इजाफा होगा वरन जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं पर बुरा असर पड़ेगा। ऐसे समय में जब अनुभवी और पारंगत स्वास्थ्य कर्मचारियों की जरूरत है तब जिला प्रशासन का अन्य विभाग से अनुभव विहीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने से स्थिति कैसे सम्भलेगी यह सोचने वाली बात है। यकीनन इस पर जिला प्रशासन को सोचने की जरूरत है।

कोरोना का कहर, हड़ताल जारी

इस वैश्विक महामारी के समय में जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृनिकरण की आवश्यकता है। ऐसे समय मे जिलें की चरमराती स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर शासन प्रशासन का ध्यान न देना समझ से परे और जन सामान्य के लिए भी घातक हैं। जिलें में विगत सात दिवस से आंदोलनरत एनएचएम कर्मचारियों की मांग को सरकार अनदेखा कर जनता की जान को जोखिम में डाल रही है। और ऐसी ही स्थिती और शासन की विफलता के कारण आज कोरोना के आंकड़ो में छत्तीसगढ़ ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। दिन-ब-दिन कोरोना के ग्राफ का बढ़ना एनएचएम की आवश्यकता को साबित करता है। और इस बात का समर्थन न सिर्फ सत्ता पक्ष के विधायक/मंत्री वरन विपक्ष के विधायक व मंत्री के साथ साथ समस्त कर्मचारी संगठन और जिले कि जनता भी कर रही है। ऐसे में सरकार को इनकी मांग पर आवश्यक रूप से ध्यान देना चाहिए

अध्यक्ष तपन चंद्राकर, एंटीजेन, और ट्रू नॉट की प्रारंभिक रिपोर्ट्स में पोसिटिव

कुरुद। कोरोना कोविद 2019 के संक्रमण की चपेट में आये कुरुद नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, एंटीजेन , और ट्रू नॉट की प्रारंभिक रिपोर्ट्स में पोसिटिव आने के पश्चात 14 दिनों के होमआइसोलेशन में स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कोरोना जंग में सफलता हासिल की, और कोरोना नेगेटिव हुए। जिस पर तपन चंद्राकर ने दूरभाष पर कहा कि हमे कोरोना से डरने, या लापरवाह होने कि बजाय इससे सतर्क रूप से लड़ने हेतु जागरूक होने की आवश्यकता है।ताकि हम सभी प्रारंभिक लक्षणों, या संभावनाओ को जान त्वरित जाँच, उपचार करा स्वयम को, अपने परिवार को, अपने इष्टजनो, मित्रो को, सभी को संक्रमण से प्रभावित होने से बचा सके। और स्वास्थ्य विभाग, छ. ग., शाशन के नियमो का पालन करते हुए खुद को, अपने परिवार को, अपने शहर को, अपने छत्तीसगढ़ को अपने देश को।

इस covid 19 से बचाये।

साथ ही उन्होंने कहा कि अब मैं पहले की तरह ठीक हुं । और स्वास्थ्य विभाग के निर्देश अनुसार 2 दिन के होम आइसोलेट के पश्चात, मैं सोमवार से पुनः अपने नगरजनो की सेवा में लग जाऊंगा।

गोल्डी हत्याकांड : फरार चार आरोपी गिरफ्तार, 124 के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

पुलिस ने छेड़ा अभियान, ऑपरेशन क्लीन के तहत बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीते बुधवार रात हुए गोल्डी मरकाम हत्याकांड के मामले में पुलिस ने फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार की रात अफवाह उड़ी थी कि इनमें से एक आरोपी चिन्ना की हत्या कर दी गई है। इसके बाद पूरी रात पुलिस उसकी तलाश में जुटी रही। आखिर में सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर ही लिया गया। इस हत्याकांड के दो आरोपी अब भी फरार है। इधर पुलिस ने शुक्रवार को शहर के बदमाशों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन चलाकर धर-पकड़ की बड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन के तहत निगरानी बदमाश, गुण्डे, माफी बदमाश एवं वारंटियों के घरों में दबिश देकर चेकिंग की कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई में 124 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

शहर में गैंगवार और हत्या के लगातार दूसरे मामले के बाद पुलिस अब सख्त तेवर अपना रही है। दूसरी ओर गैंगवार की वारदातों को लेकर अब शहर के कई बड़े बदमाश या तो फरार चल रहे हैं या फिर उन्होंने अपनी गतिविधियां बेहद सीमित कर ली है। इस बीच पुलिस ऑपरेशन क्लीन के जरीए अपराधी तत्वों पर लगाम लगाने की कोशिशों में जुटी है। गुरुवार को ही शुरु हुए इस ऑपरेशन में कई बदमाशों के घरों से हथियार मिले हैं। जिनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बीते मंगलवार स्टेशन पारा निवासी निगरानीशुदा बदमाश परवेज कुरैशी की कंचनबाग अटल आवास

हत्याकांड के चार आरोपी गिरफ्तार

गोल्डी मरकाम उर्फ योगेंद्र की हत्या में शामिल आरोपी राजा निकोसे (25) पिता कैलाश निकोसे, पंकज यादव (26) पिता अश्वनी यादव, चोटी उफ विष्णु सिंह राजपूत (20) पिता सुरेश सिंह राजपूत, खेमु उफ खेमचंद देवांगन (20) पिता मेहत्तर राम देवांगन को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं इस मामले में फरार आरोपियों को भी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। घटना के फरार आरोपी छीन उर्फ पिन्टु उर्फ प्रथम यादव (20) पिता मोहन यादव, नानू उर्फ कामेश्वर यादव (20) पिता अर्जुन यादव, चिन्ना उर्फ विकास दास वैष्णव (21) पिता रामनारायण दास वैष्णव, संजय यादव (22) पिता स्व0 शंकर यादव को टीम द्वारा अलग-अलग जगहों से घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाया गया है।

124 के खिलाफ आर्म्स एक्ट

हाल के दिनों में शहर में बढ़े अपराध के खिलाफ पुलिस ने मुहिम छेड़ दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई, नगर पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चंद्रा, उप पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) मयंक रणसिंह के नेतृत्व में शहर के समस्त थाना प्रभारियों विरेन्द्र चतुवेदी थाना प्रभारी कोतवाली, रूचि वर्मा (प्रशिक्षु) थाना प्रभारी बंसतपुर, चौकी चिखली प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर, चौकी सुरगी प्रभारी शक्ति सिंह, थाना सोमनी प्रभारी शिवेन्द्र सिंह राजपुत और तकनीकी शाखा की अलग-अलग टीम बना कर असमाजिक तत्वों के विरुद्ध देर रात तक कार्यवाही की गई। इस धरपकड़ कार्यवाही में निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, माफी बदमाश एवं वारंटियों के घरों में दबिश देकर चेकिंग की कार्यवाही की गई। राजनांदगांव डिवीजन के सभी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कुल 124 प्रकरणों में 124 आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित थानों में कार्यवाही किया गया।

इलाके में यहीं के 6 बाशिंदों ने क्रूर तरीके से हत्या कर दी थी। गैंगवार के इस मामले से शहर में सनसनी मच गई थी। इस घटना के दो दिन बाद ही राजीव नगर निवासी गोल्डी मरकाम को यहीं के सात युवकों ने मिलकर बसंतपुर गंजमंडी स्थित फल मंडी में देर रात मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान गोल्डी के साथ मौजूद प्रतीक को भी युवकों ने निशाना बनाया जो कि इस हमले में गंभीर रुप से घायल है। बताया जाता है कि गोल्डी भी संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था। युवकों की गैंग ने उससे परेशान होकर उसे मारने की ठानी और हत्या को अंजाम दिया था। इस हत्याकांड के बाद शहर में हड़कंप मच गया था। वहीं मृतक के परिजनों ने राजीव नगर में आरोपियों के वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। हालात बिगड़ता देख यहां पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा था और इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। वहीं इस कांड में शामिल चार आरोपियों ने बसंतपुर पुलिस स्टेशन में अपहरण कर दिया था।

अर्बन में तांडव के बाद रूरल में कम्युनिटी स्प्रेड

ब्लाक में दो दिनों में 17, नगर में 6 पॉजिटिव

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में कोविड ने कम्युनिटी स्प्रेड का रुख अख्तियार कर लिया है। नगर में सदरलाईन में त्रासदी के बाद अब अन्य वार्डों में भी पॉजिटिव आने लगे हैं। नगर सहित ग्रामीण इलाके में कोविड19 के भयावह तस्वीरें जारी है। नगर में दो दिनों में 6 और ग्रामीण में दो दिनों में 17 पॉजिटिव आये हैं। इनमे मोखली में ही 14 व अजुनी में 3 की पुष्टि हुई है।

सीएचसी से आधिकारिक जानकारी मुताबिक नगर में गुरुवार को वार्ड 15 में 2 पिता पुत्र सहित न्यू योगेश रेस्टोरेंट समीप 2 पॉजिटिव हुए थे। शुक्रवार को नगर में वार्ड 6 से 01 व वार्ड 12 से 2 पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। वहीं ग्रामीण इलाके में मोखली में गुरुवार को 7 पॉजिटिव हुए थे। शुक्रवार को मोखली में फिर से 7 एवं अजुनी में 3 की पुष्टि सीएचसी से की गई है। सभी के प्रायमरी कांटैक्ट खंगालने की जद्दोजहद बाकी है।

मुख्यालय में फिर लॉकडाउन : नगर में पॉजिटिव केस लगातार सामने आ रहे हैं। गत पखवाड़े कम्युनिटी स्प्रेड के मद्देनजर नगर में एक सप्ताह पूर्ण लॉकडाउन हुआ था। उपरान्त एक सप्ताह सुबह 7 से 2 बजे तक अवधि में व्यापारिक प्रतिष्ठान खुल रहे हैं। अब नगर व अंचल में कम्युनिटी स्प्रेड के लिहाज से नगर में पुनः पूर्ण लॉकडॉउन की गूंजाईश बढ़ गए हैं।

राष्ट्रवाद की लौ प्रखर करने भाजपा का संकल्प, भाजपाइयों ने घर-घर मनाई पितृपुरुष की जयंती

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रभक्त तथा विचारक पं. दीनदयाल की जन्म जयंती 25 सितम्बर को भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकताओं द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाई। इस दौरान पार्टी हाईकमान के आव्हान् पर कार्यकताओं ने अपने-अपने घरों में तथा कुछ स्थानों पर सामूहिक रूप से पं. दीनदयाल के व्यक्तित्व तथा कृतित्व को याद कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि उनकी पहचान मजबूत और सशक्त भारत के स्वप्नदृष्टा के रूप में सदैव रहेगी। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद विचारधारा दी, जो हमारा ध्येय वाक्य बना। श्रीगांधी ने कहा कि पं. दीनदयाल एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे। उनकी राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी गहरी अभिरुचि थी, उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखे, जो अनेक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। उनके तात्कालिन समय में लिखे गये लेख आज भी प्रासंगिक हैं। इस दौरान रामकिशन माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, चुन्नीलाल यदु, गिरिजाशंकर उयके आदि उपस्थित थे। वहीं अनेक पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अपने - अपने घरों में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। प्रमुख तौर से पूर्व विधायक खेदूराम साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, दीना पटेल, अंजू त्रिपाठी, योगेश पटेल, किशोर यादव, मनीष साहू, कोमल साहू, राजेन्द्र तिवारी, बेदराम ताम्रकार, विजय जैन, संदीप साहू, दुर्गेश सिन्हा सहित अनेक कार्यकताओं ने जयंती मनाते हुए फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट किया।

सड़क दुर्घटना में मौत

राजनांदगांव। जीई रोड में दुपहिया चालक को किसी अज्ञात चार चक्का वाहन ने टक्कर मार दी। बताया गया कि आरोपी चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। घायल अवस्था में राजनांदगांव लाए जाने पर रास्ते में ही दुपहिया चालक ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात लगभग 9:30 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत राजधानी ढाबा के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक विनिवेश सिंह राजपूत पिता प्रेम नारायण सिंह निवासी दल्ली राजहरा अपना यामहा रेसर बाइक पर सवार था जिसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भादवी की धारा 304 (ए) का जुर्म दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

किराए के मकान में ट्यूशन पढ़ाकर गुजर-बसर कर रहे थे, घर से भागे नाबालिग किशोर-किशोरी

■ दो महिने बाद अंबिकापुर में मिले घर लाए गए

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

10 जुलाई को घर से निकली जनता कालोनी निवासी 16 वर्षीय किशोरी अंबिकापुर में दुर्ग निवासी किशोर के साथ बरामद की गई है। पुलिस पिछले दो माह से इन दोनों की तलाश में थी। पुलिस के अनुसार किशोर-किशोरी अंबिकापुर में किराए के मकान में रह रहे थे और ट्यूशन पढ़ाकर गुजर बसर कर रहे थे। मामला नाबालिगों के प्रेम प्रसंग का है जिसके चलते दोनों ही अपने-अपने घरों से फरार हो गए थे।

जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के जनता कॉलोनी निवासी महेन्द्र पाडेण्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षिय नाबालिग बेटी 10 जुलाई की सुबह करीब 10.00 बजे बिना बताये अपनी स्कूटी जुपिटर लेकर कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया गया था। युवती के लापता होने की शिकायत पर पुलिस ने सरगर्मी से उसकी तलाश शुरु की।

दर्जनों जगह पर की छापामार कार्रवाई : इस मामले को लेकर थाना कोतवाली व तकनिकी शाखा की अलग-अलग टीम बनाकर पता तलाश की जा रही थी। दुर्ग-भिलाई टोल प्लाजा में सीसीटीवी फुटेज में किशोरी को अपनी जुपिटर चलाते हुये फुटेज में देखा गया। उसके साथ एक लड़का भी गाड़ी में बैठा देखा गया था। फुटेज के आधार पर उतई, भगाभाँठा, चंपारन, आंरग टोल प्लाजा, फिंगेश्वर, घटारानी, बाबाकुटी, मड़वाडीह रायपुर, महासमुंद एवं अन्य संभावित स्थानों पर अलग-अलग टीम बनाकर रवाना किया गया। टीम द्वारा फुटेज में दिखे सभी संभावित स्थानों के होटल, लॉज में पता तलाश की जा रही थी। सभी जगहों पर दोनों के फोटो प्रिंट पाम्प्लेट चस्पा किए जा रहे थे। साथ ही सोशल मीडिया व्हाट्सएप के माध्यम से भी फोटो वायरल किया गया था। 10 जुलाई को ही इन्हें महासमुंद के एक होटल में सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था। वहां ये दोनो होटल में रात रूके और सुबह वहां से निकल गये। 11 जुलाई को टाटीबंध रायपुर में इन्हें आखिरी बार देखा गया था। इसके बाद से दोनो का कोई अता पता नहीं था। दोनों के ही परिवारजनों एवं मित्रों, शिक्षकों तथा ऐसे लोग जो उनके संपर्क में रहते थे सभी से पुलिस ने पूछताछ कर स्टेटमेंट लिया था। बावजूद इसके पुलिस के हाथ कोई काम की जानकारी नहीं लगी। इसी बीच पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दोनों नाबालिग बच्चों को अंबिकापुर में देखा गया है। इस सूचना पर थाना कोतवाली एवं तकनिकी शाखा टीम द्वारा तत्काल अंबिकापुर रवाना किया गया। टीम द्वारा अंबिकापुर में दोनों बच्चों को सकुशल बरामद किया गया है।

मां-बाप सहित पूरे परिवार ने मिलकर युवक को मार डाला

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

युवक की हरकतों के चलते परेशान परिवार ने अपने ही घर के चिराग को बुझा दिया। लगातार घरेलू विवाद से परेशान पूरे परिवान युवक की हत्या कर दी। इस मामले में मृतक के माता-पिता और भाई - बहन को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर को गैंदाटोला के केसला के एक चंद्रवंशी परिवार में ढालसिंग चंद्रवंशी की गला घोंटकर हत्या की कर दी गई। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मृतक ने वारदात से एक रात पहले घर में काफी हंगामा किया था। अक्सर वह पत्नी और दूसरे सदस्यों के साथ बात-बात पर विवाद करता था। गुरुवार दोपहर को भी नशे की हालत में पहुंचे मृतक ने फिर से विवाद करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज की। पहले से ही मृतक के रवैये से तंग परिजनों को कल मौका मिल गया और उन्होंने आपा खोते हुए सीधे गला दबाकर हत्या कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी अमृतलाल साहू ने बताया कि हत्या में शामिल मृतक के माता-पिता और भाई-बहन समेत 4 को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कृषि विकास का रोडमैप है किसान विधेयक : दिनेश गांधी

■ कांग्रेस पर किसानो की समृद्धि के खिलाफ के आरोप

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

किसान विधेयक किसानों की आय को दोगुनी करने के साथ किसानों के स्वाभिमान को बढ़ाने वाला उनकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि करने वाला और निश्चिंतता से खेती किसानी करने का ग्यारंटी दें वाला विधेयक है। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किसान के हित और कल्याण के लिए लाए गए तीनो विधेयक की भूरि भूरी प्रशंसा करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि देश मे अब किसानी के विकास का रोडमैप प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रस्तुत कर दिया है।

गांधी ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि विपक्ष का विरोध केवल राजनीतिक है,क्योंकि किसानों के कल्याण के लिए लाए गए विधेयक के सारे प्रावधान किसानों को विकास की मंजिल तक ले जाने वाली है। किसान विधेयक बिल के अनुसार राज्य की सीमा के अंदर या फिर राज्य से बाहर, देश के किसी भी हिस्से पर किसान अपनी उपज का व्यापार कर सकेंगे. इसके लिए व्यवस्थाएं की जाएंगी. मंडियों के अलावा व्यापार क्षेत्र में फार्मगेट, वेयर हाउस, कोल्डस्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिटों पर भी किसानों को बिजनेस करने की आजादी होगी। इसी तरह यह इस विधेयक के द्वारा कृषि करार के माध्यम से बुवाई से पूर्व ही किसान को उपज के दाम निर्धारित करने और बुवाई से पूर्व किसान को

मूल्य का आश्वासन देता है। किसान को अनुबंध में पूर्ण स्वतंत्रता रहेगी। वह अपनी इच्छा के अनुरूप दाम तय कर उपज बेचेगा। इससे किसान फसल के खराब होने की आशंका पर अपनी पूर्व में तय किये गए कीमत को प्राप्त कर सकेगा।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीगांधी ने विपक्ष पर किसानों को भड़काने का आरोप लगते हुए कहा कि विपक्ष इस विधेयक से मंडी पद्धति और न्यूनतम समर्थन मूल्य का समापन हो जाने की बात कहकर किसानों को भड़काने का कार्य कर रही है। बल्कि केंद्र सरकार ने किसानों की चिंता को देखते हुए एक महीने पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने एमएसपी में 50 रुपये से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की है। किसानों से उनके अनाज की खरीदी एफसीआई व अन्य सरकारी एजेंसियां एमएसपी पर करेंगी। मंडी के बाहर अच्छे दाम मिलने पर किसानों को मंडी टैक्स से विमुक्ति भी मिलेगी।

सीएमओ ने चेताया, प्रोटोकॉल फॉलो करना जरुरी

राजनांदगांव। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि राजनांदगांव जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा हैं। संक्रमण बढ़ने का मुख्य कारण व्यक्तिगत सुरक्षा में कमी, घर से बाहर निकलने पर नागरिकों द्वारा मास्क नहीं लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करना तथा हाथों को सेनेटाईज नहीं करना है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति मास्क लगाते भी है, तो वे नाक खुला रहते हैं। कोरोना के प्रोटोकाल का पालन ना दुकानदार कर रहे हैं और न ही ग्राहक। उन्होंने कहा कि दुकान में काम करने वाले कर्मचारी व्यक्तिगत सुरक्षा करेंगे तभी हम कोरोना संक्रमण से बच सकते हैं और अपने परिवार को संक्रमण से बचा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा होम आइसोलेशन का विकल्प भी दिया गया है। किन्तु होम आइसोलेशन का विकल्प आसान नहीं है। इसमें कोरोना पॉजिटिव मरीज में किसी प्रकार का भी लक्षण नहीं होना चाहिए। होम आइसोलेशन में किसी भी प्रकार की दिक्क त होने पर दूरभाष क्रमांक 07744-224084 पर संपर्क कर सकते हैं। होम आइसोलेशन में लापरवाही के कारण जिले में दो - तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी है। डॉ. मिथिलेश चौधरी ने कोरोना पॉजिटिव मरीजों एवं उनके घर वालों से अपील की है कि होम आइसोलेशन के प्रोटोकॉल का प्रतिदिन पालन करें एवं सुरक्षित और स्वस्थ रहें।

स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारियों की मांग

पेंशन योजना बहाली के लिए राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ एनएमएसओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु ,छग अंशदायी पेंशन योजना अध्यक्ष राकेश सिंह जिलाध्यक्ष छन्नु लाल साहू के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के अधिकारी कर्मचारी सामूहिक रूप से पोस्टकार्ड में राज्यपाल व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर सन 2004 से बंद पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सन 2004 में नई पेंशन योजना स्कीम लागू किया गया है जो कि मुलत शेयर बाजार व म्युचुअल फंड से जुड़ा

हुआ है नफा नुकसान के आधार पर सेवानिवृत्त होने पर सेवाकाल के बाद टेंशन के जगह एनपीएस के माध्यम से पेंशन के रूप में दिया जाएगा अभी वर्तमान मेंसन 2004 के बाद लगें कई अधिकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्त होने के बाद नई पेंशन स्कीम के तहत महज 1000 से 3000 रुपए मिल रहा है इससे जीवन निर्वहन करना बहुत मुश्किल हो रहा है इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने आगे के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शासन से गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग किए जा रहे हैं। अंशदायी पेंशन योजना संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भोज कुमार साहू ब्लाक ने बताया कि हमारे सेवानिवृत्त होने के बाद नये पेंशन योजना अंधकारमय दिखाई दे रहा है समय रहते पुराने पेंशन लागू नही हुआ तो बुढ़ापे में जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। इस पत्र लेखन में जानिक साहू, महेन्द्र मंडावी, टिकेश्वर मंडावी, धर्मराज साहू, निरंजन लाउत्रे, ललिता मेश्राम, विशेष कंवर, रूपेन्द्र साहू, त्रिवेणी साहू, कुसुम ऊके, सुमन सेन, लता देवांगन, घनश्याम साहू, जशवंत कोढापे, दीपक साहू, विशाल खत्री, रेखा मलगामे शामिल थे।

मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एकात्म मानववाद के प्रणेता, मजबूत और सशक्त भारत के स्वप्न दृष्टा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को राजनांदगांव मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने अपने अपने घरो मे मनाया और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । कोरोना संक्रमण के कारण प्रदेश भाजपा संगठन के आव्हान पर सभी कार्यकर्ता इसे अपने-अपने घरों में रहकर परिवार के साथ मनाये है । इसी कडी मे राजनांदगांव शहर के ब्राम्हण पारा निवासी पूर्व सांसद अशोक शर्मा ने अपने घर मे परिवार के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंति मनाई और उन्हे श्रध्दा सुमन अर्पित किया। भाजपा कार्यालय में भी पंडित दीनदयाल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम मे पूर्व सांसद एवं जिला भाजापा के अध्यक्ष मधुसुदन यादव, सचिन सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी सहित अन्य नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।

हालेकोसा शक्ति केन्द्र में दीनदयाल का जयंती मनाई गई

छुरिया । भाजपा मंडल छुरिया के हालेकोसा शक्ति केंद्र में दीनदयाल जयंती मनाई गई। दीनदयाल उपाध्याय को पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को अनुशरण कर अपने जीवन मे राष्ट्र निर्माण के समर्पित अंत्योदय एव एकात्मता रास्ते चलकर देश सेवा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरिया, किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, किरण साहू उपाध्यक्ष मंडल भाजपा, नैनसिंह पटेल शक्ति केंद्र प्रभारी, शकुन गन्धर्व सरपंच भण्डारपुर, उत्तरानिषाद राजेश मोगरे, प्रेमीचंद साहू, देवसिंह पटेल, ओमलाल साहू, कुमदाससाहू, बाला साहू, केशो साहू, उभेपटेल, गैरसिंग चंद्रवंशी, दुलार सिंग चंद्रवंशी, बृजलाल यादव, देवेंद्र चंद्रवंशी, नगीना यादव, कान्ति यादव, कमला यादव, दुर्योधन साहू, देवपटेल, नरोतम यादव, छबील पटेल सहित सीमित संख्या में कोरोना वायरस के चलते कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजनैतिक गलियारे से....

डॉ. शिशिर उपाध्याय

कोरोना को चुनौती देती रैलियां

देश भर मैं भयानक रुप ले रहे कोरोना से अब तक 91 हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं भोपल मैं प्रतिदिन 300 से ज्यादा इन्दौर,ग्वालियर जबलपुर सहित प्रदेश के हर जिले मैं कोरोना वेलगाम हो रहा मोतों का आंकड़ा बढता जा रहा हैं लेकिन चुनावों के चलते मध्यप्रदेश मैं न तो सोशल डिस्टेंस का पालन माननीय कर रहे हैं न ही कार्यकर्ता चुनावों के लिये कुछ भी करेगें की तर्ज पर भाजपा कांग्रेस के माननीय भारत सरकार के कोरोना से बचाने के सभी नियमों निर्देशों की धज्जियाँ उडाते रोज। नजर आ रहे हैं आम जनता पर नियमों का पालन न करने पर डंडे फटकने बाले हाथ नियमों की धज्जियाँ उडाने बालों की सुरक्षा करते नजर आ रहे हैं

ताकतवर हाथ कब तक खैर मनायेगे

नेता जी ओर नौकरशाही कितनी ताकतवर हैं यह आये दिन नजर आता हैं लेकिन इसवार कुछ मामला बिगड़ता नजर आ रहा हैं मप्र के एक आईएएस पिछले लंबे समय से अपनी ताकत का अहसास करा रहे हैं। ग्वालियर जिला प्रशासन, पूरा राजस्व विभाग और विधानसभा सचिवालय के कुछ कर्मचारी भी इनके कार्य को बचाने में लगे हुए हैं। लेकिन अब यह मामला तूल पकड़ने वाला है। कलेक्टर रहते इन्होंने अनेक स्थानों पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को दी गई पट्टे की जमीनें बेचने की नियम विरुद्ध अनुमति दे डाली। कहते हैं कि इसमें करोड़ों का लेनदेन हुआ है।

मामला विधानसभा पहुंचा तो 2 साल तक तो जवाब ही नहीं आने दिया। फिर संबंधों के आधार पर मामला सामने आने से बचाने मैं सफल रहे लेकिन लोग तो कुछ कहेगें लोगो का काम है कहना विधानसभा सचिवालय में जवाब तो आया बताया गया लेकिन इनकी कार्यप्रणाली के दस्तावेज गायब हैं। जैसे ही विधानसभा में सूचना का अधिकार लगा तो अब विधानसभा सचिवालय राजस्व विभाग से जानकारी मंगा रहा है। बहुत ताकतवर नौकरशाह का यह मामला अब भोपाल से दिल्ली तक उजागर होने के संकेत मिल रहे हैं। देखना यह होगा की कैसे बचेगें।

अपनो ने बिगाडा जायका

कांग्रेस से भाजपा मैं आई नेत्री पूरी तरह से जीत के प्रति आस्वस्थ नजर आ रही थीं लेकिन अपने सामने आने से कड़वाहट बढ़ गई हैं जैसे-जैसे विधानसभा उपचुनाव नजदीक आ रहे हैं। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री इमरती देवी की मिठास कम होती जा रही है। कांग्रेस ने डबरा में भाजपा के सुरेश राजे को टिकट देकर एक तीर से दो निशाने किए हैं। एक ओर सुरेश राजे, इमरती देवी के रिश्तेदार होने के कारण उनके परिवार के वोट ही काटेंगे तो दूसरी ओर लंबे समय तक भाजपा में रहने के कारण उन्हें अपनी पुरानी पार्टी के कार्यकर्ता से भी उम्मीद है। कांग्रेस का टिकट मिलते ही सुरेश राजे ने इमरती पर जानबूझकर एक ऐसा हमला किया है जिससे भाजपा और इमरती दोनों तिलमिलाए हुए हैं। कभी कलेक्टर के दम पर चुनाव जीतने की बात करने वाली, तो कभी प्रदेश के डिप्टी सीएम बनने की डींग भरने वाली इमरती देवी की सारी मिठास अपने समधी सुरेश राजे के एक बयान से ही खटाई में बदल गई है। लेकिन सिंधिया जी के नाम ओर माननीय के काम के सहारे जीत का पूरा भरोसा हैं

डूबते को पहाड़ का सहारा

डूबते को तिनके का सहारा तो सुना होगा, लेकिन यदि पहाड़ का सहारा मिल जाए तो कहने ही क्या? भोपाल में जैन समाज के नाम से बना मेडिकल कॉलेज लगभग डूबने की कगार पर पहुंच गया था। बैंकों ने 117 करोड़ की वसूली के नोटिस अखबारों में छपवा दिए थे। लेकिन अब इस डूबते को पहाड़ का सहारा मिल गया है। बताते हैं कि मप्र सरकार में लगभग 15 साल महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे भाजपा के एक नेता ने मेडिकल कॉलेज संचालन समिति के अध्यक्ष का दायित्व संभाल लिया है। उम्मीद की जा रही है कि इस नेता का सहारा मिलने से जैन समाज का यह संस्थान बैंकों के हाथों बिकने से बच जाएगा।

शिवराज, कमलनाथ की भूमिका मै हूँ न

राजनीति मैं कितना भी उतार चढाव आता रहे एक दूसरे पर कितने भी गंभीर आरोप लगाते रहे लेकिन अंदर खाने सब कुछ ठीक हैं यही हाल कमलनाथ के 15 महीने मुख्यमंत्री रहते हुआ था दोनों नेता एक दूसरे के कार्य पूरी इमानदारी से करते नजर आते हैं न मप्र की राजनीति में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की दोस्ती एक बड़ी मिसाल बनकर उभर रही है। दोनों एक दूसरे के खिलाफ कितने भी तीखे बयान दें, लेकिन दोनों एक-दूसरे की बात कभी नहीं टालते। विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र को एक दिवस में बदलने की बात हो, स्पीकर का चुनाव टालने की बात हो, विधानसभा में सवाल-जवाब का सत्र स्थगित करने की बात हो जैसा शिवराज ने चाहा कमलनाथ ने वहीं किया। यह बात दूसरी है कि कांग्रेस के तमाम विधायक कमलनाथ पर दबाव डालते रहे कि विधानसभा सत्र तीन दिन का हो, स्पीकर का चुनाव इसी सत्र में हो आदि-आदि। ऐसा नहीं है कि कमलनाथ ही शिवराज की सुनते हैं? ऐसे कई उदाहरण है जब कमलनाथ की बात को शिवराज ने न केवल स्वीकारा है बल्कि इसके लिए पार्टी के नेताओं की नाराजगी भी मोल ली है। शिवराजसिंह जी जव पहले मुख्यमंत्री थे तव भी ओर अव भी मध्यप्रदेश मैं पटवा जी अर्जुन सिहं जी की दोस्ती दिग्विजय सिंह पटवा जी जैसी सदभावना ही निभाते नजर आ रहे हैं

मेरा नम्बर कव आयेगा

प्रदेश की शिवराज सरकार मैं कुछ नौकरशाहों ने कलेक्टरी भी जम कर की फिर कमिश्नर आवकारी, परिवहन आयुक्त जैसे पदों पर रहकर खूव सेवा की किसकी यह नही पता लेकिन कुछ अधिकारी मंत्रालय मैं ही रह कर रिटायर्ड हो जाते हैमप्र के अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के आईएएस अधिकारियों को अब जिलों में कलेक्टर की कुर्सियां चाहिए। इसके लिए बकायदा मुख्य सचिव को पत्र लिखा गया है। मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिसके अध्यक्ष वरिष्ठ आईएएस जेएन कंसोटिया हैं, ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर बताया है कि प्रदेश के 53 जिलों में मात्र 2 जिलों में अनुसूचित जाति और 2 जिलों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आईएएस कलेक्टर के रूप में पदस्थ हैं, जबकि प्रदेश में इस वर्ग की जनसंख्या 40 प्रतिशत है। ऐसे में कम से कम 40 प्रतिशत जिलों में दलित एवं आदिवासी वर्ग के आईएएस अधिकारियों को कलेक्टर बनाया जाना चाहिए। देखते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्य सचिव इकबाल बैस पर इस मांग का कितना असर होता है। वैसे शिवराजसिंह जी एवं प्रमुख सचिव इकवाल सिह की कार्यप्रणाली ऐसी नहीं है कि किसी चिठ्ठी या दवाव मैं वदलाव की उम्मीद कर सके ऐसे अधिकारी।

भाजपा के आरोपों का ही जवाब मांगने की तैयारी

कांग्रेस ग्वालियर चंवल संभाग के चुनावों मैं पूर्व भाजपा अध्यक्ष प्रभात झा और पूर्व मंत्री जय भान सिह पवैय्या के सिंधिया पर लगाये आरोपों पर ही जनता से जवाब मांग रही है भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा जयभान सिह पहले सही थे या गलत ग्वालियर संभाग में उपचुनाव से पहले सिंधिया राज परिवार की जमीनी कुंडली आम मतदाताओं के मोबाइल तक पहुंचाई जा रही है। कांग्रेस ने सोची-समझी रणनीति के तहत 117 पेज की यह कुंडली तैयार की है। इसे पीडीएफ के रूप में तैयार कर हर मतदाता के मोबाइल में भेजकर यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया जन सेवा के नाम पर सरकारी जमीनें हथियाने में लगे है। वैसे सिंधिया पर यह आरोप 4 महीने पहले तक भाजपा लगाती थीं। कांग्रेस के आरोप के बाद भाजपा ने चुप्पी साध ली है। सिंधिया की ओर से भी फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जा रही। लेकिन यह तय है कि उपचुनाव सिंधिया की जमीनी कुंडली पर खासा असर डाल सकता है। इन दोनों भाजपा नेताओं की चुप्पी मतदाताओं को वैचैन जरूर कर रही हैं।

पारूल के बाद दीपक पर नजर

मध्यप्रदेश मैं शह और मात के लिए दोनों मुख्य राजनैतिक पार्टियां अपनी पूरी ताकत लगा रही हैं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सागर से भाजपा की पूर्व विधायक पारूल साहू को कांग्रेस में लाकर बुंदेलखंड में भाजपा को तगड़ा झटका दिया है। फिलहाल गोविंद राजपूत और भाजपा के समीकरण उलट-पुलट हो गए हैं। यह बात दूसरी है कि सुरखी में गोविंद सिंह को जिताने की जिम्मेदारी भूपेन्द्र सिंह और गोपाल भार्गव पर रहेगी, इसलिए गोविंद सिंह पर हैं। अब कमलनाथ की नजर पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी को कांग्रेस को लाने पर लग गई है। हाटपिपलिया सीट से जोशी कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं। दीपक जोशी सार्वजनिक रूप से अभी भी यह बयान दे रहे हैं कि उनके लिए सारे रास्ते खुले हैं। यानि हाटपिपलिया में भी सुरखी जैसा कुछ हो सकता है। मालवा क्षेत्र की यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के प्रभाव बाली मानी जाती हैं।

राज्य सरकार हर कदम पर विद्यार्थियों के साथ : शिवराज

पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव कोशिश करें, राज्य सरकार हर कदम पर आपके साथ है।

श्री चौहान द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप क्रय के लिए 16 हजार 208 विद्यार्थियों के खाते में 25 हजार रुपये प्रति छात्र के मान से 40 करोड़ 52 लाख रुपये सिंगल क्लिक द्वारा अंतरित किए गए। योजना के तहत इस वर्ष 40 हजार 542 विद्यार्थियों को 101 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की जानी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना बंद कर दी गई थी। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर छात्रों को प्रोत्साहन देने, हौसला बढ़ाने और प्रतिस्पर्धी भाव पैदा करने वाली यह योजना आज पुन- आरंभ की जा रही है। कोविड-19 के कारण विद्यार्थियों को यह प्रोत्साहन वर्चुअल आधार पर दिया जा रहा है। अन्यथा मुझे सर्वाधिक खुशी तो भांजे-भांजियों से मिलने पर होती है। श्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को पं. दीनदयाल उपाध्याय से प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन किया पर कभी हिम्मत नहीं हारी। अपनी प्रतिभा के बल पर संगठन खड़ा किया और विश्व को एक नया विचार दिया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन भी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। संघर्षपूर्ण परिस्थितियों से निकले श्री मोदी के संगठन कौशल की सराहना करते हुए श्री चौहान ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में नये गौरवाशाली, वैभवशाली, संपन्न, समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ अपनी रूचि और प्रवृति के क्षेत्र में आगे बढ़े। श्री चौहान ने कहा कि व्यक्ति जो भी लक्ष्य निर्धारित करता है उसे प्राप्त करने का रोडमेप विकसित कर दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयासरत रहे तो उसे सफलता अवश्य मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत मुझे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाना है। इसके लिए आपके जीवन का निर्माण आवश्यक है। श्री चौहान ने छात्रों से स्वतंत्र सोच, सतर्क मस्तिष्क अहंकार शून्यता और धैर्य रखते हुए हिम्मत व उत्साह के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि 'मन के हारे हार है-मन के जीते जीत' के मंत्र को सदा ध्यान रख अनुसरण करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने 12वीं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से बात की

श्री चौहान ने मिंटो हाल में प्रतीक स्वरूप भोपाल के छह विद्यार्थियों क्रमश: रजनीश सिंगरोले, सुमित शुक्ला, अंचल जैन, अंजली मिश्रा, इलमा खान और शैल्या सिंह को प्रशस्ति पत्र तथा चैक प्रदान किए। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए योजना को पुन: आरंभ करने पर मुख्यमंत्री का आभार माना। कार्यक्रम को आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राम खेलावन पटेल तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरुण शमी उपस्थित थीं। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना 2009 में आरंभ हुई थी। प्रारंभ में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लेपटॉप लेने के लिए राशि प्रदान की जाती थी। वर्ष 2013 से अशासकीय विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ प्रदान किया जाने लगा। इस बार वर्ष 2020 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 हजार 542 विद्यार्थियों को 25 हजार प्रति विद्यार्थी के मान से 101 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा रही है। भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्य म के साथ-साथ जिलास्तर पर भी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र तथा चैक प्रदान किए गए। यह कार्य म वेबकॉस्ट, यू-ट्यूब, फेसबुक पर उपलब्ध था साथ ही दूरदर्शन अन्य प्रमुख चैनलों द्वारा भी प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों से बातचीत की।

प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार करने पर भी भाजपा को उपचुनाव जीतने में कठिनाई नहीं होगी : सिंधिया

अशोकनगर। भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि यदि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी मध्य प्रदेश विधानसभा की 28 सीटों के लिए होने वाले आगामी उपचुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में चुनाव प्रचार करतीं हैं, तो भी भाजपा को उपचुनाव जीतने में कोई कठिनाई नहीं होगी। सिंधिया ने एक सवाल के जवाब में अशोकनगर जिले के राजपुर में संवाददाताओं से कहा, कि ये मेरा मध्य प्रदेश एवं मेरा ग्वालियर-चंबल संभाग सबका स्वागत करता है। (इस उपचुनाव में प्रियंका के चुनाव प्रचार करने से भी भाजपा को) कोई कठिनाई नहीं होगी। उनसे मध्य प्रदेश विधानसभा के आगामी उपचुनाव में, विशेष रूप से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में प्रियंका गांधी द्वारा चुनाव प्रचार करने की संभावनाओं पर सवाल पूछा गया था। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सिंधिया का गढ़ कहलाता है और प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में से 16 सीटें इसी इलाके में आती हैं। राज्यसभा सदस्य सिंधिया ने दावा किया कि इन सभी 28 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा का परचम लहरायेगा और आगे आने वाले वर्षों में हम प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कमलनाथ के नेतृत्व वाली 15 महीने की पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार ने भ्रष्टाचार कर प्रदेश को तबाह कर दिया था।

सिंधिया को उनके गढ़ में घेरने के लिए सचिन पायलट भी आएंगे, प्रियंका गांधी का होगा रोड शो

भोपाल। मध्यप्रदेश में होने वाले उपचुनावों में जीत का परचम फहराने के लिए कांग्रेस एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। जहां चुनावों की घोषणा होने के पहले ही कांग्रेस ने जनसंपर्क शुरू कर दिया था, वही सबसे पहले 15 नामों की घोषणा भी कर दी। ग्वालियर-चंबल की 16 सीटों के लिए कांग्रेस सिंधिया को घेरने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके लिए प्रियंका गांधी भी कांग्रेसी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करती नजर आएंगी। उनका एक रोड शो आयोजित किया जाएगा। इधर भाजपा के लिए प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया ही सबसे बड़े चेहरे रहेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी। उनका ध्यान ग्वालियर-चंबल पर रहेगा। चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद स?क के रास्ते आगरा से धौलपुर होते हुए मध्यप्रदेश पहुंचेगी। यहां से पहले मुरैना आएंगी। इसके बाद अंबाह, दिमनी, मेहगांव, गौहद और ग्वालियर पूर्व में रोड शो करेंगी। इसके अलावा ग्वालियर, डबरा और भांडेर में रोड शो के साथ ही सभाएं भी करेंगी। मध्य प्रदेश की 28 उपचुनाव सीटों में से 16 ग्वालियर-चंबल से है। ऐसे में कांग्रेस इस क्षेत्र से बागी होकर भाजपा में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया को घेरने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ रही है। प्रियंका गांधी के साथ ही सचिन पायलट को भी प्रचार के लिए लगाया जाएगा।

किसान कर्जमाफी को लेकर विधानसभा में दी गई जानकारी से पलटी शिवराज सरकार

भोपाल। मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार विधान सभा में किसानों की कर्जमाफी को लेकर अपने ही कृषि मंत्री की ओर से दी गई जानकारी को अब गलत बता रही है। 21 सितंबर को कृषि मंत्री कमल पटेल ने विधानसभा में जानकारी दी थी कि कमलनाथ सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया था, लेकिन अब शिवराज सरकार के दूसरे मंत्री भूपेन्द्र सिंह का कहना है कि विधानसभा में गलत जानकारी दी गई। उन्होंने इसकी जांच का आदेश दे दिया है। मध्यप्रदेश में किसान कर्ज माफी को लेकर सियासत तेज हो गई है। कर्ज माफी पर विधानसभा में दी गई जानकारी को अब कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ने गलत ठहरा रहे हैं। कृषि मंत्री कमल पटेल ने जो जानकारी दी थी वह ठीक नहीं है। कर्ज माफी के आंकड़ों को गलत तरीके से दिया गया है। प्रदेश में कर्ज माफी नहीं हुई है। तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने 10 दिन में कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन 15 महीनों के अंदर भी उन्होंने इस वादे को पूरा नहीं किया। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में कर्ज माफी नहीं हुई है। कर्ज माफी में सिर्फ आंक?ों का खेल खेला गया है। विधानसभा में कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह के एक सवाल पर कृषि मंत्री कमल पटेल ने जवाब दिया था कि प्रदेश में 51 जिलों में किसान कर्ज माफी हुई है। राज्य सरकार ने विधानसभा में बताया कि 27 दिसंबर 2019 से पहले किसान कर्ज माफी का पहला चरण और उसके बाद किसान कर्ज माफी का दूसरा चरण चलाया गया था। विधानसभा में शिवराज सरकार ने यह भी माना कि प्रदेश में किसानों का एक लाख रुपए तक का कर्जा माफ हुआ है।

28 सीटों पर चुनाव की तारीखों की घोषणा 29 सितंबर से पहले नहीं

सिंधिया खेमे के भाजपा में जाने से 25 सीटें खाली हुई थीं, 3 सीटें विधायकों के निधन की वजह से खाली

- सिंधिया के सामने ग्वालियर-चंबल की उन 16 सीटों को बचाने की चुनौती होगी, जिन पर उनका प्रभाव है
- सिंधिया समेत कांग्रेस के 22 विधायकों के भाजपा में जाने से मध्य प्रदेश में 15 महीने की कमलनाथ सरकार गिर गई थी

पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्य प्रदेश में 28 सीटों पर उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा 29 सितंबर से पहले नहीं होगी। चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान करते वक्त कहा कि उपचुनावों को लेकर 29 सितंबर को मीटिंग की जाएगी।

मध्य प्रदेश के उपचुनावों में भाजपा की अपनी सत्ता बचाने और कमलनाथ की छह महीने पहले खोई सत्ता वापस पाने की लड़ाई है। साथ ही, इस उपचुनाव में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया की साख भी दांव पर लगी है। क्योंकि, जिन 28 सीटों पर उपचुनाव हो रहा है उनमें 16 सीटें सिंधिया के प्रभाव वाले ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की है।

प्रदेश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर क्यों हो रहा चुनाव

मध्य प्रदेश में 28 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होने हैं। पहली बार प्रदेश में इतने बड़े पैमाने पर उपचुनाव हो रहे हैं। इसका कारण प्रदेश में मार्च में हुआ सियासी फेरबदल है। दरअसल, इसी साल 10 मार्च को ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस के 22 विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद अल्पमत में आई कमलनाथ सरकार गिर गई थी।

कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा देने से 22 सीटें खाली हो गई थीं। इसके बाद जुलाई में बड़ा मलहरा से कांग्रेस विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी और नेपानगर से कांग्रेस

विधायक सुमित्रा देवी कसडेकर ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन कर ली। फिर मांधाता विधायक ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा का झंडा पकड़ लिया। इसके अलावा, 3 विधायकों का निधन हो गया। यानी कुल 28 विधानसभा सीटें रिक्त हो गईं।

शिवराज, कमलनाथ, सिंधिया की प्रतिष्ठा दांव पर

सिंधिया को उन 22 सीटों, जिसमें 16 सीटें उनके प्रभाव क्षेत्र ग्वालियर-चंबल की हैं, उन्हें बचाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुख्य मुकाबला ग्वालियर-चंबल की 16 सीटों पर होगा। भाजपा जहां अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए सदस्यता अभियान चला रही है, वहीं कांग्रेस भी दोबारा सत्ता में आने का भरसक प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने 15 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है, वहीं भाजपा के 25 सीटों पर प्रत्याशी लगभग तय हैं। लेकिन, उनके नाम की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ ही भाजपा के दिग्गज नेता मध्य प्रदेश में डेरा जमाए हुए हैं। कांग्रेस की तरफ से चुनाव प्रचार क जिम्मा कमलनाथ ने संभाल रखा है।

जिन 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें से 27 पर पहले कांग्रेस का कब्जा था- राज्य की जिन 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें से 27 पर पहले कांग्रेस का कब्जा था। ऐसे में कांग्रेस के लिए यह ब?ी प्रतिष्ठा का सवाल है। प्रदेश में 230 सदस्यीय राज्य विस में बहुमत के लिए 116 सीटें होना जरूरी हैं। अगर भाजपा उपचुनाव में बेहतर प्रदर्शन करती है तो उसकी सरकार और स्थिर होगी। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस की कोशिश है कि वह 20 या उससे ज्यादा सीटें जीत ले, जिससे की एक बार फिर प्रदेश में सत्ता पलट सकती है।

सशक्त व समृद्धशाली भारत चाहते थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय-अमर

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मजबूत सशक्त समृद्ध शाली भारत चाहते थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी उक्त उद्गार प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद करते हुए अपने निज निवास स्थान राजेंद्र नगर बिलासपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।

इस दौरान अग्रवाल ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए एवं उन्हें याद करते हुए कहा कि देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा उन्होंने दी भारत की सनातन विचारधारा को युगा अनुकूल रूप से प्रस्तुत करते हुए भारत को पुनः सोने की चिड़िया एवं विश्व गुरु के रूप में देखना चाहते थे वह 1937 में कानपुर में बी.ए. की पढ़ाई कर रहे थे तब अपने सहपाठी बालू जी महाशब्दे की प्रेरणा से संघ के संस्थापक डॉ.हेडगेवार जी का सानिध्य कानपुर में ही मिला वे संघ का प्रशिक्षण पूर्ण कर संघ के जीवन व्रति प्रचारक हो गए अजीवन संघ के प्रचारक रहे 21 अक्टूबर 1951 को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ।

उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने इस अधिवेशन में 15 प्रस्ताव में से 7 प्रस्ताव उपाध्याय जी ने प्रस्तुत किए इस दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने उनकी कार्यकुशलता और क्षमता से प्रभावित होकर कहा कि यदि मुझे 2 दिनदयाल मिल जाए तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूं सन 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए मात्र 43 दिन अध्यक्ष रहे 10 एवं 11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म आज ही के दिन 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान ग्राम में हुआ था अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सहारा जीवन देश के लिए समर्पित रहा हमें उनके बताए मार्गो एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान अग्रवाल ने उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवीण दुबे युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर लाला भाभा एवं आलेख वर्मा भी उपस्थित थे।

गौरेला-पेण्ड्रा-नगर पंचायत को नगरपालिका बनाने की घोषणा पर नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री का राजस्व मंत्री ने जताया आभार

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के नवगठित जिले गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के नगर पंचायत गौरेला और नगर पंचायत पेण्ड्रा को नगर पालिका का दर्जा देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने इन नगर पंचायतों के भ्रमण के दौरान वहां के नागरिकों की इस संबंध में भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिस पर मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं को देखते हुए इन दोनों ही नगर पंचायतों को नगर पालिका का दर्जा देने की घोषणा की है।

अमित जोगी ने समाप्त किया अनशन

बिलासपुर। मरवाही, बिजली समस्या की माँग को लेकर अनशन पर बैठे थे अमित जोगी। आज अपनी माँ के हाथ से मौसम्बी का जूस पीकर अमित जोगी ने अपना अनशन समाप्त किया। सरकार ने उनकी माँग को पूरा करते विद्युत सप्लाई को मनेंद्रगढ़ फ़ीडर से पुनः जोड़ने और नया ट्रान्स्फ़ॉर्मर रवाना करने के लिए दिल से धन्यवाद।आशा करता हूँ कि भविष्य में बिना अनशन के हमें कनेक्शन मिलता रहेगा ।

बिल की तरफदारी करना छोड़ पश्चयाताप करें बृजमोहन अग्रवाल : विकास तिवारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कृषि संबंधी बिल को लेकर कांग्रेस भाजपा पूरी तरह से आमने-सामने आ गई है, गुरुवार को प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र सरकार की ओर से पारित की गई दोनों बिलों के समर्थन में एक प्रेस कांफ्रेंस की थी, इस पर कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने पलटवार करते हुई कहा है कि किस मुंह से बृज मोहन अग्रवाल यह बात कर रहे हैं, यह उसी पार्टी के नेता है, जो 2100 रूपये धान का समर्थन मूल्य का बात किया था, 300 रूपये साल का बोनस का बात किया था, लेकिन किसानों को दिया नहीं, जुमलेबाजी किया था।

विकास तिवारी ने कहा कि अपने शासनकाल में 1350 रूपये में धान खरीदा और आखिरी के साल में MSP 1750 रूपये में खरीदा गया, वोट के नाम पर किसानों को छलने वालों को यह बताना चाहिए कि उनके शासन काल में कृषि का रकबा क्यों कम हुआ, किन कारणों से 10 क्विंटल धान खरीदने का तुगलकी फरमान का आदेश भी कृषि मंत्री रहते हुए, इनके ही शासन काल में 8 हजार से अधिक गौ माता आरएसएस और भाजपा नेताओं के गौ शाला में भूख से तड़प कर मृत पाई गई थी और आज मोदी जी के आगे नंबर बढ़ाने के लिए फिर जुमलेबाजी कर रहे है। कांग्रेस पार्टी इस किसान विरोधी बिल के लिए सड़क से लेकर लड़ाई लड़ेगी, और पूर्व कृषि मंत्री को तो बिल पर यकीन दिलाने के बजाए पश्चयाताप करना चाहिए कि उनके शाशन काल में किसानों की दुर्गति हुई थी और किसान आत्महत्या करने के लिए तक मजबूर हुए थे।

झीरम घाटी नक्सली हमले की सुप्रीम कोर्ट में 28 को होगी सुनवाई

रायपुर। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 2013 के छत्तीसगढ़ के झीरम घाटी नक्सली हमला मामले की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग द्वारा कुछ अतिरिक्त गवाहों से पूछताछ से इनकार किये जाने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर 28 सितंबर को सुनवाई की जायेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम. आर. शाह की खंडपीठ के समक्ष दलील दी कि आयोग ने छह अहम गवाहों के बयान दर्ज करने का अनुरोध अस्वीकार करते हुए जांच समाप्त कर दी थी। सिंघवी के अनुसार, आयोग ने कांकड़ के जंगल कल्याण प्रशिक्षण स्कूल के निदेशक बी के पंवार का बतौर विशेषज्ञ बयान दर्ज करने से मना कर दिया और उनसे पूछताछ करने का राज्य सरकार का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके साथ ही उन्होंने आयोग की कार्यवाही बंद कर दी। इसके बाद न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले में 28 सितम्बर को सुनवाई करेगा।

ट्यूलिप पोर्टल पर अब 30 सितंबर तक इंटर्नशिप का मौका

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के ट्यूलिप इंटर्नशिप कार्यक्रम में शामिल होने युवा अब 30 सितंबर तक अपने आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत इंजीनियरिंग, साइंस, मेडिकल, लॉ, कला, पत्रकारिता, समाज कल्याण एवं जनसंपर्क सहित विभिन्न संकायों के 300 रिक्तियों पर आवेदन किए गए हैं। इन युवाओं को इंटर्न कार्यक्रम पूरा करने पर भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ट्यूलिप कार्यक्रम के जरिए सर्वाधिक युवाओं को अवसर प्रदान कर देश में प्रथम स्थान पर है।

ट्यूलिप इंटर्नशिप पोर्टल की लिंक http://internship.aicte-ढ्ढठ्ठस्रढ्ढड्ड.श्हद्द पर जाकर अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रेषित करें।ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी तरह की सहायता के लिए मोबाइल नंबर-7970003285 पर संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत बी.टेक, बी.प्लान, बी.टेक सिविल, बी.आर्किटेक, बी.टेक आईटी/सीएस/ मैकेनिकल/ कैमिकल/ इलेक्ट्रिकल, बीएससी हार्टीकल्चर, बीए इकोनॉमिक/ सोशलॉजी/ एनवायरमेंटल स्टडी, बीएससी वेटरनरी साइंस, बीए, बीएससी, बीसीए, एमबीबीएस, बीएचएमएस, बीएएमएस और नर्सिंग एवं एमपीडब्ल्यू आदि संकाय के छात्र खुद को रजिस्टर करें।

इंटर्नशिप के लिए ऐसे करें आवेदन

आवेदन करने के लिए युवाओं को 'ट्यूलिप' पोर्टल की लिंक http://internship.aicte-india.org पर जाना है। लिंक पर जाकर युवाओं को 'रजिस्टर' पर क्लिक करना है और उपलब्ध विकल्पों में अपनी श्रेणी का चयन करना है। इसके बाद संस्थान का नाम, नामांकन संख्या, नाम, ईमेल आईडी जैसे मूल विवरण भरकर खुद को पंजीकृत करना है। साथ ही सत्यापन लिंक के लिए अपने ईमेल की जांच कर सत्यापन के लिए क्लिक करना है। ईमेल आईडी का उपयोग करके लॉगिन कर और विवरण फॉर्म भरने व आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के लिए पासवर्ड बनाना है। उपलब्ध विकल्पों की सूची से इंटर्नशिप कार्यक्रम का चयन कर आवेदन करें।

विशेष महानिदेशक नक्सल अभियान अशोक जुनेजा पंहुचे पामेड,जवानों और ग्रामीणों से हुए रूबरू

बीजापुर। विशेष महानिदेशक,नक्सल अभियान अशोक जुनेजा ने जिले के अंतिम छोर पर बसे पामेड का शुक्रवार को दौरा किया। उनके साथ पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी एवं पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप उपस्थित थे। अशोक जुनेजा थाना पामेड के सुरक्षाबल के अधिकारी एवं जवानों से रूबरू हुए। क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों तथा उनके विरूद्ध किये जा रहे कार्यवाही के संबंध में डीआरजी/एसटीएफ/ सीआरपीएफ/सीएएफ के अधिकारी व जवानों से चर्चा की। सीआरपीएफ उप महानिरीक्षक कोमल सिंह,पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप एवं जिला पुलिस बल,अर्द्धसैनिक बल के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और अंदरूनी क्षेत्र और सीमावर्ती इलाकों में माओवादियों के विरूद्ध चलायी जा रही नक्सल विरोधी अभियान के तहत माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के संबंध में चर्चा की। बैठक में विशेष महानिदेशक, नक्सल अभियान अशोक जुनेजा ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रत्येक पुलिस थाना,चौकी,कैम्प को विकसित करने का प्रयास किया जायेगा ताकि अंदरूनी क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सुरक्षा के साथ-साथ विकास कार्यों का भी लाभ प्राप्त हो सके।

लॉक डाउन में मिल्क पार्लर की आड़ में होटल से एनी सामानों का विक्रय, निगम द्वारा की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आज नगर पालिक निगम रायपुर की जोन क्रमांक 9 की टीम ने जोन के तहत आने वाले जी. ई. रोड तेलीबांधा के जनता होटल को टोटल लॉकडाउन में मिल्क पार्लर की आड़ लेकर पूरी तरह नियम तोड़ते हुए होटल का संचालन कर प्रतिदिन मिल्क पार्लर को आड़ बनाते हुए होटल के सामानो का नियम विपरीत तरीके से विक्रय किये जाने की जनशिकायत पूरी तरह से आज स्थल पर सही मिलने पर तत्काल जनता होटल को तत्काल ताला लगाकर सीलबंद करने की कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही नगर निगम जोन 9 के जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में और जोन कार्यपालन अभियन्ता हरेन्द्र कुमार साहू,जोन सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा, सहायक अभियन्ता प्रवीण साहू, उपअभियन्ता अंशुल शर्मा, अबरार खान की उपस्थिति में की. कार्यवाही के दौरान स्थल पर तेलीबांधा पुलिस थाना की पेट्रोलिंग वेन एवं जनता होटल के सम्बंधित संचालक का भतीजा भी उपस्थित था. तेलीबांधा पुलिस थाना में टोटल लॉकडाउन के दौरान होटल संचालन करने पर सम्बंधित होटल संचालक को पुलिस थाना में बुलवाया गया।

सभी सीईओ को राज्य सरकार ने लिखा पत्र. 2 अक्टूबर के आयोजन को लेकर जारी किया निर्देश

रायपुर। महात्मा गांधी की जयंती मनाने को लेकर राज्य सरकार ने निर्देश जारी किया है। पंचायत विभाग के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी की तरफ से सभी जिला पंचायत सीईओ को भेजे निर्देश में सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। इसी दिन महात्मा गांधी के जन्म की 150वीं वर्षगाठ का समापन भी किया जायेगा। आदेश में कहा है कि 2 अक्टूबर को समारोह मनाया जाये।

कोविड-19 मरीजों के मानसिक स्वास्थ्यगत समस्याओं के निवारण के लिए हर जिले में जारी किए जाएंगे फोन नम्बर

स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक ने की कोविड केयर सेंटरों और होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे मरीजों के कांउसिलिंग व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक नीरज बंसोड़ ने प्रदेश के कोविड अस्पतालों, कोविड केयर सेंटरों और होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे मरीजों के काउंसिलिंग की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कोविड-19 के मरीजों को तनाव, चिंता, उदासीनता और अवसाद से मुक्त रखने उनके मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल पर जोर दिया। बंसोड़ ने ऑनलाइन समीक्षा बैठक में सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, जिला कार्यक्रम प्रबंधकों, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारियों, साइकेट्रिस्ट, वीकेएन प्रशिक्षित चिकित्सकों, सामुदायिक और साइकेट्रिक नर्सों, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट्स तथा साइकेट्रिक सोशल वर्कर्स को कोरोना संक्रमितों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं ने बैठक में क्वारंटाइन और आइसोलेशन में रह रहे लोगों में मानसिक तनाव दूर करने के लिए ऑडियो-विजुअल माध्यम से मनोरंजन की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कोविड-19 मरीजों के मानसिक स्वास्थ्यगत समस्याओं के निवारण के लिए टेलीफोनिक परामर्श हेतु हर जिले में फोन नम्बर जारी करने कहा।

बंसोड़ ने सभी कोविड केयर सेंटर्स में कम से कम एक तकनीकी स्टॉफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए जिससे कि मानसिक समस्या से जूझ रहे मरीजों की पहचान की जा सके। उन्होंने सभी जिलों मे एन्जायटी एवं डिप्रेशन के दवाइयों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने कहा। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक ने जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम को प्रत्येक विकासखंड में आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति की समय-समय पर अनिवार्य रूप से काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइकोलॉजिकल फर्स्ट-एड के लिए आइसोलेशन वार्ड मे पदस्थ सभी स्टॉफ को आगामी अक्टूबर महीने में प्रशिक्षण देने कहा। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल मे लोगों में तनाव, एंग्जायटी, उदासीनता, अवसाद जैसे मानसिक विकारों मे वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ में भी इनके मामले बढ़े हैं। प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को काउंसलिंग सुविधा प्रदान की जा रही है। निमहंस बंगलुरु द्वारा प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों एवं आर.एम.ए. द्वारा कई जिलों में कोविड-19 के मरीजो की काउंसलिंग की जा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403